

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 3, अंक : 03 रांची, शनिवार, 13 दिसम्बर, 2025 (पौष, कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## संक्षिप्त

### परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए आये लाखों आवेदन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन जोर-शोर से जारी है। 2018 से शुरू हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा तनाव से मुक्त कर आत्मविश्वास बढ़ाना है। इसमें पीएम मोदी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करते हैं। परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 11 जनवरी तय है। कार्यक्रम जनवरी के अंत या फरवरी की शुरूआत में होने की संभावना है। रजिस्ट्रेशन खुलते ही मायजीओवी प्लेटफॉर्म पर आवेदन तेजी से बढ़े हैं और कुछ ही हफ्तों में 8 लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी पंजीकरण संख्या करोड़ों तक पहुंचने की उम्मीद है।

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बयानबाजी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एक मानहानि मामले की सुनवाई शुक्रवार को टल गई। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने समय लेने के कारण आज सुनवाई स्थगित हो गई। कोर्ट ने अब अगली सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की तिथि तय की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह होनी थी, लेकिन अधिवक्ता के समय लेने के कारण सुनवाई टाल दी गई। अब 23 दिसम्बर को राहुल गांधी के अधिवक्ता गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह करेंगे। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। हनुमानगंज निवासी मिश्रा का आरोप है कि 2018 के कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी।

### बाबरी मस्जिद के बाद अब बंगाल में राम मंदिर की तैयारी

**कोलकाता।** विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल में मंदिर-मस्जिद की राजनीतिक जंग तेज हो गई है। गुरुवार को सॉल्ट लेक के कई इलाकों में अयोध्या की तर्ज पर विशाल राम मंदिर परिसर बनाने के पोस्टर सामने आए। इन पोस्टरों में स्कूल, अस्पताल, वृद्धाश्रम और कई सामाजिक सुविधाओं का वादा किया गया है। पोस्टर स्थानीय भाजपा नेता संजय पोयरा के नाम से लगाए गए हैं। सिटी सेंटर, करूणामयी और बिधाननगर के अन्य प्रमुख इलाकों में लगे इन पोस्टरों में दावा किया गया है कि लगभग चार बीघा जमीन पर अयोध्या जैसा राम मंदिर बनाया जाएगा। लोगों से मंदिर निर्माण के लिए प्रतीकात्मक रूप से एक रुपया दान देने की अपील भी की गई है। यह घटनाक्रम ठीक उसी समय आया है, जब कुछ दिन पहले निलंबित तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद के रेजीनगर में बाबरी मस्जिद मॉडल पर आधारित एक मस्जिद का शिलान्यास किया था।

# झारखंड में मड़ुआ क्रांति शुरू : 32,911 किसानों के खातों में 15.63 करोड़ हस्तांतरित




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मोटे अनाज को प्रोत्साहन के लिए झारखंड मिलेट मिशन का नया नाम झारखंड मड़ुआ क्रांति रखने की घोषणा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची स्थित पशुपालन निदेशालय के सभागार में आयोजित लाभुक प्रोत्साहन राशि हस्तांतरण कार्यक्रम के दौरान की। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में मड़ुआ के प्रति बढ़ती रुचि और किसानों की स्वीकार्यता को देखते हुए यह बदलाव किसान हित में किया गया है। कार्यक्रम में मंत्री ने राज्य के 32,911 किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 15 करोड 63 लाख 24 हजार 900 रुपये की प्रोत्साहन राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 18 हजार किसानों को मोटे अनाज की खेती पर प्रोत्साहन राशि का लाभ मिला था। मंत्री ने कहा कि अब लक्ष्य 60 हजार किसानों तक इस लाभ को पहुंचाने का लक्ष्य है। पहले जहां 20 हजार हेक्टेयर में मड़ुआ की खेती होती थी, वहीं आज यह बढ़कर एक लाख हेक्टेयर को पार कर चुका है। उन्होंने कहा कि मड़ुआ की खेती में दूसरे फसलों की तुलना में मुनाफा अधिक है।

मंत्री ने बताया कि धान अधिप्राप्ति केंद्र की तर्ज पर अब मड़ुआ अधिप्राप्ति केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं। पहले चरण में गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिलों को चिन्हित किया गया है। इन जिलों के 17 लैंप्स-पैक्स केंद्रों के माध्यम से किसानों से मड़ुआ की खरीद की जाएगी। आगामी एक सप्ताह में इस सुविधा के शुरू होने की उम्मीद जताई गई। मंत्री ने बताया कि मड़ुआ का दर बाजार मूल्य के आधार पर तय किया जाएगा।

### बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना प्राथमिकता : मंत्री

विभाग मड़ुआ की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर तैयार उत्पादों को अस्पताल, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाने की योजना पर भी काम कर रहा है। मंत्री ने कहा कि बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गलत आंकड़ा देने की शिकायतें मिली हैं। इसकी जांच कराई जा रही है और पुष्टि होने पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में कृषि निदेशक भोर सिंह यादव, समिति के निदेशक विकास कुमार, उद्यान विभाग संयुक्त निदेशक शशि भूषण अग्रवाल, विभागीय अधिकारी तथा दुमका, रांची, खूंटी सहित अन्य जिलों के किसान मौजूद थे।

# केंद्रीय कैबिनेट : जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ का बजट मंजूर

## पहली बार देश में होगी डिजिटल जनगणना, 30 लाख कर्मचारियों को लगाया जाएगा काम पर

**जनगणना 2027 दो चरणों में पूरी होगी, पहले चरण के तहत अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच घरों की सूची और गणना होगी**

**इसके बाद फरवरी 2027 में आबादी की गिनती की जाएगी**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 2027 की जनगणना के लिए 11,718 करोड़ के बजट को मंजूरी दी गई है। पहली बार देशभर में डिजिटल जनगणना होगी। इसके लिए 30 लाख कर्मचारियों को काम पर लगाया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट में तीन बड़े और महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। सबसे पहला फैसला जनगणना 2027 को लेकर है। जनगणना जो देश की बहुत बड़ी प्रक्रिया है। उसके लिए 11,718 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया गया है। दूसरा, देश के कोयला सेक्टर में बड़ा रिफॉर्म किया गया है- कोल सेतू के माध्यम से। तीसरा किसानों के कल्याण के लिए बड़ा कदम उठाया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2027 से देशभर में जनगणना होगी। यह जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना होगी, जो अप्रैल से सितंबर 2026 तक होगी जबकि दूसरे चरण के तहत जनसंख्या की गणना होगी, जो फरवरी 2027 से होगी।




### कोयले के उत्पादन में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा भारत

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत कोयले के उत्पादन में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। 2024-2025 में भारत ने ऐतिहासिक रूप से एक अरब टन से ज्यादा कोयले का उत्पादन किया है। पहले कोयले के इंपोर्ट पर हमारी जो निर्भरता थी, अब वो करीब-करीब बहुत कम हो गई है। कोयले के इंपोर्ट पर निर्भरता कम होने से हमने 60 हजार करोड़ रुपये बचाए हैं। भारत की जनगणना देश की आबादी, जनसांख्यिकी, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और संसाधनों के वितरण का एक व्यापक सर्वेक्षण है। यह भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन रजिस्ट्रार जनरल और सेंसस कमिश्नर द्वारा संचालित की जाती है।

### केंद्र सरकार ने नारियल के एमएसपी में किया इजाफा

**केंद्र** सरकार की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 2026 सीजन के लिए नारियल के दोनों प्रकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में शुक्रवार को बढ़ोतरी करने का फैसला किया। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। वैष्णव ने बताया कि किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के लिए 2026 सीजन के लिए नारियल गिरी मिलिंग ग्रेड के एमएसपी में 400 रुपये और नारियल गोला के एमएसपी में 445 रुपये की वृद्धि की गयी है। सीजन 2014 के मुकाबले यह बढ़ोतरी क्रमशः 127 और 129 प्रतिशत की है। इस फैसले के बाद नारियल गिरी मिलिंग ग्रेड का नया एमएसपी 12,027 प्रति कुंतल और नारियल गोला का नया एमएसपी 12,500 प्रति कुंतल हो गया है। वैष्णव ने कहा कि इसका उद्देश्य देश और विदेश में नारियल उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए किसानों को खोपरा (सूखा नारियल) उत्पाद बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में 33 लाख के 10 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण




**एजेंसी**

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज के समक्ष शुक्रवार को 33 लाख के इनामी 10 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इस अवसा पर डीआईजी सीआरपीएफ आनंद सिंह कलेक्टर देवेश ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा, सर्व आदिवासी पदाधिकारी सहित समाज-प्रमुखों, पुलिस अधिकारियों और बड़ी संख्या में जवान उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार की मंशा के अनुरूप स्थानीय समाज, पुलिस, स्थानीय प्रशासन तथा सुरक्षा बल-क्षेत्र में शांति स्थापित करने, पुनर्वास सुनिश्चित करने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने की दिशा में आज जिला सुकमा में एक महत्त्वपूर्ण सफलता मिली।

## सीबीआई ने बड़े साइबर क्राइम नेटवर्क का किया भंडाफोड़, छह आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश के नोएडा में अमेरिकी नागरिकों से करीब 68 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया। सीबीआई की इस कार्रवाई में अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) का भी सहयोग रहा। सीबीआई के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों के नाम शुभम सिंह (उर्फ डॉमिनिक), डेल्टानलियन (उर्फ माइकल), जॉर्ज टी जामलियानल (उर्फ माइल्स), एल. सेमिनलें हाओकिप (उर्फ रॉनी), मंगखोलुन (उर्फ मैक्सी) और रॉबर्ट थांगखंखुआल (उर्फ डेविड/मुनरोइन) हैं। ये आरोपित अमेरिकी सरकारी एजेंसियों, जैसे ड्रग एन्फोर्समेंट एजेंसी (डीईए), एफबीआई और सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन (एसएसए) के अधिकारियों के नाम पर कॉल सेंटर चलाकर लोगों को ठगते थे।

## कफ सीरप मामले में ईडी की 25 ठिकानों पर छापेमारी

### रांची के शैली ट्रेडर्स में भी कार्रवाई

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जानलेवा कफ सीरप की खरीद-बिक्री से जुड़े 1000 करोड़ रुपये के अवैध कारोबार की जांच के तहत झारखंड, उत्तर प्रदेश और गुजरात के 25 ठिकानों पर छापेमारी की है। रांची के तुपुदाना स्थित शैली ट्रेडर्स में भी सुबह से ही ईडी की कार्रवाई जारी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लखनऊ, बनारस, जौनपुर, सहारनपुर, अहमदाबाद और रांची सहित कई शहरों में एक साथ छापेमारी की जा रही है। जांच के दायरे में कफ सीरप के अवैध व्यापार से जुड़े कारोबारी और चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल भी शामिल हैं। झारखंड की राजधानी रांची के तुपुदाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित शैली ट्रेडर्स के संचालक भोला प्रसाद के प्रतिष्ठान और उनके फ्लैट में भी ईडी की टीम ने तलाशी ली। भोला प्रसाद बनारस पुलिस में दर्ज एक प्राथमिकी में आरोपित हैं और अवैध कफ सीरप मामले के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के रिश्तेदार बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार, शैली ट्रेडर्स का यह प्रतिष्ठान भोला प्रसाद ने भिलाई केमिकल के संचालक जगन्नाथ साहू से किराये पर लिया था। कुछ दिनों पहले बनारस पुलिस ने यहां छापेमारी की थी, लेकिन कफ सीरप की बरामदगी किसी अन्य स्थान से हुई थी।




### सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा -

## तेजाब पीड़ितों को दिव्यांग श्रेणी में रखें, कानून में करें बदलाव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम में संशोधन करने पर विचार करने को कहा ताकि अपराधियों के तेजाब हमले के पीड़ितों को दिव्यांगजन की श्रेणी में शामिल किया जा सके और उन्हें कल्याणकारी उपायों का लाभ मिल सके।

केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार कानून में बदलाव पर विचार करने को तैयार है और उन्हें खुद इस अपराध के उस पहलू की जानकारी नहीं थी। पीठ ने अपने आदेश में कहा, भारत सरकार याचिका में उठाए गए सभी मुद्दों पर विचार करे... सॉलिसिटर जनरल का कहना है कि याचिका में उठाए गए सभी मुद्दों पर विचार किया जाएगा और एक उपयुक्त नीतिगत ढांचा तैयार किया जाएगा।

पीठ ने जम्मू और कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय को अपने अधिकार क्षेत्र में लंबित तेजाब हमले के सभी पांच मामलों में सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया। यह बताए जाने पर कि तेजाब हमले के पीड़ितों को राज्य सरकारों से मुआवजे के रूप में तीन लाख रुपये से अधिक नहीं मिलते हैं, प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वह इस पहलू पर गौर करेंगे।



### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री का निधन

**मुंबई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का 91 साल की आयू में निधन हो गया। पाटिल मुंबई अटैक के वक्त देश के गृह मंत्री थे और लोकसभा अध्यक्ष के पद पर भी रह चुके हैं। महाराष्ट्र के लातूर में उनका निधन हो गया। शिवराज पाटिल चाकुरकर 91 साल के थे। उन्होंने आज यानी शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे लातूर में अपने घर देवघर- में आखिरी सांस ली। लंबी बीमारी के कारण उनका इलाज घर पर ही चल रहा था। कई केंद्रीय मंत्री पदों पर रहे पाटिल मुंबई में जब 2008 में आतंकी हमला हुआ था, तब देश के गृह मंत्री थे।



# जहरीली हवा की चपेट में देश के ज्यादातर बड़े शहर

## राहुल गांधी ने कहा- सरकार प्रदूषण रोकने का प्लान बनाए

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में वायु प्रदूषण का अहम मुद्दा उठाया। यहां उन्होंने कहा, कि हमारे देश के ज्यादातर बड़े शहर जहरीली हवा की चपेट में हैं। लाखों बच्चे फेफड़ों संबंधी बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। कैंसर से लोग पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में हम सभी को मिलकर इस दिशा में बेहतर काम करना चाहिए। इस पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, कि हम ऐसे अहम मामलों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। कांग्रेसा सांसद राहुल गांधी ने सदन में कहा, कि वायु प्रदूषण से जुड़ा यह एक अहम मुद्दा है। मुझे पूरा विश्वास है कि सरकार और हमारे बीच इस मसले पर एक सहमति होगी। इस सदन में मौजूद प्रत्येक सदस्य इस बात से सहमत होगा कि प्रदूषण के चलते देश के लोगों को जो नुकसान हो रहा है, उस पर हम सभी मिलकर काम करना चाहेंगे।

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा, कि बेहतर होगा कि हम चर्चा को इस बात पर केंद्रित न करें कि हम क्या नहीं कर सके और आप क्या नहीं कर पाए, बल्कि सीधे इस बात पर ध्यान दिया जाए, कि हम भविष्य में भारत की जनता के लिए क्या करने जा रहे हैं। हमें कौन-कौन से कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा, कि मेरा तो मानना है कि हम एक-दूसरे पर दोषारोपण करने की जगह, इस एक महत्वपूर्ण प्रदूषण वाले मुद्दे पर, जिस पर हम सहमत हैं, कोई असहमति नहीं है, चर्चा करें। आईये, भारत की जनता के भविष्य के बारे में बात की जाए। राहुल गांधी ने आगे कहा, कि वैसे भी यह कोई वैचारिक मुद्दा नहीं है। इस सदन में मौजूद प्रत्येक सदस्य इस बात से सहमत होगा, कि वायु प्रदूषण और इससे हमारे लोगों को होने वाला नुकसान ऐसी चीज है जिस पर हम सभी मिलकर काम करना चाहेंगे।



### रिजिजू ने कहा - हम संसद में चर्चा के लिए हैं तैयार

सदन में इसका जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, कि सरकार ने पहले दिन से ही अपना रुख स्पष्ट कर दिया था। हम ऐसे सभी अहम मामलों पर चर्चा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह सरकार कांग्रेस और अन्य विपक्ष की पार्टियों के नेताओं से सुझाव लेने के लिए भी तैयार है।

## आंध्र प्रदेश में यात्री बस घाटी में गिरी नौ यात्रियों की मौत, 10 की हालत गंभीर

**एजेंसी**

**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिला में शुक्रवार सुबह मारेडुमिली घाट रोड पर बस हादसे में बड़ी जनहानि होने का अंदेशा है। घटनास्थल पर नौ लोगों की मृत्यु और अन्य दस के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

बताया गया है कि हादसाग्रस्त चित्तूर जिले के विग्नेश्वरा ट्रैवल्स की बस (एपी-39यूएम-6543) में 37 यात्री और दो चालक थे। यह बस भद्राचलम से अराकू जा रही थी। मारेडुमिली घाटु रोड पर राजू गारी मेट्टू मोड़ के पास यह बस बेकाबू होकर घाटी में गिर गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोग पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को बेहतर इलाज के लिए भद्राचलम एरिया हॉस्पिटल ले जाया गया। लोगों का कहना है कि यह बस छह दिसंबर की रात नौ बजे तीर्थयात्रा के लिए निकली थी।

तीर्थयात्रा का आयोजन चित्तूर शहर के राममूर्ति नाम के एक एजेंट ने किया था। भद्राचलम के दर्शन पूर्ण करने के बाद बस अन्नावरम जा रही थी। यात्रियों की पहचान चित्तूर जिले के निवासियों के तौर पर हुई है। यह हादसा जहां हुआ, वह पहाड़ी इलाका है। कहा जा रहा है कि घाट रोड पर बर्फ जमा होने के कारण बस फिसल कर घाटी में गिर गई। हादसे में मरने वाले सभी लोग 50 वर्ष की आयु से अधिक बताए जा रहे हैं।



# बाढ़ू-नवाटोली का सिंगबोंगा जतरा में दिखी झारखंडी संस्कृति



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**कांके।** बाढ़ू-नवाटोली में सिंगबोंगा जतरा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर बाढ़ू, नवाटोली, सेमरटोली, बरवाटोली, बलवापानी, पोडैयाटांड़ सहित कई गांव के खोड़हा मंडली पारंपरिक परिधान में सामूहिक नृत्य करते जतरा स्थल पहुंचे। इस दौरान बाढ़ू मौजा के पाहन जगदीश पाहन, नंदा भोक्ता, बसंत मुंडा व एतवा उरांव ने सिंगबोंगा की विधिवत पूजा अर्चना की।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, आजसू के डॉ. देवशरण भगत, बबुआ मुंडा, मुख्य संरक्षक अशोक उरांव, मनीष उरांव, शिव शंकर उरांव, अध्यक्ष योगेंद्र उरांव ने इष्टदेवों को खुश करने के लिए मुर्गे और बकरे की बलि देकर जतरा की शुरूआत की। विधायक श्री बैठा ने सिंगबोंगा की पूजा अर्चना कर धरती माता के सृजन के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि साल वृक्ष में सिंगबोंगा का निवास होता है, इसलिए आदिवासी समाज द्वारा इसकी पूजा करने की परंपरा रही है। डॉ. देवशरण महतो ने कहा आदिवासी समाज अपनी फसल को घर में सुरक्षित रखने के बाद जतरा के बहाने एक साथ मिलते जुलते हैं। मुर्गा लड़ाते हैं। अपने गोतिया लोगों के साथ मिलते-जुलते हैं। मांदर की थाप पर खुब थिरकते हैं। खुशियां मनाते हैं।
जतरा में रंजीत राज म्यूजीकल ग्रुप द्वारा स्थानीय कलाकार इग्नेश कुमार, ललीता देवी, शिवानी केरकेट्ट के द्वारा नागपुरी गीत संगीत का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।
कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक बिरेन्द्र मुंडा, जगेश्वर महतली, अध्यक्ष योगेन्द्र उरांव, उपाध्यक्ष शिबु भोक्ता, महेश महली, विष्णु मुंडा, मनोज उरांव, महमुद आलम, मोख्तार आलम, महासचिव राजेश तिर्की, सचिव विरेन्द्र मुंडा, संदीप उरांव, नागेन्द्र उरांव, संगठन सचिव महेश गाड़ी, सोहन महली, सालिक लोहरा, महेन्द्र उरांव, जगदेव उरांव, पच्चु उरांव, महामंत्री बुद्धराम, बुद्धदेव उरांव, सुरज उरांव, कोषाध्यक्ष अनु उरांव, संचालक संजय तिर्की, शिवा उरांव, पुनिता कुजूर, प्रमिमा देवी, रुपमनी देवी, साबित्री देवी, मनीता देवी, बिमल उरांव, रौशन उरांव, अर्जुन उरांव, बादल उरांव सहित अन्य ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना एफसी कोकर

**सिंगबोंगा** जतरा समिति बाढ़ू नवाटोली द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच एफसी कोकर और एमएमएफसी रेंडो पतरातू के बीच खेला गया। दोनों टीमें खेल के दौरान गोल नहीं कर सकी। आयोजन समिति ने टाईब्रेकर का सहारा लिया। इसमें एफसी कोकर की टीम 5-4 गोल से खिताब अपने नाम करने में सफल रही। मुख्य अतिथि सुरेश कुमार बैठा, विशिष्ट अतिथि डॉ. देवशरण भगत, संरक्षक अशोक उरांव, अध्यक्ष योगेन्द्र उरांव, रंजीत टोप्पो, फ्रांसिस लिंडा ने संयुक्त रुप से विजेता टीम को 30 हजार रुपए नकद राशि व शील्ड और उपविजेता टीम को 20 हजार रुपए नकद राशि व शील्ड देकर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त

### चोरी की घटनाएं बढ़ी

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला रमेश कुमार साहु के फॉर्म से दो बकरों की चोरी का है। मिली जानकारी के अनुसार रमेश कुमार साहु अपने रोजमर्रा की तरह गुरुवार रात्रि खेती-बाड़ी का काम निपटाकर बकरियों और गाय को फॉर्म में बांधकर घर लौट आए थे। शुक्रवार सुबह जब वे फॉर्म पहुंचे तो मुख्य गेट खुला हुआ मिला। आशंका होने पर अंदर जाकर देखा तो दो बकरे गायब थे। रमेश कुमार ने बताया कि किसी ने रात के अंधेरे में गेट खोलकर बकरों की चोरी कर ली।

### राहे से गंगाधर साव बने भाजपा मंडल प्रभारी



**सोनाहातू/राहे।** भाजपा झारखंड प्रदेश के निदेशार्नुसार पूर्व सांसद घुरन राम ने भाजपा राहे मंडल से गंगाधर साव, सोनाहातू से शंकर भगत, बारेंदा से प्रकाश चंद्र कर्मकार को मंडल प्रभारी मनोनीत किया है। मंडल अध्यक्ष मनोनीत के बाद संगठन में मजबूती आयेगी। तीनों मंडल पर प्रभारी मनोनीत किए जाने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने बधाई दिया है।

### प्रखण्ड अध्यक्ष की पहल पर लगा ट्रांसफार्मर

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखण्ड लोटा गांव में झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका के पहल पर 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। ज्ञात हो कि लोटा गांव के ऊपर टोला में दो दिन पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था।जिसकी सूचना ग्रामीणों ने बलराम महतो को दी।बलराम महतो ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात कर ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराया।जिसका उद्घाटन पुष्पा देवी ने किया इस मौके पर उपेंद्रनाथ महतो,रविन्द्र मुंडा,रामपदो महतो,तपन मोदक, भोला भगत,कमल करमाली समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ में हत्या के विरोध में उग्र प्रदर्शन
# हत्यारों की गिरफ्तारी व फांसी देने की मांग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाले सोनू कुमार राम की हत्या के विरोध में शुक्रवार को परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में लोग सुभाष चौक पर एकत्र हुए और हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की। प्रदर्शन में मृतक के परिवार के साथ कई स्थानीय नेता भी शामिल हुए। इसमें पूर्व छावनी परिषद उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह और कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान प्रमुख रूप से मौजूद थे।
अनमोल सिंह ने इस मौके पर कहा कि यह हत्या बेहद जघन्य अपराध है और इसमें एक व्यक्ति का हाथ होना संभव नहीं लगता। उन्होंने मांग की कि सभी आरोपितों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कड़ी सजा दिलाई जाए। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने बताया कि दलित युवक की हत्या कर उसकी लाश को कई टुकड़ों में बांट दिया गया। आरोपित ने करीब 80 दिनों तक शव को घर में रखकर टुकड़े-टुकड़े कर अलग-अलग स्थानों पर फेंका। उन्होंने इसे अमानवीय और क्रूर अपराध बताया।



प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के समक्ष कई मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) और अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक (एसडीपीओ) हस्तक्षेप करें और मृतक के परिवार को आवास के लिए भूमि आवंटन कराएं। साथ ही सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा राशि, परिवार को पारिवारिक लाभ योजना और नगर परिषद में अनुबंध आधारित रोजगार उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा, सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पीड़ित परिवार को प्रदान करने की मांग उठाई गई।

**सोनू राम को सिर के पीछे मारी गई थी गोली**

रामगढ़ छावनी परिषद स्टाफ क्वार्टर का रहने वाला सोनू कुमार राम हत्याकांड में लगातार नया खुलासा हो रहा है। शुक्रवार की शाम को सोनू की खोपड़ी धंधार पोखर के समीप जलकुंभी के बीच में फेंकी हुई मिली। पुलिस ने जब खोपड़ी को देखा तो उसके सिर पर पीछे से गोली मारे जाने का निशान था। इससे स्पष्ट है कि हत्यारे ने अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उसे घुटनों के बल बिठाकर गोली सिर के ठीक पीछे मारी गई। ताकि उसके बचने का कोई चांस ही ना रहे। हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए उसे कई छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दिया गया था। सोनू के हाथ एक कुएं से मिले। इसके अलावा अलग-अलग जगह से पूरे शरीर के अंग के कंकाल मिले हैं।

**कंकाल देख स्पष्ट हुआ महीनों पहले हुई थी सोनू की हत्या :** शिबू कॉलोनी, नेहरू रोड के धंधार पोखर के पास दलदल में फेंकी गई सोनू कुमार राम की खोपड़ी यह स्पष्ट करता है कि सोनू की हत्या महीनों पहले कर दी गई थी। उसकी लाश को ठिकाने लगाने के लिए बड़ी ही सफाई से शातिर दिमाग हत्यारे ने लगाया था। जिस मोहल्ले में सोनू रहता था, वहीं रंजीत सिंह उर्फ. नाना भाई नामक व्यक्ति के संपर्क में वह काफी लंबे वक्त से था। उसकी हत्या के मामले में जब रंजीत को पुलिस ने पकड़ा तो पूरी गुत्थी सुलझ गई।

### सोनाहातू में जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन

**सोनाहातू।** प्रखंड के बीएमएमयू कार्यालय के समीप शुक्रवार को सोनाहातू आजीविका महिला संकुल स्तरीय जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन विधिवत रूप में किया गया। जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्देश्य सामाजिक न्याय के मुद्दों पर शोध तथा समाज में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करना, जैसा कि झारखंड में कई सेंटरों द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर काम किया जा रहा है। लिंग-आधारित मुद्दों पर अध्ययन करना और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को बढ़ावा देना।आम जनता को लिंग संवेदनशीलता पर प्रशिक्षण देना।बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर जन-जागरूकता फैलाना।महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और नेतृत्व विकास के मंच प्रदान करना है। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमुख विक्टोरिया देवी,उपप्रमुख सविता देवी, मुखिया सावना महली, मुखिया विकाश सिंह मुंडा, पंसस जगदीश महतो,ग्राम प्रधान युगल किशोर ,समाजसेवी श्याम कुमार महतो, जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार राणा,ललित कुमार,हीरालाल महतो,धनन्जय प्रसाद यादव,लखिन्द्र मुंडा,लतिका देवी,अजय कुमार,करुणा देवी,पूनम देवी,दीपक कुम्हार मुकेश कुमार,जेंडर सीआरपी रतिका देवी,शम्पा देवी,हरेश्वरी देवी,संगीता कुमारी,भुबनेश्वरी देवी,कुमारी शांति,जयन्ती देवी,महेश्वरी देवी,सबिता देवी आदि मौजूद थे।



### सिल्ली कॉलेज के 40 छात्र-छात्राओं का दल एडवेंचर टूर के लिए रवाना

**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली के भुगोल विभाग के 40 छात्र छात्राओं के दल प्रो भवानंद चौधरी के नेतृत्व में चार दिवसीय एडवेंचर टूर एवं फीजीकल सर्वे कैंप के लिए शुक्रवार को रवाना हुए। कॉलेज से प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो, प्रो त्रिभुवन महतो, पूर्णिमा महतो, सुमंत महतो, सुनील चन्द्र महतो एवं श्यामल कुमार दे आदि ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। कॉलेज के मीडिया प्रभारी श्यामल कुमार दे ने बताया कि शिविर में कॉलेज के 25 छात्रा एवं 15 छात्राएं शामिल हैं। कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष संजय सेठ, सचिव डॉ मुकुंद चन्द्र मेहता, प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो, परीक्षा नियंत्रक प्रो त्रिभुवन महतो, साबित्री बाला, नकुल चन्द्र महतो, सुकल्याण महतो, विश्वनाथ मुंडा, अनंत महतो, सुमंत महतो, निशीकांत महतो एवं कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों ने शिविर में शामिल सभी छात्र छात्रा को हौसला बढ़ाते हुए शुभकामना दी है।



### पिकअप वैन और ऑटो की टक्कर, ऑटो चालक व यात्री घायल

**सिल्ली।** रांची पुरुलिया मार्ग पर सिल्ली मिजरा के समीप शुक्रवार को पिकअप वेन एवं ओटो के सीधे टक्कर से ओटो सवार एवं चालक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिकअप वेन सिल्ली से रांची की ओर जा रही थी वहीं विपरीत दिशा से लोटा पंचायत के धतकिडिह से सवारी लेकर ओटो सिल्ली की ओर आ रही थी इसी क्रम में मिजरा के समीप दुर्घटना घटी। ओटो में सवार 10 साल की बच्ची एवं महिला समेत चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सिल्ली थाना गस्ती दल द्वारा घायलों को सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मामुली रुप से घायलों को इलाज कर घर भेज दिया एवं गंभीर रूप घायल ओटो चालक बिपेन महतो उर्फ बिनोद एवं 10 वर्षीय खुशी कुमारी को रिम्स रेफर कर दिया। वहीं परिजनों ने दोनों गंभीर रूप से घायलों को सिंगपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। सिल्ली पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर थाना लाया है।



## सीसीएल की समस्याओं को लेकर विधायक अरूप चटर्जी ने सीएमडी से की मुलाकात

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**डकरा।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के महामंत्री एवं जेबीसीसीआई सदस्य, निरसा विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को सीसीएल दरभंगा हाउस रांची में सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सीसीएल से जुड़े विभिन्न गंभीर मुद्दों पर चर्चा करते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। चर्चा के दौरान तूमांग, बिश्रामपुर पंचायत और जेहलीटांड क्षेत्रों में केडीएच परियोजना के पास रह रहे लोगों की स्थिति को लेकर चिंता जताई गई।
बताया गया कि इन इलाकों में चारों ओर आग लगी रहती है और भू-धंसान की घटनाएँ बढ़ रही हैं, जिससे स्थानीय निवासियों का जीवन लगातार खतरे में है। विधायक चटर्जी ने पुर्नवास नीति के तहत इन परिवारों का जल्द से जल्द विस्थापन करने और विस्थापितों को पुनर्वास प्रमाणपत्र प्रदान करने की मांग की।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपत्ति की मौके पर ही मौत

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**पिठोरिया।** उरुगुट्टू में गुरुवार देर रात एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें बाइक सवार दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उनका दो वर्षीय बेटा घायल हो गया। इस घटना ने पूरे इलाके में शोक और आक्रोश है। मृतकों की पहचान बानापीढ़ी गांव निवासी सुनील उरांव एवं उनकी पत्नी राजमुनी देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दंपत्ति अपने बेटे के साथ पिठोरिया थाना क्षेत्र के कोनकी गांव से छठी कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। उरुगुट्टू पहुंचते ही तेज रफ्तार



कोयला लोड ट्रक (जेएच 01 एभी- 5818) बाइक (जेएच 01 एफडी -9039) में जोरदार टक्कर मार दी।
टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मासूम बच्चा घायल अवस्था में मिला, जिसे हल्कीझफुल्की चोटें आई हैं। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश, ट्रकों की तेज रफ्तार और जांच पर उठाए सवाल उठा रहे हैं।
ग्रामीणों का आरोप है कि कोयला लदे ट्रकों की नियमित जांच नहीं होती। एक ट्रक की चालान की आड़ में कई ट्रक बिना जांच के पास करा दिए जाते हैं। तेज रफ्तार के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं। छोटीझमोटी दुर्घटनाएं तो प्रतिदिन की बात हो गई हैं।
ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि कोयला और बालू का परिवहन करने वाले सभी गाड़ियों की नियमित जांच, गति नियंत्रण और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके।

## झारखंड करेगा एसजीएफआई की पांच राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी

**18 दिसंबर 2025 से राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता का होगा आगाज**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा इस वर्ष झारखंड को फुटबॉल, तीरंदाजी, शतरंज, साइक्लिंग (ट्रैक एवं रोड) तथा हॉकी कुल पाँच राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी प्रदान की गई है। इन सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिताएँ रांची के



मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खेलगांव, बीआईटी मेसरा के स्पोर्ट्स कंपलेक्स स्टेडियम एवं अन्य स्टेडियम में आयोजित होंगी। देश के सभी राज्यों एवं विभिन्न बोर्डों की 44 इकाइयों से खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं।
देशभर से आने वाले खिलाड़ियों, कोचों, मैनेजरों एवं अभिभावकों के ठहरने, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा और खेल सुविधाओं को उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाएगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद प्रतिभागियों को सुरक्षित व प्रेरणादायक खेल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतियोगिताओं का आयोजन दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच निर्धारित तिथियों में आयोजित होगा।

### डीडीएमए की बैठक में डूबने व सड़क हादसों से हुई पांच मौतों की समीक्षा

# आश्रितों को दी जाएगी मुआवजे की राशि

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** खूंटी समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें अन्य जिलों के लोगों की मौत खूंटी जिले में पानी में डूबने अथवा सड़क दुर्घटना में हुई थी। बैठक में कुल पांच मामलों की समीक्षा की गई, जिनमें रीमिक्स जलप्रपात में डूबने से दो लोगों की मौत, सोमार बाजार के पास स्थित कुएं में डूबने से एक व्यक्ति की मौत, पांडुपुडिंग जलप्रपात में डूबने से एक व्यक्ति की मौत और कुलडा पुल के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत का मामला शामिल रहा। ये सभी मृतक रांची, पश्चिम सिंहभूम और सिमडेगा जिलों के निवासी थे।



समिति ने सभी मामलों में मृतकों के आश्रितों को मुआवजा देने की स्वीकृति प्रदान की। सरकारी प्रावधानों के अनुसार, पानी में डूबने से हुई मौत पर चार लाख रुपये, जबकि सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर एक लाख रुपये मृतकों के आश्रितों को दिए जाएंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अपर समाहर्ता के माध्यम से सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने अंचलों में डीडीएमए की बैठक नियमित रूप से आयोजित करें। उन्होंने कहा कि जलप्रपातों में बढ़ते जलस्तर के कारण लोगों को सचेत करने और जोखिम वाले क्षेत्रों में जाने से रोकने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। नए साल पर संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अधिक जलस्तर वाले स्थानों पर अनिवार्य बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने का आदेश भी दिया, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को टाला जा सके। बढ़ती ठंड को देखते हुए भी उपायुक्त ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को चौक-चौराहों पर अलाव की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो, उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा, सिविल सर्जन डॉ. एन. मांझी, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नर्स ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** शहर के साहू कॉलोनी स्थित राम लौलीन साव के मकान में रह रही एक नर्स लवली कुमारी ने शुक्रवार को फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने सीढ़ी में फंदे से लटकी नर्स के शव को उतरवाया और पोस्टपार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही मृतका के परिजनों को इसकी जानकारी दी। जानकारी के अनुसार ओरमांझी थाना क्षेत्र के पिपरबंडा निवासी लवली कुमारी (23) शहर के चट्टी बाजार स्थित




बरेलिया नर्सिंग होम में नर्स के रूप में कार्यरत थी। यहां वह फरवरी माह से रह रही थी? उसके साथ रह रही अन्य नर्सों ने बताया कि गुरुवार की रात हम सभी नर्सिंग होम से आकर खाना खाकर सोने चले गए। उन?होंने कहा कि शुक्रवार को देखा की सीढ़ी में बंधे एक फंदे से लवली का शव लटका हुआ है। अपनी बेटी की निधन की सूचना पाकर रामगढ़ पहुंचे लवली के राजन मुंडा ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। इधर, पुलिस ने नर्स का मोबाइल जब्त कर छानबीन में जुट गई है।

### वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र चयन को लेकर जिला समिति की बैठक

# परीक्षा केन्द्रों का चयन पूर्णतः निष्पक्ष और पारदर्शी हो : उपायुक्त

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय के ब्लॉक-ए स्थित सभागार में जैक द्वारा आयोजित होने वाली वार्षिक माध्यमिक (मैट्रिक) एवं इण्टरमीडिएट (10+2) परीक्षा-2026 के लिए जिला स्तर पर परीक्षा केन्द्रों तथा उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन केन्द्रों के चयन हेतु जिला चयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
बैठक में उप विकास आयुक्त, राँची, सौरभ कुमार भुवनिया, पुलिस अधीक्षक (नगर), रांची पारस राणा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची, विनय कुमार, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त श्री भजन्त्री ने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों का चयन पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी किसी भी प्रकार की नकल या अनियमितता की कोई गुंजाइश न रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र ऐसे विद्यालयों में बनाए जाएं जहां पर्याप्त संख्या में कक्ष, सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो। साथ ही, परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने के लिए सुगम यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में विभिन्न प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की सूची पर विचार किया गया। परीक्षाथीर्यों कोई असुविधा ना हो इसके लिए कुछ परीक्षा केंद्रो में बदलाव का निर्णय लिया गया है।
उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि परीक्षा-2026 को पूरी तरह पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## शब्द-यात्रा 2025 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने शब्द-यात्रा-2025, इंटर स्कूल यूथ थॉट कनेक्ट फोरम के छठे संस्करण में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। 21 विद्यालयों की भागीदारी के कारण यह प्रतियोगिता विचारों, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति का एक समृद्ध मंच बनी। लाइसियम-माइक्रो ऑडियो पॉडकास्ट श्रेणी में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा राज नंदिनी ने उत्कृष्ट प्रस्तुति के बल पर द्वितीय उपविजेता का स्थान हासिल किया। ऑर्गेनन- प्वाइंट काउंटर प्वाइंट अर्थशास्त्र त्रि-चर्चा प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं के प्रियांक प्रियम, जपजोत सिंह, रिदिशा, विनय कुमार मिश्रा और कक्षा बारहवीं की प्रज्ञाश्री होता ने अपनी विश्लेषणात्मक क्षमता और आर्थिक समझ का प्रभावी प्रदर्शन करते हुए प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।
इन दोनों श्रेणियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने कहा कि ये उपलब्धियाँ विद्यार्थियों की मेहनत, रचनात्मकता और चिंतन क्षमता का प्रमाण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मंच छात्रों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं। विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को और सशक्त करते हैं।

## संक्षिप्त

### इंटर परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित छात्रों का प्रदर्शन




**रांची।** राजधानी रांची के बेड़ो स्थित एसएस प्लस-टू उच्च विद्यालय में वर्ष 2026 की इंटर परीक्षा का फॉर्म भरने से 600 से अधिक छात्रों को वंचित किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को छात्रों और अभिभावकों ने जोरदार प्रदर्शन किया।
प्रदर्शनकारियों ने विद्यालय का घेराव कर फॉर्म भरने की अनुमति देने और विद्यालय की जर्जर व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। विद्यालय प्रशासन के अनुसार कई छात्रों की उपस्थिति (अटेंडेंस) कम होने के कारण उन्हें फॉर्म भरने से रोका गया है। दूसरी ओर, छात्रों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में नियमित कक्षाएं संचालित नहीं होतीं, शिक्षकों की भारी कमी है और भवन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, विज्ञान प्रयोगशाला और पुस्तकालय जैसी बुनियादी सुविधाएं वर्षों से बदहाल हैं।
छात्रों का कहना है कि विद्यालय की अव्यवस्था की जिम्मेदारी उन पर डालना अनुचित है। आदिवासी छात्र संघ (डीएसपीएमयू) के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कि खराब व्यवस्था की सजा बच्चों को देना अमानवीय है और अटेंडेंस के नाम पर दंड उचित नहीं है।

### केडीएच रेलवे साइडिंग में मालगाड़ी से चोरी लोहे का प्लेट बरामद

**रांची/डकरा।** केडीएच रेलवे साइडिंग में गुरुवार सुबह कोयला लोड करने पहुंची मालगाड़ी के बोगी से चोरी किए गए लोहे के प्लेट को सीआईएसएफ की टीम ने बरामद किया। बताया गया कि चोरों ने मालगाड़ी का वैक्यूम खोलकर बोगी से लोहे के प्लेट उखाड़े और करीब दो क्विंटल लोहे को झाड़ियों में छिपा दिया था। इसी दौरान सीआईएसएफ की क्यूआर टीम को घटना की जानकारी मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची टीम को देखते ही चोर मौके से फरार हो गए। बाद में सीआईएसएफ के जवानों ने झाड़ियों में छुपाए गए सारे लोहे को जब्त करते हुए वाहन में लादकर अपने कब्जे में ले लिया। उधर, केडीएच रेलवे साइडिंग भूतनगर बस्ती के पास कोयला लोडिंग के दौरान चोरी की कोशिश की यह घटना स्थानीय क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान एक भी योग्य मतदाता नहीं छूटें : के. रवि कुमार

### राज्य के सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित

**पिछले गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर सर्चेबल फॉर्मेट में है उपलब्ध**

**वर्तमान सूची बनाने के लिए बीएलओ ऐप में पिछली सूची की मैपिंग की जा रही**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि अन्य राज्यों के वे मतदाता जिनका नाम पिछले गहन पुनरीक्षण में झारखंड की मतदाता सूची में शामिल नहीं था, वे अपना नाम संबंधित राज्य की सूची से ढूंढकर अपने बीएलओ (ब्लॉक लेवल अधिकारी) से संपर्क कर सकते हैं। सहायता के लिए मतदाता 1950 पर कॉल भी कर सकते हैं।
रांची स्थित निर्वाचन सदन से शुक्रवार को राज्य के सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ आयोजित वर्चुअल बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पिछले गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर सर्चेबल फॉर्मेट में उपलब्ध है। वर्तमान सूची बनाने के लिए बीएलओ ऐप में पिछली सूची की मैपिंग की जा रही है। अन्य राज्यों से आए मतदाताओं की जानकारी मैनुअल रजिस्टर में दर्ज की जा रही है, ताकि गहन पुनरीक्षण के दौरान कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए।
बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पैरेंटल मैपिंग और ए.एस.डी सूची बनाते समय सभी नियमों का पूर्ण पालन करें। हर स्तर पर निरीक्षण की प्रक्रिया लागू है और इसका पालन करना आवश्यक है। गहन पुनरीक्षण के दौरान एक भी योग्य मतदाता छूटे नहीं, इस बात को ध्यान में रखकर कार्य करना है। कुमार ने पीपीटी के माध्यम से अधिकारियों को पिछले एसआईआर से वर्तमान मतदाता सूची की मैपिंग और निरीक्षण के प्रमुख बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, प्रियंका सिंह, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार और सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, एचडीएम, कंप्यूटर ऑपरेटर ऑनलाइन उपस्थित थे।

## केंद्रीय सरना समिति का लोकभवन के समक्ष प्रदर्शन

**धर्मांतरित आदिवासियों को दोहरे लाभ से डिलिस्ट करने की मांग**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की के नेतृत्व में शुक्रवार को लोकभवन के समक्ष धर्मांतरित आदिवासियों द्वारा आरक्षण और सरकारी योजनाओं में मिल रहे दोहरे लाभ के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पाहन द्वारा पारंपरिक पूजा से हुई। इसी दौरान विरोध स्वरूप समिति की महिला अध्यक्ष निशा भगत ने अपना मुंडन कराया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है, लेकिन धर्मांतरण के बाद आदिवासी पहचान से दूर हो चुके लोग अभी भी आरक्षण और विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी परंपराएं और प्रथाएं हैं, जिन्हें त्यागने वाले लोगों को आदिवासी सूची से डिलिस्ट किया जाना आवश्यक है। सामाजिक कार्यकर्ता जय मंगल उरांव ने आरोप लगाया कि कुछ मुस्लिम परिवार आदिवासी बेटियों से विवाह कर मायके से जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनवा लेते हैं और आदिवासी समुदाय के लिए बनी योजनाओं का अनुचित लाभ उठा रहे हैं। महिला अध्यक्ष निशा भगत ने कहा कि झारखंड पांचवीं अनुसूची का राज्य है, फिर भी पेसा कानून अब तक लागू नहीं हो सका है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईसाई समुदाय के धर्मांतरित लोग आदिवासी आरक्षण का लाभ लेकर मंत्री, सांसद और विधायक तक बन रहे हैं, जिससे मूल आदिवासी समाज के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। प्रदर्शन में संजय तिर्की, एंजेल लकड़ा, निरा टोप्पो, प्रमोद एक्का, विनय उरांव, पंचम तिर्की, सोहन कच्छप, हंदु भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## करमटोली-साइंस सिटी फ्लाईओवर निर्माण की योजना

**यातायात दबाव कम करने की पहल**


**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के यातायात को सुगम और नियंत्रित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पथ निर्माण विभाग की करमटोली से साइंस सिटी (चिरौंदी) तक 3.216 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण की योजना है। यह परियोजना करमटोली को साइंस सिटी होते हुए चिरौंदी चौक को जोड़ेगी, जिसमें मोरहाबादी तक 516 मीटर का एक आवश्यक लिंक भी शामिल है। इसका मुख्य उद्देश्य अल्बर्ट चौक, दिव्यायन चौक, साइंस सिटी और चिरौंदी चौक जैसे अत्यधिक भीड़भाड़ वाले चौराहों पर व्याप्त यातायात की समस्या का स्थायी समाधान प्रदान करना है। परियोजना के पूर्ण होते ही रामगढ़ और हजारीबाग की ओर से आने-जाने वाले शहरी यातायात को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही यह रिंग रोड एनएच-20 से भी बेहतर संपर्क सुनिश्चित करेगा, जिससे शहरी यातायात प्रबंधन में व्यापक सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की स्वीकृति प्रदान कर दी है। निकट भविष्य में रांची के नागरिकों को सुगम और निर्बाध आवागमन की सुविधा प्राप्त होने की आशा है।

# रांची समेत कई जिलों में छाए आंशिक बादल, कनकनी बढ़ी

**गुमला में न्यूनतम तापमान पहुंचा 4.7 डिग्री सेल्सियस**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** रांची सहित झारखंड के कई जिलों में शुक्रवार को आंशिक बादल छाये रहे, जिसके कारण राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में दिनभर ठंड और कनकनी का असर महसूस किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि यह स्थिति झारखंड के निचले क्षोभ मंडल में उत्तर-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा में बहने वाली हवाओं के कारण बनी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान दो से तीन डिग्री तक बढ़ सकता है, जबकि उसके बाद दो दिनों तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईंबासा मे 28.8 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान गुमला में 4.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।
शुक्रवार को रांची में सुबह हल्के कुहासे के साथ दिन की शुरूआत हुई, हालांकि सूर्योदय के बाद मौसम साफ रहा। दोपहर के बाद आसमान में फिर से आंशिक बादल छाये, जिससे ठंड और अधिक महसूस की गई। राज्य के प्रमुख शहरों में शुक्रवार को दर्ज तापमान की बात करें, तो शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री, जमशेदपुर में 26.5 और 10.8 डिग्री, डालटेनगंज में 27.4 और 7.1 डिग्री, बोकारो में 22.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 28.8 और न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### अशोक मुंडा बने पंडरा मंडल अध्यक्ष, बधाइयों का लगा तांता

**रांची।** रातू रोड स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित भाजपा पंडरा मंडल के चुनाव में सर्वसम्मति से अशोक



मुंडा को नया मंडल अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकताओं की ओर से बधाइयों का तांता लग गया। अशोक मुंडा को अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, रांची विधायक सी.पी. सिंह, रांची महानगर अध्यक्ष वरुण (मून) साहू, पूर्व महानगर अध्यक्ष के.के. गुप्ता, पूर्व पंडरा मंडल अध्यक्ष सुवेश पांडे, संतोष कुमार गुप्ता तथा ओबीसी मोर्चा रांची महानगर के पूर्व मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा सहित कई पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुवेश पांडे ने कहा कि अशोक मुंडा के नेतृत्व में पंडरा मंडल नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### रामलीला मैदान की रैली लोकतंत्र बचाने का आगाज : राकेश सिन्हा

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को नई दिल्ली के



रामलीला मैदान में आयोजित की जाने वाली रैली लोकतंत्र बचाने के अभियान का आगाज है। शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में सिन्हा ने कहा कि देश के लोकतंत्र पर मंडरा रहे खतरे से जनता को आगाह करने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से यह रैली आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से निर्वाचन आयोग की भूमिका पर उठ रहे सवालों को लेकर देशभर में संदेश जाएगा। राकेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर मतदाताओं के साथ अन्याय कर रही है और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है। बावजूद इसके, चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों को दरकिनार कर भाजपा निष्पक्ष जांच के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन किया जा रहा है, ऐसे में यह रैली ऐतिहासिक साबित होगी और पूरे देश में संदेश देगी कि लोकतंत्र को किस प्रकार कमजोर किया जा रहा है। राकेश सिन्हा ने बताया कि रैली में शामिल होने के लिए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता शुक्रवार को दिल्ली रवाना हो चुके हैं। दिल्ली जाने वालों में रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, कुमार राजा, उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, राजेश चंद राजू समेत कांग्रेस के कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

### ई-कल्याण पोर्टल की तकनीकी गड़बड़ियों से छात्र परेशान, सर्वोपरी मंच ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में शुक्रवार को छात्रहित सर्वोपरी मंच के प्रतिनिधिमंडल ने कल्याण सचिव एवं कल्याण आयुक्त से मुलाकात कर ई-कल्याण पोर्टल की तकनीकी समस्याओं से जुड़ा




ज्ञापन सौंपा और छात्रों की परेशानियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल छात्रों ने आयुक्त को बताया कि आवेदन भरते समय पोर्टल पर बार-बार त्रुटि संदेश दिखाई देते हैं। इन तकनीकी गड़बड़ियों के कारण हजारों छात्र आवेदन प्रक्रिया से वंचित रह गए हैं, जबकि कई छात्रों के आवेदन बिना किसी कारण स्वतः अस्वीकृत हो गए। सर्वोपरी मंच के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार राणा ने बताया कि मंच तकनीकी गड़बड़ी से प्रभावित छात्रों के डेटा की बहाली को लेकर लगातार प्रयासरत रहा है। उन्होंने कहा कि 18 और 19 अगस्त 2025 को पोर्टल की गंभीर तकनीकी त्रुटियों के कारण जिन छात्रों के आवेदन डिलीट हो गए थे, उनका डेटा विभाग द्वारा पुनः बहाल कर दिया गया है। राणा ने बताया कि आज फिर से आयुक्त से मुलाकात कर छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से रखा गया। विभाग ने इस पर तत्काल तकनीकी समीक्षा कर समाधान करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष आमिर हमजा, संगठन प्रभारी कुणाल पोद्दार, प्रदेश सचिव रईस अंसारी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर के अवसरों का लाभ उठाएं आदिवासी उद्यमी : जितेंद्र कुमार

### सीआइआइ झारखंड का ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट आयोजित

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** श्रम सचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि एंटरप्रेन्योर देश और राज्य के जीडीपी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बढ़ते जीडीपी में आदिवासी उद्यमियों का रोल भी बहुत अहम है। झारखंड में हजारों आदिवासी उद्यमी के रूप में काम कर रहे है। मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में कई संभावनाएं है। आदिवासी उद्यमी इन संभावनाओं का लाभ जरूर उठाएं। आदिवासी आबादी का 26 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न व्यापारिक पहलों में लगा हुआ है। वे शुक्रवार को स्थानीय होटल में सीआइआइ झारखंड की ओर से आयोजित ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इसका थीम रूटेड इन हेरिटेज, राइजिंग इन एंटरप्राइज था।
सचिव ने कहा कि श्रम एवं कौशल विभाग 1.50 लाख से अधिक आदिवासियों को स्किल्ड कर चुका है। इसमें 24 प्रतिशत से अधिक लोगों का प्लसमेंट हो चुका है। इसमें और वृद्धि करने करने पर जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार और विभाग आदिवासी उद्यमिता को बढ़ावा देने का हर संभव प्रयास कर रही है। इसके लिए उद्योग जगत की मांग को देखते हुए श्रम एवं कौशल विभाग ने कई नये कोर्स तैयार किये हैं। आने वाले समय में उद्योग जगत में बड़े बदलाव आने वाले हैं। इसके लिए स्वयं को तैयार करें।
जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन ने कहा कि जियाडा ने अपने लैंड बैंक का 10 प्रतिशत आवंटन वर्तमान में लैंड लूजर कम्युनिटी के लिए रखा है। हम सब मिलकर इस तरीके से अपने इकोसिस्टम को तैयार कर रहे हैं, जिसमें बिना भेदभाव के सबको एक सुरक्षित बाजार मिले। इसके अलावा जमशेदपुर के कुछ एरिया होम स्टे के माध्यम से ट्राइबल कम्युनिटी छोटे-छोटे पर्यटन उद्योग की तरफ बढ़ रही है। उम्मीद है कि पूरे राज्य में इसका प्रसार हो। लोगों में यह जागरुकता आए। होम स्टे के माध्यम से हम एक आर्थिक प्रगति का रास्ता खोज सकें। श्री रंजन ने कहा कि झारखंड माइंस टूरिज्म की शुरूआत की गयी है। पर्यटन विभाग ने इसके लिए अलग से एक पैकेज डिसाइड किया है। जब हम माइंस के लिए पर्यटकों को ले जाते हैं, तब उनके लिए खाने, ठहरने समेत अन्य सपोर्ट की जरूरत पड़ेगी। इस अवसर का लाभ उठाया जा सकता है।

# मारुति सुजुकी जापान के शीर्ष अधिकारी पहुंचे प्रेमसंस मोटर

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन, जापान के वरिष्ठ अधिकारी विशेष दौरे पर प्रेमसंस मोटर के शोरूम पहुंचे। इनके साथ मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीसीओ गौरव महाजन, सीबीएच विशाल रंजन बक्शी, सीबीएच नेक्सा मुनीश तासु भी थे। प्रेमसंस मोटर के सीएमडी पुनित कुमार पोद्दार एवं जेएमडी अवध पोद्दार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संस्थान की विस्तृत जानकारी दी। इस विशेष अवसर पर प्रेमसंस मोटर और मारुति सुजुकी के 20 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केक काटकर उत्सव मनाया गया। वर्षों से निरंतर जुड़े कर्मचारियों को सम्मान-पत्र प्रदान किए गए। जापान से आए अधिकारियों ने शोरूम में उपस्थित कई ग्राहकों से सीधे बातचीत की और उनकी राय व सुझावों को ध्यान से सुना।

# ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के 216 परिवारों को मालिकाना हक देने की मांग तेज

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**आदित्यपुर।** आवास बोर्ड द्वारा निर्मित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के 216 परिवारों को मालिकाना हक दिलाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। गुरुवार को दिवंगत पार्षद राजमणि देवी के पुत्र मनमोहन सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात कर किराया-खरीद समझौता **(Hire Purchse Agreemeft)** के तहत अधिकार प्रदान करने की मांग रखी। मनमोहन सिंह ने बताया कि वर्ष 1980 में आवंटित इन आवासों में परिवार बीते 45 वर्षों से रह रहे हैं, लेकिन आज तक इन्हें स्वामित्व अधिकार नहीं मिला। जबकि इसी क्षेत्र के एस-टाइप, आई-टाइप, आर-टाइप और ओल्ड एम-टाइप आवासों के



लाभुकों को **Hire Purchse Agreemeft** योजना के तहत मालिकाना हक दिया जा चुका है। विभागीय मंत्री पहले ही कार्रवाई का निर्देश दे चुके थे, किंतु अब तक कोई पहल नहीं हुई है। इसी बीच विभाग द्वारा अचानक सर्वे शुरू कर दिए जाने से लाभुकों में भय और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय अखबारों में प्रकाशित एक खबर में यह दावा किया गया है कि लाभुकों को एक सप्ताह के भीतर 5.50 लाख रुपये जमा करने का नोटिस जारी किया गया है, हालांकि कॉलोनी के किसी भी परिवार को ऐसा कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान मनमोहन सिंह ने स्पष्ट किया कि ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के सभी 216 परिवार गरीब एवं अल्प आय वर्ग से आते हैं और किसी भी नए पुनर्विकास मॉडल की भारी लागत वहन करने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने आग्रह किया कि विभाग द्वारा पूर्व में दिए गए आश्वासनों के अनुरूप इन परिवारों को भी किराया-खरीद समझौता योजना के तहत उनके वर्तमान आवास पर मालिकाना हक प्रदान किया जाए। उनका कहना था कि यह फैसला न केवल नीतिगत न्याय स्थापित करेगा, बल्कि 45 वर्षों से एक ही स्थान पर रह रहे हजार से अधिक लोगों को स्थायी सुरक्षा भी देगा।

## महिला कॉलेज के भूगोल विभाग ने बीए प्रथम वर्ष की अपनी नई छात्राओं का स्वागत पूरे जोश और उमंग के साथ किया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** महिला कॉलेज के भूगोल विभाग ने बी.ए प्रथम वर्ष की अपनी नई छात्राओं का स्वागत पूरे जोश और उमंग के साथ किया।सभी सेमेस्टर की छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।फ्रेशर्स के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। श्रुति कुमारी मिस फ्रेशर्स 2025 चुनी गईं। भूगोल विभाग की सहायक प्रोफेसर मनीषा बिरुवा, नम्रता खलखो, पॉलिटिकल साइंस की सोना माई सुंडी, डॉ अंजना सिंह, बीएड की एम के हाशमी, डॉ बबिता कुमारी, शीला समद, प्रीति देवगम, सितेंद्र सिंह, एम एम मिश्रा



और इंटर की शताब्दी दत्ता उपस्थित रही। प्राध्यापकों ने नई छात्राओं को अनुशासन, कड़ी परिश्रम, चरित्र निर्माण और आत्मविश्वास की सीख दी। कार्यक्रम की सफलता में सेमेस्टर 2 (सत्र 2024-28) और सेम 3 की सभी छात्राओं का योगदान रहा।

## संक्षिप्त

### शहर थाना परिसर में सफाई अभियान चलाया

**गढ़वा।** कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी ने शहर थाना परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया। सचिव विकास माली के निर्देश पर सुबह से ही सफाईकर्मी टोली बनाकर परिसर की स्वच्छता में जुट गए। पूरे परिसर की नालियों की सफाई, ग्राउंड में फैले कचरे को हटाने, सीढ़ियों की धुलाई और अन्य जगहों पर जमा गंदगी को साफ किया गया।

### असफलता ही सफलता का सूत्र साबित हुआ : उप विकास आयुक्त




**लोहरदगा।** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इसमें उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि व्यक्ति को असफलता से सीख लेकर सफलता पाने के लिए ईमानदारी के साथ प्रयास करनी चाहिए। असफलता ही सफलता का सूत्र है। मैं इसका साक्षात उदाहरण हूँ। श्री शेखावत ने कहा कि मैंने दो बार यूपीएससी की परीक्षा में फेल होकर तीसरी बार में सफलता प्राप्त की है। इसके पूर्व भी कई प्रतियोगी परीक्षाओं में मैं असफल होकर इधर-उधर 7 वर्षों तक भटकता रहा। तब जाकर मुझे सफलता प्राप्त हुई। आज मैं इस मुकाम पर आपके सामने खड़ा हूं।

### स्कूल में तंबाकू निषेध पर कार्यशाला का आयोजन




देवघर। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी के निर्देश पर शुक्रवार को उत्कार्मित उच्च विद्यालय पहरिया सारवा में तंबाकू निषेध पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमे एन.टी.सी.पी. कोषांग के जिला परामर्शी अभिमन्यु कुमार दांगी ने बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया।

# टाटा स्टील नोवामुंडी ने भव्य शताब्दी समारोह के साथ खनन उत्कृष्टता के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाया

**नोवामुंडी की समृद्ध विरासत के निर्माण में पीढ़ियों से कर्मचारियों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है : महाप्रबंधक अतुल भटनागर**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** टाटा स्टील नोवामुंडी ने एक ऐतिहासिक खनन कार्यों के 100 साल पूरे होने पर एक भव्य और यादगार शताब्दी वर्ष समारोह मनाया। इस कार्यक्रम में अग्रणी खनन उत्कृष्टता, तकनीकी प्रगति और सामुदायिक विकास की एक सदी का जश्न मनाने के लिए टाटा स्टील के वरिष्ठ नेतृत्व, वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों और यूनियन सदस्यों को एक साथ लाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत एक ऑडियो-विजुअल फीचर, रिलिविंग 100 इयरसः सागा ऑफ नोआमुंडी की स्क्रीनिंग के साथ हुई, जिसमें नोआमुंडी के शुरूआती वर्षों से लेकर भारत के सबसे उन्नत और टिकाऊ खनन कार्यों में से एक बनने तक के दशकों में हुए बदलाव को दशार्या गया ।स्वागत भाषण देते हुए, अयस्क खान और खदानों (जीएम,




ओएमक्यू) के महाप्रबंधक अतुल भटनागर ने नवाचार, सुरक्षा, स्थिरता और लोगों के पहले मूल्यों पर आधारित एक मॉडल खनन स्थल बनने की दिशा में नोआमुंडी की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने नोआमुंडी की समृद्ध विरासत के निर्माण में पीढ़ियों से कर्मचारियों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

अतीत के पन्ने नामक उदासीन खंड ने वर्तमान और पूर्व नेताओं की अमूल्य यादें ताजा कर दीं। डी बी सुंदर रामम, उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट सर्विसेज, (वीपीसीएस) टाटा स्टील, जिन्होंने पहले रॉ मटेरियल के उपाध्यक्ष के रूप में भी काम किया था। नोआमुंडी में काम करने के अपने अनुभव साझा किए और अपने कार्यकाल के दौरान मील के पत्थर को परिभाषित करने पर विचार किया। इसके बाद पिछले नेताओं ए.एम. के किस्से सुनाए गए। मिश्रा और ए.डी. बैजल जिन्होंने नोआमुंडी की खनन यात्रा के महत्वपूर्ण अध्यायों और इसे आकार देने वाले लोगों पर दोबारा गौर किया। उत्सव का मुख्य आकर्षण टीवी नरेंद्रन, सीईओ और प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील, संदीप कुमार, उपाध्यक्ष, कच्चा माल, टाटा स्टील, वीपीसीएस और जीएम ओएमक्यू द्वारा स्मारक स्मारिका और कॉफी टेबल बुक का विमोचन था। कॉफी टेबल बुक, नोआमुंडी की 100 साल की यात्रा का एक दृश्य और वर्णनात्मक इतिहास है, जो अभिलेखीय छवियों, ऐतिहासिक मील के पत्थर और टाटा स्टील की सबसे प्रतिष्ठित खनन इकाइयों में से एक के विकास को दशार्ती कहानियों को प्रदर्शित करता है। संयुक्त विज्ञप्ति भविष्य की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अपनी विरासत का सम्मान करने की टाटा स्टील की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके बाद डीप रूट्स, डायवर्स स्टोरीजः माइनिंग टेल्स फ्रॉम एंप्लॉयीज नामक एक सत्र हुआ, जहां कर्मचारियों ने टाटा स्टील नोआमुंडी में काम करने के दौरान अपने अनुभवों और सीखों की व्यक्तिगत कहानियां साझा कीं, जो संगठन को परिभाषित करने वाली भावना, लचीलेपन और संस्कृति को दशार्ती हैं। सभा को संबोधित करते हुए, वीपीआरएम ने मजबूत नेतृत्व नींव और कर्मचारियों के सामूहिक योगदान को स्वीकार किया, जिसने नोआमुंडी को खनन उत्कृष्टता में एक उद्योग बेंचमार्क के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है।

## कांग्रेस की रैली देश में लोकतंत्र बचाने का महत्वपूर्ण प्रयास : प्रदेश अध्यक्ष



**चाईबासा।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि आगामी 14 दिसम्बर को नई दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली का पूरे देश में न केवल व्यापक असर होगा बल्कि इससे आम लोगों को चुनाव आयोग की भारतीय जनता पार्टी के साथ संलिप्तता तथा आम जनमानस को इस बेहद महत्वपूर्ण विषय पर जागरुक करने में भी भरपूर सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की रैली देश में लोकतंत्र बचाने का एक वैसा महत्वपूर्ण प्रयास है जिसमें सफलता तो सुनिश्चित है ही साथ ही इसे लम्बे समय तक याद रखा जायेगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आगे कहा कि 14 दिसम्बर 2025 को नई दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होनेवाली इस रैली का पूरे देश में न केवल व्यापक संदेश जानेवाला है बल्कि इससे आम लोगों को अपने अधिकारों की भी जानकारी मिलेगी। वोट चोरी के मामले में अब सारी बातें पूरी तरीके से स्पष्ट हो चुकी है कि किस प्रकार सरकारी मशीनरी अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिका को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि अफसोस की बात तो यह है कि सीधे-सीधे आरोप लगाये जाने के बाद भी इस मामले की निष्पक्ष जाँच के मामले में चुनाव आयोग की कोई संवेदनशीलता सामने नहीं आ रही है। दूसरी ओर सरकार चुनाव आयोग के उस रूप का बचाव कर रही है जो देश के लोकतंत्र पर आघात है। स्वयं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी के साथ शुक्रवार सुबह को भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। नई दिल्ली रवाना होने वालों में कांग्रेस के पदाधिकारी क्रमशः सौरभ अग्रवाल, कुमार राजा , त्रिशानु राय, लाल किशोर नाथ शहदेव आलोक दुबे, राज बागची , आफताब आलम, डॉ. राजेश गुप्ता , हारुन अंसारी, संजय कुमार , ईश्वर आनंद , रबिन्द्र झा आदि शामिल थे ।

## उपायुक्त ने की एससीए/एडीएफ/अनावद्ध/सीएसआर के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में और विभिन्न कार्यकारी विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला योजना पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी- गोईलकेरा/बंदगांव व अन्य की उपस्थिति में जिला योजना कार्यालय के अन्तर्गत संचालित विभिन्न मदों यथा एससीए/एडीएफ/अनावद्ध/सीएसआर के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा के निमित्त बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में उपायुक्त के द्वारा उपरोक्त सभी मद से वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत एवं कार्यकारी विभाग को आवंटित योजनाओं की प्रगति प्रतिवेदन का मद वार एवं एजेंसी वार अवलोकन किया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा विशेष केंद्रीय सहायता निधि से गुदड़ी प्रखंड के टोमडेल पंचायत में निमार्णाधीन सड़क का कार्य आगामी 15 जनवरी 2026 तक पूरा कराने के लिए कार्यपालक अभियंता-विशेष प्रमंडल, चाईबासा को निर्देशित किया गया। बैठक में विशेष केंद्रीय सहायता निधि से संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिला योजना कार्यालय के माध्यम से जिला अंतर्गत दूर-दराज के क्षेत्र में अवस्थित 16 पुलिस पिकेट/कैंप में सोलर पावर प्लांट अधिष्ठापन करवाया जा रहा है, जिसमें 10 स्थान पर प्लांट का निर्माण पूरा कर लिया गया है तथा 6 स्थान पर अधिष्ठापन कार्य जारी है। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा आकांक्षी जिला निधि से क्रियान्वित योजनाओं से संबंधित भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन का जायजा लिया गया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को मद अंतर्गत कुपोषण नियंत्रण आधारित प्रचार-प्रसार कार्य करने तथा इससे संबंधित पंपलेट तैयार कर सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्यपालक अभियंता- भवन प्रमंडल, चाईबासा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बंदगांव और गोईलकेरा को आकांक्षी जिला निधि तहत स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण जल्द से जल्द पूरा कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## सरकारी हस्तक्षेप के बाद धान की कम कीमत पर बिक्री रुकी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के किसान निजी खरीदारों द्वारा धान की कम कीमत तय किए जाने से परेशान थे। इस स्थिति पर संज्ञान लेते हुए स्थानीय प्रशासन ने तुरंत हस्तक्षेप किया। चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने स्थानीय बाजारों एवं किरतोटोली इलाके का दौरा किया। किसानों से सीधा संवाद किया। उचित मूल्य पर धान बेचने की सलाह दी। एसडीओ पूर्णिमा कुमारी ने किसानों को सूचित किया कि सरकार द्वारा संचालित लैंपस



धान खरीद केंद्र 15 तारीख से शुरू हो जाएगा। सरकारी केंद्र पर धान का मूल्य ?24.50 प्रति किलो निर्धारित किया गया है, जो निजी खरीदारों की तुलना में काफी अधिक है। इसके अतिरिक्त, सरकार की ओर से बोनस भी दिया जाएगा, जिससे किसानों की कुल आमदनी में और वृद्धि होगी। बीडीओ ने भी किसानों को समझाया कि सरकारी खरीद केंद्र का उद्देश्य केवल किसानों को लाभ पहुंचाना है। सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। कई किसानों ने मौके पर ही बाजार में धान बेचने का अपना इरादा बदलते हुए अपनी उपज घर वापस ले जाने का फैसला लिया।

## स्कूल वाहनों की सघन जांच की गई



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** जिले में आज लीवेंस स्कूल परिसर में स्कूल वाहनों की सघन जांच की गई। उपायुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी की टीम ने स्कूल के अंदर चलने वाले सभी वाहनों का निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों की बैठने की क्षमता, वाहन की तकनीकी स्थिति एवं सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। अभिभावकों कोई यह निर्देश दिया गया कि वह हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाएं। इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन के अमरेश्वर गिरी और ट्रैफिक इंचार्ज रजवार मौजूद रहे। अधिकारियों ने बच्चों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के साथ-साथ स्कूल आने-जाने वाले वाहनों के सुरक्षित एवं मानक अनुरूप संचालन पर विशेष जोर दिया।

# गढ़वा उपायुक्त ने जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

गढ़वा। उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों ने राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, अतिक्रमण, योजनाओं का लाभ, रोजगार सृजन सहित अन्य समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को नियमित रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम होता है। जनसुनवाई कार्यक्रम में गढ़वा प्रखंड के वार्ड संख्या 11 के दिव्यांगग संदीप कुमार सोनी ने नगर परिषद क्षेत्र में नवनिर्मित दुकानों में से एक आवंटित करने का आग्रह किया। उपायुक्त



ने नगर परिषद को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। धुरकी प्रखंड के ग्राम बीरबल के विष्णुधारी लाल ने अपनी खतियानी भूमि पर विपक्षियों द्वारा जबरन कब्जा कर खेती किए जाने की शिकायत की। गढ़वा प्रखंड के पोस्ट कल्याणपुर के ग्राम छतरपुर की शगुफ्ता शबनम ने बताया कि उनके राशन कार्ड में किसी अन्य व्यक्ति का आधार दर्ज हो गया है। इसके कारण उनका केवाईसी लंबित है। वे सरकारी योजनाओं से वंचित हो रही हैं। उपायुक्त ने आपूर्ति कार्यालय को त्वरित समाधान के लिए निर्देशित किया। चिनिया प्रखंड के ग्राम मसरा की सविता कुमारी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि आदिम जनजाति (कोरबा) बहुल टोला में 87 लाभान्वित बच्चों को पोषाहार उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, क्यों कि आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन की प्रक्रिया दो बार स्थगित हो चुकी है। उपायुक्त ने बाल विकास परियोजना कार्यालय को चयन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। भवनाथपुर प्रखंड के ग्राम सिंदुरिया की संजू देवी ने दिव्यांग पेंशन से संबंधित अपने बैंक खाते का स्थानांतरण करने में आ रही परेशानी से अवगत कराया। जिस पर उपायुक्त ने जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पदाधिकारी को तत्काल पहल कर समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

**जिला में युवाओं के नए कोर्स के प्रशिक्षण की पहल करने का आरसेटी को निर्देश**

# जेएसएलपीएस समूहों को अधिकतम ऋण उपलब्ध कराएं

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस की समीक्षा बैठक आज आयोजित की गई। इसमें सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2025-26 में एनआरएलएम अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन और क्लस्टर लेवल फेडरेशन पर चर्चा हुई जिसमें सभी प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधकों को ऐसे गठित समूह, संगठन, फेडरेशन को अधिकतम फंड उपलब्ध कराने के लिए अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। न्यूनतम डेढ़ लाख रुपए से लेकर अधिकतम 20 लाख रुपए प्राप्त करनेवाले समूह/ संगठन /फेडरेशन की मॉनिटरिंग की जाए। इस



दिशा में बेहतर कार्य करनेवाले बीपीएम को सम्मानित किया जाएगा। फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान अंतर्गत ऐसे महिलाओं को चिन्हित करने का आदेश दिया गया, जो इस अभियान का लाभ लेने के बावजूद हँड़िया बेचने का कार्य कर रही हैं। साथ ही, जो महिलाएं हँड़िया बेचने का कार्य कर रही हैं उन्हें इस अभियान से लाभान्वित कर आजीविका के अन्य माध्यमों से जोड़ा जाए। उपायुक्त ने कहा कि जिला में गठित स्वयं सहायता समूह की सदस्यों मुद्रा ऋण, पीएफएमई और एआईएफ से अच्छादित किया जाए। इसके लिए विशेष शिविर आयोजित कराये जाएं। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना में जिन लोगों ने नियमित रूप से प्रीमियम भरा था, अगर उनकी मृत्यु हो जाती है तो आश्रित को योजना का लाभ त्वरित दिलाएं। इसी प्रकार पीएमएसबीवाई एवं पीएमजेजेवाई अंतर्गत अगर स्थायी विकलांगता की शिकार उक्त महिला हो जाती है तो उसे क्लेम का लाभ मिले। प्राकृतिक मृत्यु पर पीएम जीवन ज्योति योजना और दुर्घटना में मृत्यु पर पीएम सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिया जाता है। अगर किसी ने दोनों योजनाएं ली हैं इसमे अगर मृत्यु ही है उपरांत उसके आश्रित को दोनों योजनाओं का लाभ दिया जाए।

# महिला छात्रावासों पर निजी कब्जा व सरकारी भवनों के दुरुपयोग पर जताई कड़ी आपत्ति

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** एंटी करप्शन ऑफ इंडिया, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष धी. रमहरि पेरियार ने उपायुक्त, पश्चिम सिंहभूम को सौंपे गए ज्ञापन में जिले के दो गंभीर एवं अत्यंत चिंताजनक मामलों पर कड़ा विरोध दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्ति पर निजी कब्जा, छात्राओं के आवास का व्यावसायीकरण तथा कॉलेज की इमारत को निजी उपयोग में देना– किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और यह सीधे-सीधे छात्रों के संवैधानिक अधिकारों पर हमला है। 1. SC/ST छात्रावासों पर



निजी कब्जा : छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों पर सीधा आघात SC/ST छात्राओं के लिए निर्मित छात्रावासों को निजी व्यक्तियों/संस्थाओं द्वारा स्किल डेवलपमेंट सेंटर के रूप में कब्जा कर लिया गया है। यह स्थिति अनुच्छेद 14, 15(4), 21 और 21अ के स्पष्ट उल्लंघन के साथ-साथ सरकारी धन, सार्वजनिक संपत्ति एवं छात्राओं की सुरक्षा– तीनों के साथ खिलवाड़ है। एंटी करप्शन ऑफ इंडिया ने इसे प्रशासनिक लापरवाही, मिलीभगत और गहरी पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का परिणाम बताया है। सरकारी छात्रावास को निजी व्यावसायिक केंद्र में बदल देना, शासन-प्रणाली की असफलता का जीवंत उदाहरण है। जी.सी. जैन कॉमर्स कॉलेज जर्जर भवन में कक्षाएँ, नया भवन निजी संस्थान को सौंपे जाने का गंभीर आरोप कॉलेज का पुराना भवन गंभीर रूप से जर्जर और खतरनाक घोषित होने योग्य है, फिर भी छात्र-छात्राएँ उसी में अध्ययन को मजबूर हैं।

# आपकी पूंजी आपका अधिकार के तहत लगे शिविर में पहुंचे सैकडों ग्राहक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**कोडरमा।** आपकी पूंजी आपका अधिकार राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत गुरुवार को झुमरीतिलैया के शिव वाटिका में व्यापक जागरूकता और सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जिले के नागरिकों को बेनामी खातों की खोज, सत्यापन और दावा प्रक्रिया से अवगत कराना एवं उन्हें उनका वैध धन प्राप्त कराने में सहायता देना था। अभियान के तहत अदावाकृत संपत्ति निपटान प्रक्रिया, जो 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक संचालित अंतर्गत अब तक जिले में कुल 2.75 करोड़ रुपये की राशि का निपटान किया जा चुका है। इस अवसर पर लगाए गए विशेष शिविर में 200 से अधिक ग्राहकों की उपस्थिति रही। प्रतिभागियों को उनकी अदावाकृत जमा और अन्य अवशिष्ट दावों से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिन लाभार्थियों के दावे निपटान किए गए उन्हें दावा निपटान संबन्धित प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह मौजूद थे। उन्होंने भारत सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान नागरिकों को उनके वित्तीय अधिकारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार की जरूरत है। वहीं कोडरमा की विधायक डॉ नीरा यादव भी उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि बैंकों की ओर से उठाया गया कदम अभूतपूर्व है। इससे सरकार के पास रखा हुआ पैसा उनके दावेदारों तक आसानी से पहुंच जाएगा। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के उप महाप्रबंधक सन्तोष कुमार ने बताया कि काफी बड़ी राशि झारखंड राज्य में बिना दावे के पड़ी हुई है। इसके लिए सभी ग्राहकों को जागरूक होने की आवश्यकता है। बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग के उप आंचलिक प्रबंधक लक्ष्मी नारायण डागरा ने बताया कि हमारे अंचल में इस तरह के कुल 2,32,851 खाते हैं जिनमें 71.71 करोड़ की राशि रखी हुई है। इसमें सिर्फ सरकारी खाते 827 हैं जिनमें 5.07 करोड़ रुपये की राशि रखी हुई है। कार्यक्रम में बैंक अधिकारी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, गिरिडीह रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिन्हा, स्टार यूनियन दाईईची हजारीबाग के अंचल प्रबंधक राजेश रंजन कुमार, कोडरमा जिला के वरिष्ठ टेरीटरी प्रबंधक शाहबाज अंसारी सहित कई खाताधारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ जवान सुजीत का हुआ अंतिम संस्कार, अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा हुजूम

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**कोडरमा।** श्रीनगर के निशात करपुरा में नाका ड्यूटी पर तैनात सीआरपीएफ जवान सुजीत का शव शुक्रवार को ताबूत में बंद व तिरंगे से लिपटकर कोडरमा जिले के देवीपुर पहुंचा। जैसे ही वाहन गांव के प्रमुख द्वार पर रुका जन सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं सहित हजारों की संख्या में लोग सुजीत के अंतिम दर्शन को पहुंचने लगे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। गांव के लोगों ने बताया कि सुजीत बचपन से ही शांत स्वभाव के थे और देश सेवा का जज्बा उन में कूट-कूट कर भरा हुआ था। उनके ताबूत को देखकर हर किसी की आंखें नम हो गई। गांव के मुख्य मार्ग से अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें जन समुदाय कंधा मिलाकर चल रहे थे। सुजीत अमर रहे,भारत माता की जय के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। अंतिम संस्कार स्थल धोबिया डीह स्थित नदी के मुक्तिधाम पर सुरक्षा बलों की टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी। उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि सुजीत सिर्फ एक जवान नहीं थे बल्कि क्षेत्र का गौरव थे। उनके बड़े भाई विकास कुमार सिंह भी सीआरपीएफ के जवान हैं। सुजीत के अंतिम यात्रा में एसडीपीओ अनिल सिंह, बीडीओ हुलास महतो, सीओ परमेश्वर कुशवाहा, थाना प्रभारी सुमन कुमार, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, प्रखण्ड प्रमुख बिजय कुमार सिंह, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, भाजपा नेता राजकुमार यादव, बिजय यादव, कैलाश यादव, मुखिया बेदू साव, पूर्व मुखिया राजीव पांडेय, मनोज सिंह, राजद के महेंद्र यादव, यमुना यादव सहित कई गणमान्य और ग्रामीण लोग मौजूद थे। इस दौरान सीआरपीएफ के अधिकारी सुशांत और जितेंद्र सिंह से सुजीत की मौत के बारे मे पूछे जाने पर कुछ भी बोलने से मना कर दिया।

## संक्षिप्त

### स्टेट लेवल लीगल सर्विसेज कैंप का आज चीफ जस्टिस करेंगे उद्घाटन

**दुमका।** कन्वेंशन सेंटर, दुमका में स्टेट लेवल लीगल सर्विसेज कम एंपावरमेंट कैंप का आयोजन शनिवार को होगा। इसके साथ ही संथाल परगना क्षेत्र के दुमका में नेशनल लेवल लोक अदालत का भी आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जज सुधांशु कुमार शशि ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान होंगे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को विधिक जागरूकता के लिए कानूनी जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगा कर सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम में लाभुकों के बीच चीफ जस्टिस की ओर से परिसंपत्तियों का भी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में चीफ जस्टिस के अलावा हाईकोर्ट के तीन जस्टिस भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है चीफ जस्टिस बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर में पूजा-अर्चना कर सड़क मार्ग से बासुकीनाथ धाम पहुंच पूजा-अर्चना कर कन्वेंशन सेंटर पहुंचेंगे जहां वे आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के बाद चीफ जस्टिस राजभवन पहुंचेंगे।

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़ मामले में दो गिरफ्तार



**चतरा।** टंडवा थाना क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ मामले में पुलिस ने दो आरोपित मो सलीम 22 वर्ष और मो सोयेब 20 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपित सिमरिया थाना क्षेत्र के हैं। ग्रामीणों के अनुसार सिमरिया से दोनों आरोपित गांव आये थे। जहां अकेली नाबालिग लड़की को देख छेड़छाड़ करने लगे। ग्रामीणों ने दोनों को दबोच कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है।

# उपायुक्त ने साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस पर सुनी समस्याएं

## सभी आवेदनों को संबंधित शाखाओं को आगे की कार्रवाई के लिए किया प्रेषित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुमला।** साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में शुक्रवार को सम्पन्न हुई। जिले के विभिन्न प्रखंडों और दूरस्थ गांवों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित शाखाओं को आगे की कार्रवाई के लिए प्रेषित किया। रायडीह अंचल की निवासी एक आवेदिका ने बताया कि उनके पति की उग्रवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी, जिसके कारण वे वर्तमान पदस्थापन स्थल पर कार्य करने में भय महसूस करती हैं। उन्होंने अनुरोध किया कि उनका स्थानांतरण जिले के किसी अन्य कार्यालय में किया जाए, जिससे वे सुरक्षित वातावरण में कार्य कर सकें। मौजा बसुआ निवासी महावीर उरांव ने बताया कि खाता संख्या 468 की उनकी खरीदी गई 3.78 एकड़ जमीन पर वे कई वर्षों से खेती करते आ रहे हैं, परंतु चरवा उरांव, बंधनु उरांव और बसिया उरांव द्वारा उन्हें लगातार फसल काटने से रोका जा रहा है। जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।

पुलिस द्वारा बुलाए जाने पर विरोधी पक्ष उपस्थित नहीं हुआ। आवेदक ने सुरक्षा और भूमि विवाद के समाधान की मांग की है। कसीरा, थाना गुमला की सुन्नी देवी ने कहा कि वह दिव्यांवग महिला हैं। बीटा नंबर 1, प्लॉट नंबर 1,810 स्थित उनके मकान के निकास मार्ग को कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से घेर दिया गया है। इस कारण वह अपने ही घर में सुरक्षित रूप से रह नहीं पा रही हैं। उन्हें मजबूर होकर बच्चों सहित अन्य स्थान पर रहना पड़ा है। उन्होंने अपने मकान के निकास मार्ग को अवरोध मुक्त कराने की मांग की है। एक अन्य आवेदन में आवासीय एथलेटिक्स बालक प्रशिक्षण केंद्र और आवासीय फुटबॉल बालिका प्रशिक्षण केंद्र में की गई मरम्मत और सुसज्जीकरण कार्य का विवरण प्रस्तुत किया गया। आवेदक ने बताया कि देय राशि में से 27,46,293 का भुगतान हो चुका है, जबकि 7,78,314 की राशि अब भी लंबित है। उन्होंने बकाया भुगतान करने का अनुरोध किया है। इस दौरान अन्य कई समस्याओं को लिए आवेदकों ने आकार उपायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान आयुष्मान, आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे मामलों एवं विभिन्न योजनाओं के। मांग लिए कई आवेदकों भी वहां पहुंचे एवं कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया।

# श्रम विभाग औद्योगिक इकाइयों पर सख्त अपडेटेड मजदूरी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य



**सरायकेला-खरसावा।** जिला श्रम विभाग ने औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि अब जिले की सभी फैक्ट्रियों और कंपनियों को सरकार द्वारा निर्धारित अद्यतन मजदूरी दरों को अपने मुख्य गेट और नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना होगा। यह नियम आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र समेत पूरे जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर लागू होगा। श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर ने बताया कि न्यूनतम मजदूरी और महंगाई भत्ता जोड़कर तय की गई दरों को नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करना पहले से ही कानूनी बाध्यता है, लेकिन कई इकाइयों द्वारा इसका सही पालन नहीं किया जा रहा था। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विभाग ने अब निगरानी तेज करने और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। विभाग जल्द ही जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है, ताकि मजदूरों को उनकी वास्तविक मजदूरी और अधिकारों की जानकारी मिल सके तथा शोषण की स्थिति पर रोक लगाई जा सके। श्रम विभाग ने सभी उद्योग प्रबंधन से अपील की है कि वे नियमों का समुचित पालन सुनिश्चित करें और मजदूरी दरों को समय-समय पर अपडेट कर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें।

## सदर अस्पताल के निरीक्षण में बंद मिला जन औषधि केंद्र

**गुमला।** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन जिला ग्रामीण विकास शाखा विद्या भूषण के द्वारा सदर अस्पताल का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में रोगी भर्ती वार्ड, किचेन रूम, दवा वितरण कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में रोगी भर्ती वार्ड में भर्ती किए गए मरीजों एवं उनके परिजनों से वार्ता की गई। वार्ता के क्रम में मरीज एवं उनके परिजनों के द्वारा सेवा संतुष्टि बतलाई गई। सर्जिकल वार्ड में 32 मरीज तथा जेनरल वार्ड में 1,19 मरीज भर्ती थे। ओपीडी में कुल 6,59 मरीजों का निबंधन एवं 13 आयुष्मान कार्ड निर्गत किया गया था। उपाधीक्षक के द्वारा जानकारी दी गई कि संबंधित भर्ती एवं बाह्य रोगी को यथासंभव इलाज मुहैया कराया जा रहा है। मरीज की स्थिति के अनुसार आवश्यकता आकलन के अनुसार इन्हें बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर किया जाता है। किचेन के निरीक्षण के क्रम में आवश्यक साफ सफाई के लिए निर्देशित किया गया। दवा वितरण कक्ष के निरीक्षण के क्रम में जानकारी दी गई कि अभी वर्तमान में अस्पताल में 6,00 दवा उपलब्ध है, किंतु जन औषधि केंद्र बंद पाया गया। पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति नियमित रूप से ससमय सुनिश्चित करने के लिए उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अनुपस्थित पाए गए पदाधिकारी एवं कर्मियों से कारण पृच्छा के लिए उपाधीक्षक को निर्देशित किया गया।

## लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट कराने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के करलाजोड़ी निवासी रिटायर्ड बैंककर्मी परमेश्वर पुरती के खिलाफ लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट कराने के नाम पर साइबर अपराधियों ने कुल 16 लाख 92 हजार रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर मुफ्फसिल थाना ने 13 नवंबर मामला दर्ज किया। मामले में शुक्रवार को सदर एसडीपीओ बहामन टूटी ने प्रेस वार्ता बताया कि एसपी के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने सबसे पहले साइबर टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल कर विवादित सभी खातों को होल्ड कराते हुए अपराधियों की पहचान की और त्वरित कार्रवाई की। तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टीम ने पहले मो सकीर अंसारी को 6 दिसंबर और मो इकबाल अहमद को 7 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। इसी कार्रवाई के क्रम में टीम ने अपराधी मो नसीम अंसारी (28) को गिरफ्तार किया। नसीम अंसारी ने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि इस ठगी में अन्य साइबर अपराधी भी संलिप्त हैं। आरोपित के कब्जे से एक मोबाइल भी बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि नसीम अंसारी का पहले भी साइबर और अन्य अपराधों में आपराधिक इतिहास रहा है। विशेष छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बहामन टुटी, तकनीकी शाखा के चंद्र शेखर और मुफ्फसिल थाना एवं रिजर्व गार्ड के नागेंद्र शामिल थे। इस मामले में जांच अभी भी जारी है और अन्य संलिप्त आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# लाला खान हत्याकांड मामले में साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपित बरी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** वासेपुर के जमीन कारोबारी लाला खान हत्याकांड मामले में जिला जज दुर्गेश चन्द्र अवस्थी की अदालत ने शुक्रवार को साक्ष्य के अभाव में शेष सभी सात आरोपितों को रिहा कर दिया। उल्लेखनीय है कि लाला खान हत्याकांड मामले में कुल 13 लोगों को आरोपित बनाया गया था, जिसमें से 6 आरोपितों को पहले ही अदालत से रिहाई मिल चुकी है। वहीं, शेष 7 लोगों को न्यायालय ने रिहा कर दिया। वहीं मामले में बचाव पक्ष के वकील शैयद अत्ताउल्ला ने बताया कि लाला खान हत्या मामले के सूचक अदालत में मुकर गये थे, इसके बाद बचाव पक्ष लगातार न्यायालय में यह दावा करता रहा कि आरोपितों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए साक्ष्य के अभाव में इस मामले के सभी आरोपितों को रिहा कर दिया। इस मामले में अमन सिंह और आशीष रंजन भी नामजद थे, जिनकी पहले ही मौत हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि जमीन कारोबारी मो असरफ अल हसन उर्फ लाला खान को 12 मई 2021 को दिनदहाड़े जब्बार मस्जिद के सामने अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# दिव्यांग पर दबंगई का मामला पहुंचा जनता दरबार, उपायुक्त ने कार्रवाई का दिया आदेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए समाहरणालय में आयोजित उपायुक्त आदित्य रंजन के कार्यालय में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में धनसार थाना क्षेत्र के घोवाटांड निवासी दिव्यांग चंदन कुमार न्याय की गुहार लेकर पहुंचा। उसने अपने लिखित आवेदन में आरोप लगाया कि भू-माफिया सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं और उसकी छोटी सी गुमटी को भी जलाने की लगातार धमकी दे रहे हैं। उसके अनुसार, दबंगों की दहशत के कारण वह अपने रोजगार और सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित है। दिव्यांग व्यक्ति की पीड़ा सुनते ही उपायुक्त आदित्य रंजन ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत संबंधित विभाग और पुलिस अधिकारियों को जरूरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता के साथ निपटाया जाएगा और किसी भी हाल में गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

# गुरु श्री तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर आज से सजेगा कीर्तन दरबार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** सिख पंथ के नौवें पातशाह, हिन्द दी चादर, धर्म के रक्षक महान शहीद-श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज और भाई सती दास जी, भाई मति दास जी और भाई दयाला जी के 350 वें शहीदी दिवस को समर्पित शनिवार से मनिफिट के डीवीसी मैदान में 75 वां भव्य कीर्तन और कथा दरबार सजाया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को आयोजन समिति के सदस्य सरदार सुरेन्द्र सिंह सन्नी ने दी। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय पवित्र समागम सिख नौजवान सभा (मनिफिट यूनिट) के तत्वावधान में साध-संगत के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। दो दिनों तक चलने वाले इस आस्था के महासागर में श्री दरबार साहिब, अमृतसर के हजूरी रागी भाई सतिन्दरबीर सिंह, प्रख्यात कथावाचक ज्ञानी चमकौर सिंह धन, भाई गुरप्रताप सिंह पदम (ढाडी जत्था) और भाई हरमीत सिंह टाटानगर वाले कीर्तनिये संगत को गुरबाणी का रसपान कराएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सक्रिय सदस्य सुरेंदर सिंह सन्नी के अलावा तरसेम सिंह, हरपाल सिंह, मनजीत सिंह, अमरीक सिंह, राजेन्द्र सिंह, गजराग सिंह सहित अन्य कीर्तन समागम की तैयारी में जुटे हुए हैं। संगत इन महान रागियों और कथावाचकों के मुखारविंद से गुरु तेग बहादुर साहिब जी के बलिदान, उनकी धर्म रक्षा की गाथा और गुरबाणी की अमृतवाणी सुनकर निहाल होगी। उन?होंने बताया कि दोनों दिन दोपहर और शाम को गुरु का अटूट लंगर बरताया जायेगा। साथ ही चाय-जलपान की पूरी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कोल्हान क्षेत्र की समस्त साध-संगत से आग्रह किया कि गुरदर्शन के लिए अधिक से अधिक संख्या में डीवीसी मैदान में हाजरी भर गुरुघर की खुशियां और आशीर्वाद प्राप्त करें।

# पाणिनि उत्सव का आयोजन कल, विधायक करेंगे उद्घाटन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** संस्कृत व्याकरण के जनक महर्षि पाणिनि के योगदान को नए युग में पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से पाणिनि उत्सव समिति 14 दिसंबर को एक दिवसीय पाणिनि उत्सव का आयोजन करेगी। यह कार्यक्रम पीएम श्री उत्क्रमित पीपुल्स अकादमी प?लस टू विद्यालय, न्यू बाराद्वारी स्थित कालिदास सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सरयू राय उत्सव का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में देश के प्रमुख भाषाविद और व्याकरणाचार्य डॉ मित्रेश्वर अग्निमित्र, बालमुकुंद चौधरी, डॉ शशिभूषण मिश्र और कंप्यूटर विज्ञान और व्याकरण के विशेषज्ञ डॉ कौस्तुभ सान्याल शामिल होंगे। यह जानकारी समिति के सचिव चंद्रदीप पांडेय, डॉ रागिनी भूषण और राजदेव सिन्हा ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। चंद्रदीप पांडेय ने बताया कि महर्षि पाणिनि रचित अष्टाध्यायी प्राचीन भारतीय भाषा विज्ञान का आधार है, जिसमें 4,000 से अधिक सूत्र हैं और जो न केवल भाषा को वैज्ञानिक ढंग से व्यवस्थित करता है, बल्कि उस समय के समाज और संस्कृति का भी दस्तावेज प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकी जगत में कोडिंग की अवधारणा ने विश्व का ध्यान भारतीय ज्ञान परंपरा की ओर आकर्षित किया है और महर्षि पाणिनि रचित माहेश्वर सूत्रों को प्रथम कोडिंग प्रणाली के रूप में भी देखा जाता है। इसी विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का उद्देश्य लेकर समिति ने पाणिनि उत्सव-2025 को समर्पित किया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विद्वानों के संभाषण के साथ-साथ पाणिनि फाउंडेशन की निदेशक रमा पोपली की पुस्तक पाणिनि पैडागोजी का लोकार्पण भी किया जाएगा।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, छह लोग घायल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र के हल्दी पट्टी में जमीन विवाद को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट में करीब छह लोग घायल हो गए। घायलों में तीन महिला और तीन पुरुष शामिल हैं, जिनके सिर में गंभीर चोटें आई है। वहीं, सूचना पर धनसार थाना प्रभारी मनोहर करमाली दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्ष के लोगों को थाना ले गए। उल्लेखनीय है कि धनसर थाना क्षेत्र के गांधीनगर हल्दी पट्टी में महतो पक्ष और यादव पक्ष के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। इस मामले में पहले भी दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो चुकी है। महतो पक्ष के जलेश्वर महतो का कहना है कि राज राजन यादव, भगवान यादव, राजेश यादव, रमेश यादव और लक्ष्मण यादव हमारी खातियानी और पुश्तैनी जमीन को जबरन हड़पना चाहते हैं, विरोध करने पर मारपीट करते हैं। इस मामले को लेकर कई बार थाने में भी शिकायत की गई है। जिला प्रशासन की ओर से उक्त जमीन पर निषेधाज्ञा भी लागू है, फिर भी वे लोग चारदिवारी दे रहे हैं। लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वहीं मामले में दूसरे पक्ष के सतेंद्र यादव का कहना है कि उनके पास उक्त जमीन की डीड और रसीद मौजूद है। उन्होंने कहा कि वे अपने जमीन पर चारदिवारीकर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जलेश्वर महतो के लोग लोग ही मारपीट के लिए आए थे। मामले में पुलिस दोनों ओर से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है।

## संपादकीय

### बीएलओ पर बढ़ता दबाव

**मतदाता** सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य लोकतांत्रिक ढांचे का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि इसी पर चुनावी प्रक्रिया की शुचिता और विश्वसनीयता निर्भर करती है। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) पर बढ़ता दबाव अब खतरनाक रूप लेता जा रहा है। देश के कई हिस्सों से यह खबरें आ रही हैं कि कामकाज की अव्यवस्थित संरचना, दबाव और धमकियों के चलते कुछ बीएलओ ने आत्मघाती कदम उठा लिए या नौकरी छोड़ने पर मजबूर हो गए। सवाल यह है कि आखिर ऐसी नौबत क्यों आ रही है? सुप्रीम कोर्ट ने बीएलओ को दी जा रही धमकियों और दबाव को गंभीरता से लेते हुए निर्वाचन आयोग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस स्थिति को तुरंत काबू में लाया जाए। अदालत का यह कहना कि यदि ऐसी घटनाओं को समय रहते नहीं रोका गया तो ₹अराजकता फैल जाएगी₹, इस संकट की गंभीरता को रेखांकित करता है। सोचने वाली बात यह है कि निर्वाचन आयोग जैसे संवैधानिक संस्थान को अपने कार्य ढांचे को दुरुस्त करने के लिए अदालत की ओर से बार-बार मार्गदर्शन की आवश्यकता क्यों पड़ रही है? मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने का कार्य बीएलओ को प्रत्यक्ष रूप से नागरिकों के घर जाकर करना होता है। सीमित समय, भारी लक्ष्य और दबाव का माहौल उनके लिए मानसिक तनाव पैदा करता है। कई जगहों से उन्हें धमकाए जाने, अपमानित किए जाने और अनावश्यक विवादों में घसीटे जाने की घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इतने महत्वपूर्ण और संवेदनशील कार्य को पूरा करने के लिए बीएलओ को आवश्यक सुरक्षा, प्रशिक्षण और मानसिक समर्थन मिल रहा है? निर्वाचन आयोग ने पुनरीक्षण अभियान की अवधि एक सप्ताह बढ़ाई है, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि इतने व्यापक कार्य को सीमित समय में निपटाने का दबाव चूक और त्रुटियों की आशंका बढ़ाता है। किसी भी गलती का खामियाजा बीएलओ को ही भुगतना पड़ता है–ऊपर से कार्रवाई का डर, नीचे से जनता की नाराजगी। आखिर यह कैसा प्रारूप है, जिसमें पूरी प्रक्रिया का बोझ एक ही कड़ी पर डाल दिया गया है?

# राजमार्गों की खतरनाक हकीकत और सुरक्षा की स्थिति?

**अखिलेश आर्येंदु**



देश में सड़कों पर सुरक्षा का मसला अब गंभीर चिंता का विषय बन गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग हों, एक्सप्रेस-वे हों या फिर संपर्क मार्ग, हर जगह रोजाना बड़ी संख्या में लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। यह आशंका हमेशा बनी रहती है कि पता नहीं कब, किस मार्ग पर किसके साथ हादसा हो जाए। सवाल है कि तमाम सड़कों पर वाहनों में या पैदल यात्रा करना अब इतना जोखिम भरा और खतरनाक क्यों होता जा रहा है? बड़े वाहन हो या फिर दो पहिया, किसी पर भी यात्रा करना अब सुरक्षित नहीं रह गया है? सबसे ज्यादा खतरा पैदल यात्रियों को सताने लगा है। सड़क की इस हकीकत से सरकार और प्रशासनिक अमला सभी भली-भांति वाकिफ हैं। मगर हादसों को रोकने के लिए कोई भी उपाय अभी तक कारगर साबित नहीं हुआ है। भारत में सड़क सुरक्षा की स्थिति बेहद चिंताजनक है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2023 में देशभर में 4.61 लाख सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिसमें से 1.72 लाख से ज्यादा लोगों की असमय मौत हो गई। यह तब है, जब देश में सड़क तंत्र का महज दो फीसद हिस्सा-राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, जो 30-35 फीसद मौतों के लिए जिम्मेदार है। यह आंकड़ा दशार्ता है कि देश भर में सभी तरह की सड़क दुर्घटनाओं में होने मौतों में सबसे ज्यादा भूमिका राष्ट्रीय राजमार्गों की है। चिंता की बात यह है कि तमाम सुरक्षात्मक नियमों, कानूनों और जागरूकता अभियानों के बावजूद राजमार्गों पर हो रही दुर्घटनाओं में कमी आने के बजाय इनकी संख्या लगातार बढ़ रही हैं।

जिन कारणों से सड़क हादसों में तेजी आई है, उनमें खराब सड़क अभियांत्रिकी भी है, जिसमें अंधे मोड़, तिरछे-आड़े मोड़ और जरूरी सुरक्षा संकेतों की कमी शामिल है। इसके अलावा सीमा से अधिक गति, चालकों की थकान और ध्यान विचलन भी एक बड़ी वजह है। कमजोर प्रवर्तन भी राजमार्ग पर हादसों का एक कारण है, जिसमें यातायात प्रबंधन की कमी और सीमित गति कैमरों के कारण नियमों का पालन न हो पाना है। इसके साथ ही सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों की अनदेखी, पर्याप्त रोशनी का अभाव, कोहरा, लापरवाही से वाहन चलाना और अचानक ब्रेक फेल हो जाना भी हादसों की वजह बन रहा है। सड़क सुरक्षा के लिए महज अवसंरचना का विकास ही जरूरी नहीं है, बल्कि वक्त के अनुसार सुरक्षा नियमों में बदलाव और व्यापक जनजागरूकता भी आवश्यक है। पिछले दस वर्षों में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सड़क हादसों को कम करने के लिए तमाम तरह के कदम उठाए हैं, लेकिन उससे हादसों में कमी नहीं आई। इन कदमों के तहत सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिए केंद्र से राज्यों को निर्देश तथा सड़कों के डिजाइन, संकेतकों और लेन में सुधार के अलावा ब्लैक स्पाटइ की पहचान एवं सुधार कार्य में तेजी लाना जैसे उपाय शामिल हैं। सरकार ने उन्नति पूर्ण चालक सचेत यांत्रिकी यानी एडीएएस को सभी ट्रक और बसों में अनिवार्य करने का फैसला किया है। इसी तरह

> *जिन कारणों से सड़क हादसों में तेजी आई है, उनमें खराब सड़क अभियांत्रिकी भी है, जिसमें अंधे मोड़, तिरछे–आड़े मोड़ और जरूरी सुरक्षा संकेतों की कमी शामिल है। इसके अलावा सीमा से अधिक गति, चालकों की थकान और ध्यान विचलन भी एक बड़ी वजह है। कमजोर प्रवर्तन भी राजमार्ग पर हादसों का एक कारण है, जिसमें यातायात प्रबंधन की कमी और सीमित गति कैमरों के कारण नियमों का पालन न हो पाना है। इसके साथ ही सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा–निर्देशों की अनदेखी, पर्याप्त रोशनी का अभाव, कोहरा, लापरवाही से वाहन चलाना और अचानक ब्रेक फेल हो जाना भी हादसों की वजह बन रहा है। सड़क सुरक्षा के लिए महज अवसंरचना का विकास ही जरूरी नहीं है, बल्कि वक्त के अनुसार सुरक्षा नियमों में बदलाव और व्यापक जनजागरूकता भी आवश्यक है। पिछले दस वर्षों में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सड़क हादसों को कम करने के लिए तमाम तरह के कदम उठाए हैं, लेकिन उससे हादसों में कमी नहीं आई। इन कदमों के तहत सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिए केंद्र से राज्यों को निर्देश तथा सड़कों के डिजाइन, संकेतकों और लेन में सुधार के अलावा ब्लैक स्पॉट की पहचान एवं सुधार कार्य में तेजी लाना जैसे उपाय शामिल हैं। सरकार ने उन्नति पूर्ण चालक सचेत यांत्रिकी यानी एडीएएस को सभी ट्रक और बसों में अनिवार्य करने का फैसला किया है। इसी तरह अक्तूबर, 2027 तक वाहनों के नए माडल में स्वचालित आपात ब्रेक्र प्रणाली, डाइवर ड्रोजिंनेस अलर्ट और लेन डिपार्चर वार्निंग प्रणाली लगाना जरूरी।*

अक्तूबर, 2027 तक वाहनों के नए माडल में स्वचालित आपात ब्रेक्र प्रणाली, डाइवर ड्रोजिंनेस अलर्टइ और लेन डिपार्चर वार्निंग प्रणाली लगाना जरूरी। वर्ष 2028 से सभी पुराने माडल में भी ये व्यवस्थाएं करनी होंगी। मगर, राजमार्गों पर बढ़ती वाहनों की संख्या की वजह से ये कदम नाकाफी साबित हो रहे हैं। जाहिर है कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में महज नीतिगत सुधार के अलावा व्यावहारिक रूप से हादसों को रोकने के लिए और भी ज्यादा सुधार करने होंगे। जब तक नीति, कानून और कार्यान्वयन पर बराबर गौर नहीं किया जाएगा, तब तक सड़कें पूरी तरह से सुरक्षित और भयरहित नहीं बन पाएंगी।

सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में महाराष्ट्र ने एक मिसाल पेश की है। इसके तहत विशेष राजमार्ग पुलिस बल का गठन किया गया है। इस बल में दो हजार से ज्यादा कर्मी तैनात हैं, जो राज्य के प्रमुख राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर निरंतर गश्त और निगरानी करते हैं। महाराष्ट्र का यह माडल दूसरे राज्यों के लिए नजीर बन सकता है। अगर केंद्र सरकार इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू करे, तो सड़क हादसों की बढ़ती संख्या पर कुछ हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। दूसरे राज्यों में यह जिम्मेदारी राज्य पुलिस और यातायात पुलिस इकाइयां बखूबी निभा सकती हैं। आजादी के बाद से तमाम सुरक्षा जरूरतों के लिए पुलिस या सुरक्षा बलों का गठन किया गया, लेकिन यातायात सुरक्षा बल का गठन केंद्रीय स्तर पर नहीं हो सका है। सवाल है कि जब सरकार सड़क सुरक्षा के लिए बजट में निर्धारित राशि भी खर्च न कर पा रही हो, तो सुधार की उम्मीद कैसे बने? सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर गति प्रबंधन दिशा-निर्देशइ जितनी जल्दी हो सके, लागू किए जाने चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सारे प्रयास अधूरे रह जाएंगे। सड़क हादसों में आ रही तेजी को देखते हुए सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके तहत तत्काल कुछ विशेष तरह के कदम उठाने की जरूरत है। सबसे पहले, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड का गठन जितनी जल्दी हो सके, सरकार को करना चाहिए। जिससे सड़क सुरक्षा से जुड़ी सभी तरह की नीतिगत, तकनीकी और संस्थागत एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित हो सके। दूसरा, देश के लिए राष्ट्रीय गति प्रबंधन दिशा-निर्देश तैयार करने की जरूरत है, जिसके अंतर्गत गति निगरानी, कैमरा-आधारित प्रवर्तन और स्वचालित दंड प्रणाली को बेहतर बनाए जा सके। तीसरा, राजमार्ग प्राधिकरण, राज्य परिवहन विभाग और राज्य सरकारों के बीच नियमित संयुक्त समीक्षा व्यवस्था लागू की जानी चाहिए, ताकि सड़क सुरक्षा योजनाओं, ब्लैक स्पाट सुधार कार्यों और प्रवर्तन गतिविधियों की प्रगति पर नजर रखी जा सके। इससे देश भर में सड़क सुरक्षा की बेहतर निगरानी हो सकेगी और हादसों में हो रही वृद्धि को कम करने में भी मदद मिलेगी।

सड़क सुरक्षा वास्तव में जीवन सुरक्षा, परिवार सुरक्षा, समाज सुरक्षा और राष्ट्र सुरक्षा से जुड़ा मसला है। इसलिए इसे जितनी दृढ़ता, गंभीरता और प्राथमिकता दी जाए, उतना बेहतर होगा। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि देश के प्रत्येक व्यक्ति को यात्रा-सुरक्षा के लिए अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। इसके तहत वाहन चलाने का बेहतर प्रशिक्षण हासिल करना, नशे में वाहन न चलाना तथा यातायात नियमों और कानूनों का पूरी तरह पालन करना होगा। किसी वाहन से आगे निकलने की होड़ वाली प्रवृत्ति को त्यागना होगा, जो न केवल अपनी जान को जोखिम में डालती है, बल्कि दूसरे की जिंदगी से भी खिलवाड़ करती है। अपनी सुरक्षा जितनी जरूरी है, उतनी ही दूसरे की सुरक्षा भी है। लापरवाही या सड़क नियमों को तोड़कर आगे बढ?ा हादसे को निमंत्रण देना है। दो पहिया वाहनों पर सवार लोगों के हर हाल में हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट बांधने तथा गति सीमा का पालन करने से हादसों की भयावहता को कम किया जा सकता है। इस बात को समझना बेहद जरूरी है कि सिर्फ सरकारी स्तर पर प्रयासों से ही देश में सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। यह सब शासन, प्रशासन और समाज के सामूहिक प्रयासों से ही संभव हो सकता है।

**– लेखक के अपने निजी विचार हैं।**

# भूख से युद्ध के साथ शिक्षा की लौ जलाता अक्षय पात्र

**उमेश चतुर्वेदी**

अक्षय पात्र सोलह राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 24 लाख बच्चों को नियमित रूप से उनके स्कूलों में भोजन करा रहा है। साल 2001 में सर्वोच्च न्यायालय ने स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन योजना को लागू करने का आदेश दिया। देश की सर्वोच्च अदालत में दायर एक जनहित याचिका में कहा गया था कि खाद्य निगम के गोदामों में काफी मात्रा में अन्न सड़ जाता है। उस अन्न के जरिए मध्यान्ह भोजन योजना लागू की जा सकती है। सर्वोच्च न्यायालय को यह तर्क जंचा और उसके ही आदेश पर समूचे देश के स्कूलों में दोपहर में बना हुआ भोजन देना जरूरी कर दिया गया। इसके पहले केंद्र की नरसिंह राव सरकार ने 15 अगस्त 1995 को राष्ट्रीय पोषण योजना की चुने हुए ब्लॉकों में शुरूआत की, जिसके तहत स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन मुहैया कराना शुरू हुआ। बाद में इसके तहत बच्चों को मुफ्त चावल दिया जाने लगा। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद अब पका हुआ खाना देना अनिवार्य कर दिया गया। अब इसका नाम प्रधानमंत्री पोषण कार्यक्रम कर दिया गया है। अक्षय पात्र फाउंडेशन की शुरूआत के पीछे अंतरराष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ यानी इस्कॉन के संस्थापक स्वामी प्रभुपाद का भी एक संकल्प कार्य कर रहा है। स्वामी प्रभुपाद पश्चिम बंगाल के मायापुर में भगवान कृष्ण के भजन में लीन रहते थे। एक बार उन्होंने अपनी खिड़की से देखा, कूड़े में फेंके भोजन को लेकर कुत्ते और कुछ बच्चों में खींचतान चल रही थी। यह कारूणिक दृश्य देखकर प्रभुपाद परेशान हो गए। उन्होंने तब संकल्प लिया कि वे ऐसी व्यवस्था करेंगे, जिसकी वजह से उनके आसपास कोई भूखा रहने को मजबूर ना हो सके। इस्कॉन के मंदिरों में यह व्यवस्था अहर्निश अब तक जारी है। उनके यहां भोजन के वक्त कोई भूखा नहीं रहता। बहरहाल दीन-दुखियों, बच्चों, विधवा और बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरूषों, स्कूली बच्चों और आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों को भोजन मुहैया कराने के लिए इस्कॉन से जुड़े दो संतों ने अक्षय पात्र की साल 2000 में कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में की। इस्कॉन से जुड़े मधु पंडित दास और चंचलापति दास ने मिलकर अक्षय पात्र फाउंडेशन की स्थापना की। पहले साल साल



इस योजना के तहत बेंगलुरू के पांच स्कूलों के 1,500 बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया गया। तब से यह फाउंडेशन लगातार कार्य कर रहा है और आज स्थिति यह है कि अक्षय पात्र सोलह राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के सरकारी विद्यालयों के करीब चौबीस लाख बच्चों को रोजाना दोपहर का भोजन मुहैया करा रहा है। अक्षय पात्र का उद्देश्य भूख की वजह से स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को भोजन मुहैया कराना और उन्हें शिक्षा हासिल करने में सहयोगी बनना है।

शुरूआत में सीमित पैमाने पर काम करने के बाद, संस्था का विस्तार तेजी से हुआ। आज यह भारत में सबसे बड़े मध्याह्न भोजन कार्यक्रमों में से एक का संचालन करता है, जिसके दायरे में अब करीब चौथाई करोड़ बच्चे आ चुके हैं। अक्षय पात्र के जरिए अब तक चार अरब से ज्यादा थालियां खिलाई जा चुकी हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो चार अरब लोगों को अब तक भोजन मुहैया कराया जा चुका है। इसका मतलब यह है कि भारत की आबादी के करीब ढाई गुना ज्यादा लोगों को अब तक यह गैरलाभकारी संगठन खाना खिला चुका है। अक्षय पात्र की पहुंच आज 23,978 से अधिक स्कूलों तक हो गई है। इस साल मार्च में अक्षय पात्र ने अपना 78वां रसोईघर स्थापित किया। बहुत लोगों को जानकर हैरत होगी कि इनमें से 47 रसोईघरों को आईएसओ प्रमाण पत्र हासिल है।

सरकारी स्कूलों में जारी मध्यान्ह भोजन योजना पर दो तरह के आरोप लगते रहे हैं। पहला भ्रष्टाचार का होता है, जबकि दूसरा परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर रहा है। कमोबेश ये शिकायतें अभी तक बनी हुई हैं। लेकिन अक्षय पात्र की ओर से जिन स्कूलों, आंगनबाड़ियों आदि में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, वहं ऐसी कोई शिकायत नहीं है।

इसकी वजह यह है कि अक्षय पात्र सिर्फ सरकार से मिलने वाले चावल, दाल और गेहूं और दूसरी सहूलियतों पर ही निर्भर नहीं है। अक्षय पात्र फाउंडेशन दान दाताओं से भी मिले सहयोग पर भी निर्भर है। दान में मिली रकम से अक्षय पात्र ने ना सिर्फ भोजन की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखी है, बल्कि पौष्टिकता और पोषण का भी ध्यान रखा है। उसके पास जो 78 रसोईघर हैं, वे पूरी तरह मशीनीकृत हैं। उनमें स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाता है। भोजन को तैयार करने के लिए सैकड़ों लोग इन रसोईघरों में कार्यरत हैं। तैयार भोजन को स्कूलों और आंगनबाड़ियों को पूरी तरह एयर कंडिशंड व्यवस्था में भेजा जाता है। एक तरह से कह सकते हैं कि अक्षय पात्र का भोजन ढोने वाले वाहन सचल रेफ्रिजरेटर हैं। यानी भोजन के खराब होने या बासी होने की कोई वजह नहीं है। भोजन में तेल, सब्जी, आटा, दाल, चावल, मसाले आदि जिस भी चीज का इस्तेमाल होता है, उनकी गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाता है। इतना ही नहीं, भोजन का मेन्यू भी एक ही नहीं होता। बल्कि भोजन का मेन्यू रोजाना अलग-अलग होता है। अक्षय पात्र के एक प्रवक्ता कहते हैं कि हमारा उद्देश्य पौष्टिक और गुणवत्ता युक्त भोजन मुहैया कराकर स्कूली बच्चों की सेहत का ध्यान तो रखना ही है, उनकी पढ़ाई की गुणवत्ता को निर्बाध रखना है। अध्ययन बताते हैं कि दोपहर का भोजन मिलने के बाद स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में गिरावट आई है। साल 2003 में अक्षय पात्र फाउंडेशन को मध्याह्न भोजन योजना का भागीदार बनाया गया । इसी साल पहली बार फाउंडेशन ने कर्नाटक सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इसके बाद कर्नाटक के हुबली, मैसूर और मंगलुरु के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के वृंदावन और राजस्थान के जयपुर जैसे अन्य स्थानों पर भी और अधिक रसोइयां स्थापित की गईं। आज, यह संगठन भोजन परोसने के साथ सुनिश्चित करता है कि कक्षा में बैठने वाले प्रत्येक बच्चे को पर्याप्त पोषण मिले।

**– लेखक के अपने निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**13 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





**शनिवार** 2025 वर्ष का 347 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 16.39 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त अहोरात्र।
**योग** आयुष्मान 11.16 बजे को समाप्त।
**करण** गर 16.39 बजे तदनन्तर वणिज 05.41 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 22.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 09'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872557
**जूलियन दिन** 2461022.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 21

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.49 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मकर | 08.55 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.41 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.14 बजे से |
| गुरू | मिथुन में | मेष | 13.44 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.24 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.23 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.36 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 21.52 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 00.04 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | तुला | 02.15 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 04.29 ब.से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8705



**बाएँ से दाएँ**

1. रुद्र, शिव, भैरव-4
4. आर्युवेद के जनक-3
6. भीगा हुआ-2
7. ताला(अंग्रेजी-2)
9. शेविंग करना -4
11. योग्य, अनुरूप-3
12. अल्सर-3
13. ज्वालामुखी से निकला गर्म द्रव-2
14. नमाज पढ़ने से पहले हाथ- पांव धोना-2
15. नाप जोख करना-3
17. अनुमान लगाना-3
19. उदारता, बड़प्पन-4
21. गाथा, कहानी -2
23. जनकपुत्री-2
24. जिज्ञासा, उत्साह-3
25. राजा, सम्राट- 4

**ऊपर से नीचे**

1. इच्छुक, अलमस्त-4
2. मात, पराजय-2
3. बोलने का तरीका-3
4. अचंभित-3
5. आर्ट, हुनर-2
8. गुनाह, अपराध-3
9. अटक-अटक कर बोलना-4
10. सरुर, खुमार, नशा, घमंड-2
12. नजाकत-4
15. अभिनेता, कप्तान-3
16. आनंद बोधक शब्द-2
18. सम्राट, राजा-4
19. व्यंग, परिहास-3
20. मुलायम-3
22. परात, बड़ी थाली-2
23. हलवा, एक मिष्ठान्न-2

**शब्द पहेली -8704 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ला | म | त | ■ | ल | ल | क |
| दा | दा | ■ | न | म | न | ■ | ■ | ल |
| म | चा | न | ■ | स | र | फ | रो | श |
| ■ | र | का | बी | ■ | क | ■ | ■ | या |
| आ | ■ | रा | ज | ■ | म | न | ■ | त्रा |
| ल | ■ | ■ | डा | ■ | य | म | ज | ■ |
| म | नो | मि | ल | न | ■ | न | ल | का |
| गी | ■ | ■ | ना | र | द | ■ | च | र |
| र | वा | ना | ■ | क | र | ता | र | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

### सूडोकु नवताल- 7642

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7641 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

मां ऐश्वर्या राय ने बताया सच

# आराध्या बच्चन सोशल मीडिया पर हैं या नहीं?



**इन** दिनों आराध्या बच्चन के सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। कई लोग आराध्या के सोशल मीडिया पर होने का दावा कर रहे हैं। अब मां ऐश्वर्या राय ने खुद साफ किया है कि आराध्या सोशल मीडिया पर हैं या नहीं.


पिछले कुछ वक्त से आराध्या बच्चन के सोशल मीडिया पर होने को लेकर एक बहस चल रही है। सोशल मीडिया पर आराध्या बच्चन के नाम से अकाउंट है, जिसके बाद उनके सोशल मीडिया पर होने का दावा किया जा रहा है। अब खुद आराध्या की मां और अभिनेत्री ऐश्वर्य राय ने इस मामले में प्रतिक्रिया दी है। आराध्या बच्चन सोशल मीडिया पर हैं या नहीं, अब ऐश्वर्या ने खुद इस मामले में स्पष्ट कर दिया है। जानिए ऐश ने क्या कुछ बताया...रेड सी फिल्म फेस्टिवल में पहुंची अभिनेत्री ने यहां आराध्या बच्चन के सोशल मीडिया पर होने को लेकर चल रही चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी। आराध्या के फेक सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर ऐश्वर्या ने कहा कि जो चीजें बाहर हैं, कभी-कभी लोग मान लेते हैं कि वह उनकी हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। मुझे लगता है कि कोई न कोई शुभचिंतक जरूर है, जिसने इसे बनाया है। जाहिर है कि यह आराध्या, मेरे परिवार, मेरे पति और मेरे लिए प्यार की वजह से है। आपके इस प्यार के लिए धन्यवाद, लेकिन वह आराध्या नहीं हैं। आराध्या अभी सोशल मीडिया पर नहीं हैं। जो अकाउंट आराध्या के नाम से है, वह उनका नहीं है। ऐश्वर्या ने लोगों से ऐसे फेक अकाउंट से बचने का भी आग्रह किया।

सोशल मीडिया के साथ अपने रिश्ते को लेकर भी ऐश्वर्या ने कहा कि मैं सोशल मीडिया का अधिक इस्तेमाल नहीं करती है। मैं सिर्फ काम के लिए ही सोशल मीडिया का इस्तेमाल करती हूं। एक्ट्रेस ने कहा कि सोशल मीडिया की खासियत यह है कि यह आज जीवन का एक हिस्सा बन गया है। इसका इस्तेमाल एक मंच के रूप में किया जाता है जहां आप जुड़ सकते हैं, अपने काम को साझा कर सकते हैं।

पीयूष मिश्रा ने रणबीर कपूर के लिए कही ये बात

# 'इतना बेशर्म आदमी आज तक नहीं देखा...







**दिग्गज** एक्टर और लेखक पीयूष मिश्रा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर के साथ अपने अनुभव शेयर किए और उनकी तुलना दिवंगत एक्टर इरफान खान से की. पीयूष मिश्रा ने रणबीर के साथ फिल्म 'तमाशा' में काम किया था, रणबीर के बेहद सहज और बेपरवाह अंदाज से खासा प्रभावित हुए थे. झएक इंटरव्यू में पीयूष मिश्रा ने रणबीर कपूर की तारीफ करते हुए एक चौंकाने वाला बयान दिया. उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'अरे पूछिए भी मत–वो बंदा तो कुछ और ही है.' वह आगे बोले, 'इतना नंगा, बेशर्म आदमी मैंने आज तक नहीं देखा. दरअसल, पीयूष मिश्रा हैरान थे कि वह इतने बड़े कपूर खानदान की महान विरासत से आने के बावजूद उस चीज का बोझ अपने कंधों पर नहीं रखते. उन्होंने कहा, 'वह इतनी बड़ी लेगेसी से आते हैं. उनके पिता (ऋषि कपूर), दादा (राज कपूर), परदादा (पृथ्वीराज कपूर) तक, लेकिन वह 1 भी किसी का लोड लेकर नहीं चलते हैं.' पीयूष ने बताया कि रणबीर इतनी संजीदगी से अपना शॉट देते हैं और कैमरा बंद होते ही तुरंत उस सीन से बाहर आ जाते हैं, एकदम सामान्य हो जाते हैं. उन्हें इस बात का जरा भी घमंड नहीं रहता कि वह 'कपूर परिवार' से हैं.

# उर्वशी रौतेला का सेल्फ डांस चैलेंज हुआ सुपर वायरल



**बॉलीवुड** की खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला एक बार फिर इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। इस बार कारण है उनका धमाकेदार सेल्फ डांस चैलेंज, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ाधड़ वायरल हो रहा है। उनके बेहतरीन डांस मूव्स और जबरदस्त एनर्जी ने फैंस और क्रिटिक्स दोनों को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। वीडियो में उर्वशी न केवल अपनी तकनीकी डांस स्किल्स दिखाती हैं बल्कि उनका करिश्मा और स्टेज प्रेज़ेंस भी दर्शकों को कुछ ही सेकंड में बांध लेता है। उनकी परफ़ॉर्मेंस ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है. सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स पर लोग उनके मूव्स को शेयर कर रहे हैं, कमेंट कर रहे हैं और यहां तक कि उनके सिग्नेचर स्टेप्स को रीक्रिएट भी कर रहे हैं। इस चैलेंज की खास बात यह है कि यह उर्वशी और उनके फैंस के बीच एक अलग ही कनेक्शन बना रहा है। फिल्मों या स्टेज पर होने वाली कोरियोग्राफ़्ड परफ़ॉर्मेंस के मुकाबले यह सेल्फ-चैलेंज ज्यादा पर्सनल और रिलेटेबल लगता है। यह सिर्फ एक डांस नहीं, बल्कि टैलेंट, कॉन्फिडेंस और स्टार पावर का एक शानदार जश्न है।

# जिसने रणबीर को दी टक्कर, उसकी बड़ी फिल्म में दीपिका की एंट्री?

**दीपिका** पादुकोण के खाते में इस वक्त दो बड़ी फिल्में हैं. पहली अल्लू अर्जुन के साथ और दूसरी शाहरुख खान की 'किंग'. लेकिन उन दो फिल्मों की वजह से चर्चा में हैं, जिससे उनका पहले ही पत्ता कट गया है. दीपिका पादुकोण का इस वक्त दो बड़ी फिल्मों से नाम जुड़ रहा है, लेकिन उससे पहले ही एक बड़ी फिल्म में एंट्री की खबरें हैं. वो उस एक्टर के साथ दिख सकती हैं, जिसने रणबीर कपूर को कांटे की टक्कर दी थी. दीपिका पादुकोण बड़ी वापसी की तैयारी में हैं. बेटी के जन्म के बाद जिन दो फिल्मों में वो नजर आने वाली हैं, वो है- अल्लू अर्जुन की पिक्चर और शाहरुख खान की 'किंग'. यूं तो किंग खान की फिल्म में थोड़ा ही रोल होगा, जिसके लिए पहले ही शूट भी खत्म कर चुकी हैं. लेकिन इन दोनों ही फिल्मों की वजह से वो चर्चा में नहीं हैं. बल्कि उन दो प्रोजेक्ट्स को लेकर खूब सुर्खियां बटोर चुकी हैं, जिससे एक्ट्रेस को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. 'स्पिरिट' और 'कल्कि 2' से बाहर होने के बाद कहा जा रहा है कि वो दो बड़ी फिल्म में दिखेंगी. अब 800 करोड़ी एक्टर की फिल्म में दीपिका पादुकोण की एंट्री हो गई है? दीपिका पादुकोण का नाम रणबीर कपूर की एक बड़ी फिल्म से नाम जुड़ रहा था. साथ ही कहा गया कि दीपिका जल्द ही मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स में शाखचूनी का किरदार निभा सकती हैं, यह एक बंगाली भूतनी का रोल है. लेकिन इन सबके बीच उनकी एक बड़ी फिल्म में एंट्री होने की खबरें तेज हैं. उनके अपोजिट लीड रोल में वो ही एक्टर है, जो रणबीर कपूर को टक्कर दे चुका है. मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस के बाहर स्पॉट हुई दीपिका पादुकोण इस फिल्म के चलते चर्चा में हैं.

## किस फिल्म में दीपिका की एंट्री हो गई?

हाल ही में दीपिका पादुकोण को मुंबई के सांताक्रूज में मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस में देखा गया. उस वक्त कहा गया कि वो मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने वाली हैं. लेकिन अब एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी है. जिससे पता लगा कि दीपिका पादुकोण फिल्म 'महावतार' में विकी कौशल के साथ काम करने के लिए बातचीत कर रही हैं. यह फिल्म परशुराम पर बेस्ड है, जिसका डायरेक्टर अमर कौशिक ने नवंबर 2024 में ही ऐलान कर दिया था. फिल्म से विकी कौशल का एक लुक भी सामने आ चुका है. अगले साल यानी 2026 के क्रिसमस में फिल्म को लाने की प्लानिंग थी. पर 'लव एंड वॉर' के काम में देरी के चलते इसे आगे बढ़ा दिया गया है.

जया बच्चन विवाद पर बोले आशुतोष राणा

# 'ईश्वर ने सबको समान बनाया है, इसलिए सम्मान भी बराबर मिलना चाहिए'



मनोरंजन जगत में सितारों के बयान अक्सर चर्चा का विषय बन जाते हैं, और हाल ही में ऐसा ही हुआ अभिनेत्री जया बच्चन के एक कार्यक्रम में दिए गए बयान को लेकर। सोशल मीडिया पर उनका वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने पैपराजी और उनकी कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल उठाए। इसके बाद से बॉलीवुड के कई जाने-माने चेहरे इस मुद्दे पर अपनी राय रख रहे हैं। किसी ने जया बच्चन का समर्थन किया, तो कई कलाकार उनकी आलोचना भी करते नजर आए। इस कड़ी में अभिनेता आशुतोष राणा ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। बात करते हुए अभिनेता आशुतोष राणा ने कहा, ''इंसान स्वभाव से ही भावुक और संवेदनशील होता है। हर व्यक्ति की अपनी एक कीमत होती है और हर इंसान सम्मान के योग्य है। कभी-कभी भावनाओं के कारण हम किसी बात पर तुरंत प्रतिक्रिया दे देते हैं, गुस्से में कुछ बोल देते हैं या सामने वाले की आलोचना कर बैठते हैं। लेकिन, इसी के साथ हमारे भीतर संवेदनशीलता भी होती है, जो हमें समझने की क्षमता देती है कि सामने वाला भी हमारे जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''ईश्वर ने सभी को एक ही तरह बनाया है। किसी को कम या ज्यादा समझना गलत है। हम सभी समान हैं, इसलिए सम्मान भी बराबर मिलना चाहिए। जब हम यह समझते हैं कि दूसरे की भी एक पहचान और अस्तित्व है, तो हम ज्यादा बेहतर तरीके से व्यवहार करते हैं। दूसरी ओर, आईटीए (इंडियन टेलीविजन एकेडमी) के फाउंडर और अभिनेता शशि रंजन ने जया बच्चन के बयान पर साफ शब्दों में असहमति जताई। उन्होंने बात करते हुए कहा, ''मैं जया बच्चन की राय का सम्मान करता हूं.




'बॉर्डर-2' से

# अहान शेट्टी का दमदार लुक जारी, फिल्म जल्द होगी रिलीज

**मोस्ट** अवेटेड वॉर ड्रामा फिल्म बॉर्डर-2 जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मेकर्स ने सन्नी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के बाद मंगलवार को अहान शेट्टी का पहला लुक रिवील कर दिया, जिसे देख फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। अहान शेट्टी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पहला लुक शेयर किया, जिसमें अभिनेता खून से लथपथ फौजी की वर्दी पहने हुए जुनून के साथ चिल्लाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ट को शेयर कर कैप्शन में लिखा, 'सरहद हो या समंदर, धरती मां का हर बेटा एक ही कसम निभाता है। 'बॉर्डर-2' 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज।' पोस्ट शेयर करने के बाद दोस्त, परिवार और इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। अहान शेट्टी के पिता और अभिनेता सुनील शेट्टी ने कमेंट करते हुए लिखा, 'सम्मान... अपनी छाप छोड़ जाता है और हिम्मत तुम पर खूब जंचती है, बेटे। अभिनेता अर्जुन रामपाल ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'वाह! अहान, कमाल कर रहे हो। इससे पहले मेकर्स ने सनी देओल, वरुण और दिलजीत का लुक शेयर किया था, जिसमें उनके किरदार के नाम भी बताए गए थे। 'बॉर्डर-2' में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, वरुण धवन, अहान शेट्टी के अलावा, मोना सिंह, मेधा राणा और सोनम बाजवा भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का टीजर जारी किया जा चुका है। फिल्म 'बॉर्डर 2' के निर्देशक अनुराग सिंह हैं और इसका निर्माण गुलशन कुमार और टी-सीरीज के बैनर तले किया गया है।



# लैक सिविन गाउन में हिना ने दिखाई कातिल अदाएं

टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हिना खान अक्सर अपनी तस्वीरों से फैंस का ध्यान अपनी तरफ खींचती रहती हैं. इसी बीच उन्होंने अपनी कुछ ऐसी फोटोज शेयर की हैं, जिसने फैंस की धड़कने तेज कर दी हैं. टेलीविजन की दुनिया से लेकर OTT प्लेटफॉर्म तक अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने वाली टीवी की चहेती एक्ट्रेस हिना खान न सिर्फ अपनी खूबसूरती और अदाकार से लोगों को अपना दीवाना बनाती हैं, बल्कि वह अपने स्टाइल और फैशन सेंस से भी सबका दिल जीत लेती हैं. हिना अच्छे से जानती हैं कि फैंस के दिलों पर राज कैसे करना है. यही वजह है कि उनका स्टाइलिश अवतार इंटरनेट पर अक्सर छाया रहता है. वहीं टीवी की इस ब्यूटी क्वीन ने एक बार फिर से सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट पोस्ट से तहलका मचा दिया है. हिना खान ने इस बार ब्लैक सिक्विन गाउन में अपनी तस्वीरें शेयर की है, जिसमें उनकी कातिलाना अदाएं फैंस की धड़कनें बढ़ाने का काम कर रही हैं.

## एक्ट्रेस ने दिखाई क्लासी गाउन में दिलकश अदाएं

लेटेस्ट फोटोज में हिना खान का लुक बेहद खूबसूरत और क्लासी लग रहा है. उनकी दिलकश अदाओं को देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी अदाकारी और फैशन सेंस के कायल हो गए हैं.




# केबीसी के सेट पर अमिताभ बच्चन ने किया भ्रामरी प्राणायाम

**क्विज** शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का हर एपिसोड दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आता है, लेकिन हाल ही में प्रसारित एपिसोड थोड़ा अलग और खास रहा। शो के होस्ट अमिताभ बच्चन इस बार योग करते हुए नजर आए। एपिसोड में राजस्थान के उदयपुर से आई योगा इंस्ट्रक्टर प्रतिमा सिंह हॉट सीट पर पहुंचीं। प्रतिमा ने अमिताभ बच्चन के साथ बातचीत करते हुए बताया कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में मन का संतुलन बनाए रखना कितना जरूरी है। हमारे जीवन में छोटी-छोटी सांस लेने की आदतें भी हमें तनाव से दूर कर सकती हैं और मन को शांत कर सकती हैं। उनकी बातों को अमिताभ बच्चन और दर्शक ध्यान से सुनते दिखाई दिए। बातचीत के दौरान प्रतिमा सिंह ने 'भ्रामरी प्राणायाम' के बारे में बताया, जो मन को तुरंत शांत करने के लिए जानी जाती है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास को करने के लिए किसी खास तैयारी की जरूरत नहीं होती। बस आराम से बैठकर, आंखें बंद कर, गहरी सांस लेकर और सांस छोड़ते समय मधुमक्खी की तरह हल्की सी आवाज निकालनी होती है। यह तरीका बेहद सरल है, लेकिन इसके फायदे काफी हैं। प्रतिमा ने स्टूडियो में ही अमिताभ बच्चन और दर्शकों को इस तकनीक का अभ्यास करवाया। जैसे ही अमिताभ बच्चन ने आंखें बंद कर योग की मुद्रा अपनाई, पूरा सेट शांत हो गया और शो का माहौल एकदम बदल गया। यह हिस्सा एपिसोड की खास झलक बन गया।

## योगा इंस्ट्रक्टर ने बताए फायदे

प्रतिमा ने बताया कि भ्रामरी प्राणायाम रोजमर्रा की जिंदगी में आसानी से शामिल किया जा सकता है। यह अभ्यास मन को शांत करता है, तनाव कम करता है और सोच को साफ बनाता है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में जहां हर कोई भागदौड़ में फंसा है, ऐसे छोटे-छोटे अभ्यास हमारे जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने में बहुत मदद कर सकते हैं। अमिताभ बच्चन ने भी इस प्राणायाम की तारीफ की और कहा कि इस तरह के सरल अभ्यास लोगों के जीवन में काफी असर डाल सकते हैं।



# रोबोट ने सलमान खान से मिलाया हाथ

**सलमान** खान के स्वैग के फैंस दीवाने हैं। हाल ही में एक वीडियो अभिनेता का वायरल हुआ, जिसमें एक रोबोट उनसे हाथ मिला रहा है। यह वीडियो फैंस को खूब पसंद आया है। यूजर्स ने इस वीडियो पर रिएक्शन भी दिया है। हाल ही में सलमान खान आईएसपीएल के इवेंट में शामिल हुए। यह क्रिकेट से जुड़ा एक इवेंट था। इस इवेंट में स्टेज पर एक रोबोट भी मौजूद था। जिसने सलमान खान के साथ हाथ मिलाया। सलमान खान भी रोबोट के सिर को थपथपा दिखे। यह वीडियो सलमान के फैंस और यूजर्स को काफी पसंद आया है। वायरल वीडियो में सलमान खान स्टेज पर खड़े थे, रोबोट उनके पास आकर हाथ मिलाता है। इस पर यूजर्स ने कमेंट किया, 'एआई भी भाईजान का फैन निकला।'

# डिजिटल क्रिएशन पर बोलीं प्राजता कोली- यहां कोई रोडमैप नहीं, रोलरकोस्टर है



**यूट्यूबर** और एक्ट्रेस प्राजक्ता कोली ने साफ कहा है कि डिजिटल कंटेंट क्रिएशन का दौर न तो खत्म हुआ है और न ही धीमा पड़ा है, बल्कि पिछले दस साल में यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ा, तेज और अनिश्चित हो गया है। बातचीत में जब उनसे पूछा गया कि क्या सोशल मीडिया अब इन्फ्लुएंसर-डॉमिनेटेड हो गया है और कंटेंट क्रिएटर्स की शेल्फ लाइफ खत्म हो रही है, तो प्राजक्ता ने कहा, 'मुझे बिल्कुल ऐसा नहीं लगता। यह कम नहीं हुआ है, बस बदल गया है। दस-ग्यारह साल पहले जब हमने काम शुरू किया था, तब सिर्फ लॉन्ग-फॉर्म वीडियो चलते थे। आज लोगों का अटेंशन बस बंट गया है। आज कई नए-नए प्लेटफॉर्म्स आ गए हैं।' प्राजक्ता ने साल 2017 के डिजिटल बूम को गेम-चेंजर बताया। उन्होंने कहा, 'उसी बूम की वजह से आज भारत में इतना काम है कि पहले से कहीं ज्यादा क्रिएटर्स मौजूद हैं। यही कारण है कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल इकॉनमी बन चुका है। हर बड़ा ब्रांड, हर बड़ी कंपनी भारत की तरफ देख रही है और हमारे साथ काम करना चाहती है। क्रिएटर बनने की जर्नी को उन्होंने पूरी तरह अनप्रेडिक्टेबल बताया। प्राजक्ता ने कहा, 'इस इंडस्ट्री में कोई तय रोडमैप या ब्लूप्रिंट नहीं होता। यह एक रोलरकोस्टर राइड है। कभी लगता है कि तीन-चार अच्छे वीडियो बन गए, जिंदगी सेट हो गई। फिर पांचवां वीडियो आते-आते सब बदल जाता है। इस पागलपन में कोई पैटर्न नहीं, कोई रिदम नहीं। सब कुछ खुद ही करना पड़ता है। उन्होंने यह भी माना कि पिछले दस साल में उनकी सबसे बड़ी सीख यही रही है कि बदलाव को जल्दी अपनाना जरूरी है। उन्होंने बताया, 'मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण रहा यह समझना कि इस समय कौन-सी चीज चल रही है, कौन सी चलनी बंद हो गई और फिर बिना रुके अगली चीज की तरफ बढ़ जाना। प्राजक्ता का मानना है कि डिजिटल स्पेस का सफर जितना चुनौतीपूर्ण है, उतना ही रोमांचक भी है। 'मोस्टलीसेन' चैनल से मशहूर हुईं प्राजक्ता 'मिस्मैच्ड' और 'जुग जुग जीयो' जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं।

# बिहार में बढ़ती ठंड और कोहरे से आम जनजीवन प्रभावित

एजेंसी

**पटना।** बिहार में शीतलहर जैसी परिस्थितियाँ धीरे-धीरे प्रभाव दिखाने लगी हैं। प्रदेश में ठंड में बढ़ोत्तरी के साथ सुबह के समय फैलने वाले कोहरे ने आम जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। कई जिलों में शुक्रवार की सुबह हल्के कोहरे की परत देखने को मिली, जिसके कारण लोगों को आवागमन में दिक़्क़तें पेश आईं। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्यता में कमी होने से कामकाज की शुरूआत देर से हो रही है, वहीं शहरी इलाकों में भी सड़क यातायात पर इसका असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार में आगामी 2 से 3 दिनों तक सुबह के समय मौसम ऐसा ही बने रहने की संभावना है। विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्के से मध्यम कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है। हालांकि घने कोहरे की व्यापक आशंका फिलहाल नहीं जताई गई है, फिर भी उत्तर बिहार के कुछ ज़िलों में दृश्यता और तापमान दोनों में गिरावट दर्ज हो सकती है। कोहरा मुख्य रूप से सुबह के पहर में अधिक प्रभावी रहेगा, जबकि दिन चढ़ने के बाद स्थिति सामान्य हो जाने की संभावना है। मौसम विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस अवधि में बिहार का मौसम शुष्क रहेगा। यानी वर्षा की कोई संभावना नहीं है, जिससे न्यूनतम तापमान में और गिरावट हो सकती है। सुबह और रात के समय ठंड में तीखापन बढ़ने की संभावना है, जबकि दिन में हल्की धूप लोगों को राहत दे सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ ठंड के इस बढ़ते प्रभाव को देखते हुए लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। सुबह और रात में गर्म कपड़ों का उपयोग, बुजुर्गों और बच्चों को ठंडी हवा से बचाव, और शरीर को गर्म रखने वाली चीजों के सेवन की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है।



# पटना को स्मार्ट, स्वच्छ और आधुनिक शहर बनाने की पहल, बनाये जायेंगे 25 वेंडिंग जोन

एजेंसी




**पटना।** पटना को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर बनाने की दिशा में ठोस पहल की गई है। पटना में 25 नये वेंडिंग जोन विकसित करने, जल निकासी-जलापूर्ति-सीवरेज नेटवर्क की जीआईएस मैपिंग को तेज गति से पूर्ण करने, ठोस कचरा प्रबंधन हेतु नये वाहनों के क्रय एवं संग्रहण प्रणाली को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने, तथा राम चक बैरिया एसडब्लूएम प्रोजेक्ट के कलेक्शन से लेकर डिस्पोजल तक सभी चरणों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। पटना की बढ़ती आबादी और शहरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई, जलापूर्ति, सीवरेज एवं स्वच्छता जैसे जन महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों को समयबद्ध और परिणाम आधारित कार्य करने का निर्देश दिया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग मुख्यालय में पटना नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ मंत्री नगर विकास एवं आवास नितिन नबीन ने समीक्षा बैठक कर राजधानी में बेहतर नागरिक सुविधाएँ सुनिश्चित करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पूदकलकट्टी, अपर सचिव विजय प्रकाश मीणा, बुडको के मुख्य प्रबंधक अनिमेष पराशर, पटना नगर निगम आयुक्त यशपाल मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मिले विधायक, सौंपा ज्ञापन

**भागलपुर।** बिहपुर के भाजपा विधायक ई शैलेन्द्र ने नई दिल्ली में शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान विधायक ने उन्हें एक मांगपत्र सौंपकर बिहपुर विस में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए केंद्र सरकार की सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, मार्गदर्शन और समय देने का भी अनुरोध किया। वहीं शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि अगर बिहपुर विस में जमीन उपलब्ध हो जाय तो वहां हमारा मंत्रालय केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने का प्रस्ताव दे सकता है। ई.शैलेंद्र ने कहा कि बिहपुर विस एक विकासोन्मुख क्षेत्र है। जहां प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत शैक्षिक संरचना के सुदृढ़ीकरण की अत्यंत आवश्यकता है। क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में अभी भी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। वर्तमान स्थिति वांछित मानकों से काफी कम है। जिससे बच्चों को प्राप्त होने वाली शिक्षा की गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। क्षेत्र को मॉडल स्कूल आवंटित किए गए हैं। लेकिन आवश्यक सुविधाओं और आधारभूत संरचना के अभाव में ये विद्यालय अब तक संचालित नहीं हो पाया है।

### जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को सक्रिय रहने का दिया निर्देश

**सारण।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के सफल क्रियान्वयन को प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी पदाधिकारियों को इस दिशा में सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय कक्ष में अधिनियम के तहत द्वितीय अपील में प्राप्त कुल 12 लोक शिकायत मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान चार मामलों में अंतिम रूप से आदेश पारित करते हुए उनका निवारण किया गया। शेष आठ मामलों में जिला पदाधिकारी ने संबंधित लोक प्राधिकारों को पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली निर्धारित तिथि पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का सख्त निर्देश दिया। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है और इसमें लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी।

# स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार बिहार सरकार की प्राथमिकता : सीएम नीतीश

एजेंसी



**नवादा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को नवादा जिले के रजौली प्रखंड इलाके में पहुंचकर एक दर्जन योजनाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य तथा रोजगार में बढ़ोतरी बिहार सरकार की प्राथमिकता है ।उनके साथ बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा मंत्री विजय कुमार चौधरी भी उपस्थित थे । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 11:00 बजे दिन में रजौली इंटर स्कूल के मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरे ।उतरने के साथ थी उन्होंने रजौली इंटर स्कूल का निरीक्षण किया। छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याएं भी सुनी ।छात्राओं ने बताया कि साइकिल पोशाक तथा शिक्षा प्रोत्साहन राशि से हम सबों का काफी विकास हुआ है। जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के विकास के लिए कई व्यापक योजनाएं भी बनाई गई है। इसे शीघ्र अमली जामा पहनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रजौली स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को कई निर्देश दिए ।उन्होंने साफ-सफाई कर मरीजों की बेहतर सेवा की बात कही।

मुख्यमंत्री फुलवरिया जलाशय के पास पहुंचकर मछली पालन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की बड़ी प्राथमिकता रोजगार भी है। जिसके तहत मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सोलर प्लांट से विद्युत उत्पादन के संयंत्रों का अवलोकन किया ।उन्होंने कहा कि जल्द ही इस संयंत्र को चालू किया जाए ,ताकि राजौली के इलाके में बेहतर विद्युत उत्पादन हो सके । मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग ,जीविका दीदियों द्वारा बनाए गए स्वयं सहायता समूह सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 50 से अधिक स्टालों का निरीक्षण कर उन्होंने उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश तथा मगध प्रमंडल के कमिश्नर सफीना ए एन ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री को सरकार द्वारा चलाए जा रहे कई योजनाओं की जानकारी देते हुए बेहतर अमली जामा की बात बताई ।जीविका के महिलाओं ने कहा कि हमसब सरकार के साथ शत प्रतिशत साथ निभाने को तैयार है। अपने 30 मिनट के कार्यक्रम के बाद नीतीश कुमार हेलीकॉप्टर से पटना को रवाना हो गए। प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बेहतर स्टॉल तथा चक चौबंद व्यवस्था कर खुश कर दिया ।कम समय में ही दिन-रात तैयारी कर प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने में आहम भूमिका निभाई ।ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री बिना सूचना के पहुंचकर अगर स्वास्थ्य व्यवस्था तथा शिक्षा व्यवस्था का जायजा लेते तो उन्हें सच्चाई का ज्यादा पता चलता।

## एसएसपी ने किया जनरल परेड का सघन निरीक्षण

एजेंसी



**सारण।** जिले में पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के फिटनेस, प्रशिक्षण और अनुशासन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस केंद्र में जनरल परेड का भव्य आयोजन किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के निदेर्शानुसार आयोजित इस परेड में पुलिस बल ने उत्साह और पूर्ण अनुशासन का प्रदर्शन किया। एसएसपी डॉ कुमार आशीष ने परेड के दौरान पुलिस बल की ड्रिल, टर्न आउट, मार्च पास्ट और शारीरिक दक्षता का अत्यंत सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने परेड में शामिल सभी अधिकारियों और जवानों को बेहतर अनुशासन, उच्च कार्य-समर्पण, शारीरिक मजबूती तथा समय-पालन को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अपने संबोधन में वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिसकर्मियों के लिए शारीरिक फिटनेस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुचारु कानून-व्यवस्था, बेहतर पुलिसिंग और आम जनता में विश्वास बनाए रखने के लिए पुलिस बल का शारीरिक रूप से फिट होना और कौशलयुक्त प्रशिक्षण प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बल के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। परेड में शामिल पुलिसकर्मियों ने इस अवसर पर पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ अपने प्रशिक्षण और कौशल का प्रदर्शन किया।इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक यातायात संतोष कुमार एवं परी. पुलिस उपाधीक्षक अब्दुर्र रहमान दानिश सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अररिया के नए जिलाधिकारी के रूप में विनोद दूहन ने किया पदभार ग्रहण

एजेंसी

**अररिया।** अररिया के नए जिलाधिकारी के रूप में विनोद दूहन ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उप विकास आयुक्त सह प्रभारी जिलाधिकारी रोजी कुमारी द्वारा उन्हें प्रभार सौंपा गया। पदभार ग्रहण करने से पूर्व जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में विभिन्न विभागों के अदाधिकारियों ने जिलाधिकारी का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। इस दौरान जिला कोषागार पदाधिकारी, सहायक कोषांग पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस क्रम में नव पदस्थापित जिलाधिकारी विनोद दूहन द्वारा जिले की प्राथमिकताओं, विकासात्मक योजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों की संक्षिप्त जानकारी भी ली गई। नये जिला पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले में सुशासन, पारदर्शिता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देने की बात कही।

## अंतर जिला बाइक चोर गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार, चोरी की चार बाइक बरामद



**पूर्वी चंपारण।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतरजिला बाइक चोर गिरोह के 8 सदस्यो को पकड़ा है। उनके पास से चोरी की 4 बाइक जब्त की गई है। पुलिस टीम ने रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद के नेतृत्व में रक्सौल के साथ ही पश्चिम चंपारण जिले के विभिन्न क्षेत्रो में छापेमारी करते हुए बाइक चोरी के बड़े गिरोह का खुलासा किया है। दरअसल पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि रक्सौल शहर के नागा रोड स्थित बाबा मठिया के पास कोई चोरी की अपाचे बाइक बेचने आया है। सूचना के आलोक में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पलनवा थाना क्षेत्र के जैतापुर निवासी चंदन सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह तथा नगर परिषद क्षेत्र के प्रभु राय के पुत्र विशाल कुमार को मौके से गिरफ्तार किया। पूछताछ और उनकी निशानदेही पर पुलिस ने आगे कार्रवाई करते हुए भेलाही थाना क्षेत्र के जयमंगलपुर निवासी विनय कुमार के पुत्र मुन्ना कुमार, डंकन रोड निवासी मुकेश सिंह के पुत्र सोनू सिंह, हरैया थाना क्षेत्र के पनटोका निवासी श्याम पटेल के पुत्र बबलू कुमार,पश्चिमी चंपारण के बलथर थाना क्षेत्र के प्रमोद सिंह के पुत्र सोनू सिंह, पलनवा थाना क्षेत्र के सौनाहा निवासी सोनेलाल यादव के पुत्र रवि कुमार यादव तथा हरैया थाना क्षेत्र के सिंघपुर निवासी मुमताज मियां के पुत्र जहीर आलम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से चोरी की चार बाइक और 6 मोबाइल बरामद किया है। बरामद बाइको में दो बाइक बिना नंबर प्लेट का है। वही पकड़े गये लोगो में अभिषेक सिंह व विशाल कुमार का अपराधिक इतिहास है,अभिषेक के विरूद्ध रक्सौल थाना में चोरी के तीन जबकि विशाल के विरूद्ध चोरी के दो मामले दर्ज है। पुलिस पकड़े गये सभी चोरो के विरूद्ध अग्रतर कारवाई में जुटी है। छापामारी दल में डीएसपी मनीष आनंद के अलावे रक्सौल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार,एसआई रवि कुमार, कृष्णमुरारी जितेन्द्र कुमार, रक्सौल थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## बिहार के रोहतास में बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या

**डेहरी आन सोन।** बिहार में रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की रात कोचिंग से घर लौट रही 12 वषीर्या छात्रा की दुष्कर्म के बाद गला दबाकर दरिंदों ने हत्या कर दी। बच्ची का शव गांव के ही सड़क के किनारे पड़ा हुआ मिला। शुक्रवार को सदर अस्पताल सासाराम में डाक्टरों की टीम द्वारा उसका पोस्टमार्टम करा पुलिस ने शव स्वजनों को सौंप दिया । स्वजनों ने बताया कि रोज की तरह वह गांव के ही एक कोचिंग में पढ़ने के लिए गई थी। उस कोचिंग से डेढ़ सौ मीटर दूरी पर उसका छोटा भाई भी पढ़ने के लिए साथ में आता जाता था। गुरुवार की रात साढ़े सात बजे जब वह अपने कोचिंग से अपने भाई के कोचिंग में गई तो पता चला कि उसका भाई कुछ समय पहले ही घर चला गया है। जिसके बाद वह अकेले ही घर के लिए निकल गई। रास्ते में एक पतली गली व झाड़ी के पास पहले से घात लगाए दरिंदे ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी किसी को नहीं हो इसके लिए गला दबाकर उसकी हत्या कर शव सड़क किनारे फेंक दिया। रात में बच्ची को घर नहीं आने पर स्वजन जब खोजबीन करते सड़क के पास गए तो बच्ची सड़क किनारे मृत अवस्था में पड़ी थी। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को ग्रामीणों ने दी। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक जांच टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की है। एसपी रौशन कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बताया कि पुलिस दरिंदे की तलाश कर रही है। डॉक्टरों की टीम गठित कर पोस्टमार्टम कराया गया है। अपराधियों की पहचान के बाद स्पीडी ट्रायल चला कठोर से कठोर सजा दिलाई जाएगी।

## बीईओ ऑफिस के कंप्यूटर ऑपरेटर को निगरानी टीम ने किया गिरफ्तार

**डेहरी इन सोन।** रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला में शिक्षक से वेतन निर्धारण के नाम पर रिश्वत ले रहा अकोढ़ी गोला बीआरसी में तैनात कंप्यूटर डेटा ऑपरेटर चंदन कुमार शर्मा को निगरानी टीम ने शुक्रवार को 14 हजार रुपए के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी मध्य विद्यालय बांक के शिक्षक सुनील कुमार की शिकायत पर हुई है। इन्होंने निगरानी विभाग में 24 नवंबर को आवेदन देकर आरोप लगाया था।

# संस्कार भारती का बेतिया में आज से दो दिवसयी भोजपुरिया कला हाट कार्यक्रम

एजेंसी



**पटना।** कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में काम करने वाली देश की अग्रणी संस्था संस्कार भारती के तत्वावधान में आगामी 13 और 14 दिसंबर, 25 को 'भोजपुरिया कला हाट' का आयोजन बेतिया में किया जाएगा। बड़ा रमना स्थित प्रेक्षागृह में होने वाले इस आयोजन में बिहार के राज्यपाल डॉ आरिफ मोहम्मद खान 14 दिसंबर को 'भारत का स्वत्व' विषय पर अपना भाषण देंगे। ?संस्कार भारती के अखिल भारतीय मंत्री डॉ संजय कुमार चौधरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रविशंकर सिंह बिसेन तथा स्थानीय सांसद डॉ संजय जायसवाल कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस विषयक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए हुए संस्कार भारती के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ दिवाकर राय ने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सामान्य श्रोताओं को 'परिवार प्रबोधन' तथा 'भारत का स्वत्व' विषय पर दो प्रमुख सत्रों में गंभीर बौद्धिक सुनने को मिलेगा। 13 दिसंबर को 10:30 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन होगा। इससे पूर्व सभी अतिथि 'कला हाट' का भ्रमण करेंगे। इस 'कला हाट' में भोजपुरी हस्तकला, सिक, बाँस व मूँज कला, काष्ट कला, मूर्ति कला, सिलाई-कढ़ाई कला, स्वादिष्ट व्यंजन, पेंटिंग, घरेलू उद्योग आदि से संबंधित कुल पन्द्रह स्टॉल लगाए जायेंगे। यहाँ प्रदर्शनी के अतिरिक्त बिक्री के लिए भी सामान उपलब्ध रहेगा। उद्घाटन सत्र का मुख्य विषय भोजपुरी क्षेत्र में परिवार व्यवस्था को पुनः सुदृढ़ करने पर केन्द्रित है। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में संस्कार भारती के केन्द्रीय मंत्री डॉ संजय कुमार चौधरी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रविशंकर सिंह बिसेन रहेंगे। इस सत्र के बाद दूसरे सत्र में स्थानीय, प्रांतीय और राष्ट्रीय स्तर के भोजपुरी कलाकारों द्वारा लोकगीत व लोकनृत्य की प्रस्तुति होगी। इसमें लोकगीत तो होगा ही, थारू लोकनृत्य झमटा और झूमरा, पँवरिया, बिरजाभार, बिम्बो, पखावज, फर्री, समा-चकवा, कजरी जैसे भोजपुरी लोकनृत्य की प्रस्तुति भी होगी।

# पटना में ईओयू की बड़ी कार्रवाई, बैंक पदाधिकारी के 6 ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी




**पटना।** आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम ने आय से अधिक संपत्ति मामले में पाटलिपुत्र सेंट्रल को-आपरेटिव बैंक के विकास पदाधिकारी भवेश कुमार सिंह के पटना स्थित चार और गोपालगंज के दो ठिकानों पर शुक्रवार सुबह तलाशी अभियान शुरू किया है। ईओयू के अनुसार, विकास पदाधिकारी के पास आय से 60 प्रतिशत अधिक संपत्ति होने की जानकारी मिली है। ईओयू की टीम ने पटना में रूपसपुर थाना अंतर्गत रामजयपाल नगर में पुष्पक रेसिडेंटी अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 203, अगमकुआं थाना के जकरियारपुर मोहल्ले में गोदाम गली के पास पहाड़ी स्थित पांच मंजिला भवन, बिहटा के बेला स्थित जय माता दी राईस मिल और एसपी वर्मा रोड स्थित को-आपरेटिव बैंक के कार्यालय में छापेमारी की है। इसके अलावा गोपालगंज के मांझगढ़ थाना अंतर्गत जलालपुर गांव के पैतृक आवास और मांझगढ़ के भावना पेट्रोलियम की भी तलाशी ली जा रही है। ईओयू को पाटलिपुत्र सेंट्रल को-आपरेटिव बैंक के विकास पदाधिकारी भवेश कुमार सिंह के विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायत मिली थी। इसका सत्यापन कराने के बाद पदाधिकारी के विरुद्ध आर्थिक अपराध थाने में गुरुवार को कांड दर्ज किया गया। इसके बाद अदालत से तलाशी अधिपत्र प्राप्त कर शुक्रवार की सुबह छापेमारी की शुरू की गई है। आर्थिक अपराध इकाई के एडीजी नैयर हसनैन खान ने इस कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में विकास पदाधिकारी की संपत्ति और उनकी घोषित आय में बड़ा अंतर मिला है। इसी आधार पर भ्रष्टाचार और अवैध संपत्ति अर्जन से जुड़े आरोपों में यह छापा डाला गया है। बरामदगी को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं दी गयी है। छापे की कार्रवाई पूरी होने के बाद विस्तृत ब्योरा मिल सकेगा।

# डीएम ने कतरनी धान का किया क्रॉप कटिंग, पैदावार बेहतर मिलने की उम्मीद

एजेंसी



**भागलपुर।** जिले में जगदीशपुर प्रखंड के योगीवीर गांव में शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने कतरनी धान की फसल का क्रॉप कटिंग कर उत्पादन का आकलन किया। निर्धारित मानक के अनुसार 10 मीटर लंबाई और 5 मीटर चौड़ाई, यानी कुल 50 वर्गमीटर क्षेत्र में क्रॉप कटिंग की गई। इसमें 10 किलो 820 ग्राम धान का उत्पादन दर्ज किया गया। यह क्रॉप कटिंग वर्तमान पैक्स अध्यक्ष मुकेश पंजियारा के खेत में की गई। अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार कतरनी धान की पैदावार बेहतर रहने की संभावना है। मौसम अनुकूल रहने और किसानों द्वारा बेहतर कृषि प्रबंधन किए जाने का सकारात्मक असर उत्पादन पर दिखाई दे रहा है। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रेम शंकर प्रसाद, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी लखीराम मुर्मू, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, अंचल अधिकारी सतीश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रीति कपूर, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी आनंद गोपाल, कृषि समन्वयक सुशील कुमार, शंकर कुमार तिवारी, मनोरंजन कुमार, संजीव कुमार, किसान सलाहकार रंजन कुमार, प्रकाश, कुणाल किशोर, वीरेंद्र सहित अन्य पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

# टोयोटा ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी के साथ किया करार


एजेंसी



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने शुक्रवार को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के तहत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी (राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान) के साथ समझौता किया। यह समझौता नई दिल्ली में एमएनआरई मुख्यालय में हुआ। इस महत्वपूर्ण सहयोग के तहत टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारतीय ड्राइविंग और जलवायु परिस्थितियों में प्रदर्शन मूल्यांकन के लिए अपना हाइड्रोजन फ्यूल-सेल इलेक्ट्रिक वाहन, टोयोटा मिराई राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान को सौंपा है। एमओयू के तहत राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान मिराई का प्रमुख परिचालन मापदंडों पर विस्तृत मूल्यांकन करेगा, जिसमें ईंधन दक्षता, वास्तविक दुनिया की रेंज, चलने की क्षमता, ईंधन भरने का व्यवहार, विभिन्न इलाकों में प्रदर्शन, सर्दियों की परिचालन स्थितियां और संपूर्ण पर्यावरणीय लचीलापन शामिल है। इस अवसर पर केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव अब योजना से वास्तविक कार्यान्वयन की ओर बढ़ रहा है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के बीच यह समझौता ज्ञापन। साथ ही परीक्षण के लिए हाइड्रोजन फ्यूल-सेल वाहन को सौंपना, हमारे नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। घरेलू क्षमता निर्माण और ऊर्जा स्वतंत्रता तथा कार्बन तटस्थता के करीब पहुंचने के लिए ये भागीदारियां आवश्यक है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं डायरेक्टर सुदीप दलवी ने कहा कि भारत के अलग-अलग मौसम और सड़कों पर टोयोटा मिराई की असली जांच से हमें यह जानने में मदद मिलेगी कि हाइड्रोजन भविष्य में यातायात का एक बड़ा साधन बन सकता है या नहीं। इस साझेदारी से पता चलता है कि हम नई तकनीक लाने और भारत के ऊर्जा लक्ष्यों तथा स्वच्छ परिवहन को बेहतर बनाने में पूरी तरह से योगदान देने के लिए तैयार हैं। हम नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के बहुत आभारी हैं कि उन्होंने इस जरूरी अध्ययन में हमारा साथ दिया। उनका सहयोग भारत को 'नेट-जीरो' लक्ष्य की ओर बढ़ने में मजबूत बनाएगा।

# जापान में 6.7 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

एजेंसी




**टोक्यो।** जापान में आज रिक्टर स्केल पर दर्ज किए गए 6.7 तीव्रता के भूकंप के बाद देश के उत्तर-पूर्व में सुनामी की चेतावनी जारी की गई। भूकंप जापान के मुख्य द्वीप होन्शू के उत्तर में आओमोरी प्रांत के पूर्वी तट से 20 किलोमीटर की गहराई पर स्थानीय समय के अनुसार शुक्रवार सुबह 11:44 बजे आया। जापान टुडे अखबार की रिपोर्ट में जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के हवाले से यह जानकारी दी गई। एजेंसी ने कहा कि होक्काइडो, आओमोरी, इवाते और मियागी प्रांतों के प्रशांत तट पर एक मीटर तक की सुनामी आ सकती है। इससे पहले इस सप्ताह की शुरूआत में सोमवार को 7.5 तीव्रता का भूकंप आ चुका है। होन्शू द्वीप के सबसे उत्तरी प्रांत आओमोरी के तट पर आए इस भूकंप में कम से कम 34 लोग घायल हो गए थे। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार के भूकंप के बाद टोक्यो के ठीक पूर्व में चिबा से लेकर होक्काइडो तक जापान के उत्तर-पूर्वी तट पर 8 तीव्रता के भूकंप और संभावित सुनामी आने का खतरा भी थोड़ा बढ़ गया है। एजेंसी ने इलाके की 182 नगर पालिकाओं के निवासियों से आने वाले हफ्ते में सावधान रहने का आग्रह किया है। ताजा भूकंप तटीय इलाके में उस क्षेत्र के आसपास आए हैं जहां 2011 में 9.0 तीव्रता के भूकंप और सुनामी से लगभग 20,000 लोग मारे गए थे और फुकुशिमा दाइची न्यूक्लियर पावर प्लांट तबाह हो गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सिलिसेरह झील और कोपरा जलशय रामसर स्थलों की सूची में शामिल

**नई दिल्ली।** राजस्थान के अलवर स्थित सिलिसेरह झील और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के पास स्थित कोपरा जलशय अब रामसर स्थलों की सूची में शामिल कर लिया गया है। इसके साथ ही अब रामसर स्थलों की संख्या बढ़कर 96 हो गई है।शुक्रवार को एक्स पर जानकारी साझा करते हुए केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन, जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि राजस्थान के अलवर स्थित सिलिसेरह झील और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के पास स्थित कोपरा जलशय को रामस्थल घोषित किया गया है। यह हमारी समृद्ध जैव विविधता, जल संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन तथा जलवायु सुरक्षा और सतत आजीविका सुनिश्चित करने के हमारे सामूहिक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे भारत में रामसर स्थलों की संख्या बढ़कर 96 हो गई है- जो 2014 में 26 थी। भूपेन्द्र यादव ने अलवर के लोगों, विशेषकर सिलिसेरह के आसपास रहने वाले लोगों को बधाई दी। सिलिसेरह झील को यह वैश्विक मान्यता मिलने से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत जैव विविधता और अमृत धरोहर संरक्षण के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और हम 100 के लक्ष्य के करीब पहुंच रहे हैं। उन्होंने राजस्थान और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के लोगों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### एआई उपकरणों की भारतीय फिल्म उद्योग में हो रही निगरानी : मुरुगन

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल. मुरुगन ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय फिल्मों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल पर केंद्र सरकार की पूरी नजर है। भारतीय फिल्म उद्योग में एआई उपकरणों की निगरानी की जा रही है लेकिन कोई नियामक कदम प्रस्तावित नहीं है। मुरुगन ने राज्यसभा में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सदस्य एस. निरंजन रेड्डी के एक सवाल पर बताया कि सरकार भारतीय फिल्म उद्योग में संवाद, कहानी और पटकथा तैयार करने सहित फिल्म और मीडिया पटकथा लेखन में एआई उपकरणों के बढ़ते उपयोग से अवगत है।

# सावरकर का जीवन पूर्ण, अनुकरणीय और राष्ट्रभक्ति की जीवंत मिसाल : मोहन भागवत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि वीर सावरकर आजादी की लड़ाई में जीवन समर्पित करने वाले देशभक्तों की आकाश गंगा में सबसे चमकते तारे हैं। उनका जीवन पूर्ण, अनुकरणीय और राष्ट्रभक्ति की जीवंत मिसाल है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनकी कल्पना के भारत के निर्माण के लिए काम करना होगा। सावरकर जैसे सूर्य न बन पाएं तो भी दीपक अवश्य बनें। यही उनको सच्ची श्रद्धांजली होगी। भागवत ने आशा व्यक्त की कि 2047 तक समृद्ध भारत के निर्माण की शुरूआत इसी भावना से होगी। स्वातंत्र्यवीर सावरकर के गीत ह्यसागरा प्राण तळमळला ह्ल के 115 वर्ष पूर्ण होने पर अंडमान और निकोबार के श्री विजयपुरम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पहले दिन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वीर सावरकर की भव्य आदमकद प्रतिमा का अनावरण और वीर सावरकर प्रेरणा पार्क का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मोहन भागवत ने कहा कि सावरकर के व्यक्तित्व की व्याख्या करने के लिए अनेक विशेषणों की आवश्यकता पड़ती है, क्योंकि उनका जीवन उत्कट समर्पण, प्रेम, त्याग और अदम्य साहस का अनूठा संगम था। उनके इन्हीं गुणों के कारण वे तनमय अवस्था में पहुंच गए थे जहां अपना दुख भूलकर व्यक्ति देश और समाज के दुख से जुड़ जाता है। इसे ही भक्ति कहा जाता है। भागवत ने कहा कि सावरकर का स्मरण केवल इतिहास का पुनः आवाहन नहीं बल्कि सच्ची देशभक्ति को जगाने का माध्यम है। यदि हमें सावरकर के सपनों का भारत बनाना है, तो उनके समर्पण और अनुशासन को अपने जीवन में उतारना होगा। उन्होंने कहा कि सावरकर की इच्छाओं को पूरा करने का सामूहिक प्रयास पूरे राष्ट्र को करना चाहिए। आज की आवश्यकता गुलामी के कालखंड की तरह किसी (अंग्रेजों) के खिलाफ काम करने की नहीं बल्कि अपने राष्ट्र के लिए कार्य करने की है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वीर सावरकर त्याग, समर्पण, निर्भीक राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के आधार स्तंभ थे। आज आवश्यकता देश के लिए जीने की है, सावरकर के सपनों का भारत बनाने की है। शाह ने कहा कि सावरकर की महानता को किसी पुस्तक, कविता या फिल्म में पूरी तरह समेट पाना कठिन है, क्योंकि उनमें व्यक्तित्व, विचारधारा, कर्म, संघर्ष और सृजनशीलता का अद्वितीय संगम था। वे राइटर, फाइटर, देशभक्त, समाजसुधारक, कवि, भाषाशास्त्री और द्रष्टा थे। उन्होंने कहा कि हिन्दी में 600 से अधिक नए शब्दों का सृजन किया जैसे डायरेक्टर के स्थान पर निर्देशक उन्होंने ही 1957 की क्रांति को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की वैचारिक नींव सावरकर ने रखी। शाह ने कहा कि सच्ची वीरता भय की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि भय को पहचानकर उसे परास्त करने का साहस है, और सावरकर इसका सर्वोच्च उदाहरण थे। उन्होंने अस्पृश्यता, कुप्रथाओं और सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध निर्भीक संघर्ष किया। अत्याचार सहने के बाद भी भारत माता की प्रार्थना करने का जो साहस सावरकर में था, वह उन्हें असाधारण देशभक्त बनाता है।

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत बिगड़ी



**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष और देश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत और बिगड़ गई। किडनी ने काम करना बंद कर दिया है। खालिदा का इलाज राजधानी ढाका के एवरकेयर अस्पताल में चल रहा है। बीएनपी नेत्री खालिदा लंबे समय से बीमार चल रही हैं। 23 नवंबर से इस अस्पताल में भर्ती 80 वर्षीय खालिदा जिया को इस वक्त इलेक्टिव वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। इलेक्टिव वेंटिलेटर सपोर्ट का मतलब है कि योजनाबद्ध तरीके से या सर्जरी से पहले मरीज को सांस लेने वाली मशीन (वेंटिलेटर) का सहारा देना। जब डॉक्टर को पता होता है कि एनेस्थीसिया या ऑपरेशन के कारण मरीज खुद से सांस नहीं ले पाएगा। इलेक्टिव एक योजनाबद्ध और पूर्व तय चिकित्सा प्रक्रिया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, रात से खालिदा जिया की हालत कुछ ज्यादा गंभीर है। उनका सावधानी से इलाज चल रहा है। उनके उच्च इलाज के लिए गठित मेडिकल बोर्ड कहा कि उनकी किडनी ने काम करना बंद कर दिया है। उन्हें नियमित डायलिसिस की जरूरत है। मेडिकल बोर्ड की ओर से प्रो. डॉ. शहाबुद्दीन तालुकदार ने गुरुवार देररात स्थिति का विश्लेषण करते हुए बयान जारी किया है। इसमें लोगों से जिया के बारे में अफवाह न फैलाने की अपील की गई है। बयान में कहा गया है कि उन्हें सांस लेने में अधिक दिक्कत हो रही है। खून में ऑक्सीजन लेवल कम हो गया है। कार्बन डाइऑक्साइड का लेवल बढ़ गया है। उनका इलाज हाई-फ्लो नेजल कैनुला और बाइपैप मशीन से किया जा रहा है। यह मशीन मास्क के जरिए हवा को फेफड़ों तक पहुंचाती है। मेडिकल बोर्ड ने कहा कि क्योंकि उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, इसलिए उनके फेफड़ों और दूसरे अंगों को आराम देने के लिए उन्हें इलेक्टिव वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। मेडिकल बोर्ड के अनुसार, 27 नवंबर को इलाज के दौरान एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस का पता चला। उसका अभी भी इंटेंसिव इलाज चल रहा है। गंभीर संक्रमण के कारण उन्हें एडवांस्ड एंटीबायोटिक और एंटीफंगल थेरेपी दी जा रही है। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ब्लीडिंग और डिससेमिनेटेड इंट्रावास्कुलर कोएगुलेशन (डीआईसी) के कारण उन्हें खून और उसके कंपोनेंट्स का ट्रांसफ्यूजन भी दिया जा रहा है। इन सभी इलाज के बावजूद उनका बुखार बना हुआ है। रेगुलर इकोकार्डियोग्राफी के दौरान उनके एओर्टिक वाल्व में कुछ दिक्कतें देखी गई हैं। इसके बाद मेडिकल बोर्ड ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से सलाह लेकर इलाज शुरू कर दिया है। प्रोथोम अलो की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के इलाज के लिए बने मेडिकल बोर्ड के प्रमुख प्रो. डॉ. शहाबुद्दीन तालुकदार ने उनकी मौजूदा सेहत के बारे में रात को अपडेट दिया। बीएनपी मीडिया सेल के सदस्य शायरुल कबीर खान ने यह बयान मीडिया को भेजा। बयान में कहा गया, रहाल के टेस्ट में उनकी हालत में कई दिक्कतें सामने आई हैं। सांस लेने में अधिक दिक्कत, खून में ऑक्सीजन लेवल कम होने और कार्बन डाइऑक्साइड लेवल बढ़ने के कारण उन्हें हाई-फ्लो नेजल कैनुला और बाइपैप सपोर्ट पर रखा गया। उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसलिए उनके फेफड़ों और दूसरे अंगों को आराम देने के लिए उन्हें इलेक्टिव वेंटिलेटर सपोर्ट पर शिफ्ट कर दिया गया है।

## अमेरिका में चैटजीपीटी की हत्या-आत्महत्या में कथित भूमिका, ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट पर मुकदमा

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में कनेक्टिकट की 83 वर्षीय वृद्धा की हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस महिला के परिवार ने चैटजीपीटी निमार्ता कंपनी ओपनएआई और उसके साझेदार माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। परिवार का आरोप है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) आधारित चैटबॉट ने हत्या आरोपित बेटे के भ्रम को बढ़ाते हुए उसे अपनी मां की हत्या के लिए उकसाया। आरोपित बेटा पूर्व टेक एग्जीक्यूटिव है। अमेरिकी अखबार द वाशिंगटन पोस्ट और फ्रांस के दोपहरकालीन अखबार ले मोंडे की रिपोर्ट के अनुसार, हत्यारोपित 56 वर्षीय स्टीन-एरिक सोलबर्ग ने मां की हत्या के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। मुकदमे के दस्तावेजों के अनुसार, सोलबर्ग को पहले भी मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी दिक्कतें रही हैं। उसने चैटजीपीटी को बताया था कि उनकी मां के होम ऑफिस में लगा प्रिंटर एक सर्विलांस डिवाइस हो सकता है और इसका इस्तेमाल उन पर जासूसी करने के लिए किया जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि चैटबॉट ने इस पर सहमति जताई। इस मुकदमे में बेतहाशा आर्थिक मुआवजा और ओपेन एआई को चैटपैट में सुरक्षा उपाय लगाने का आदेश देने की मांग की गई है।

# संसद सत्र खत्म होते ही बंगाल आएंगे पीएम मोदी मतुआ बहुल इलाके से शुरू होगा चुनाव प्रचार

एजेंसी



**कोलकाता।** संसद के शीतकालीन सत्र समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल आएंगे। इस बार वह मतुआ बहुल इलाके से चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे। इसके मद्देनजर आगामी 20 दिसंबर को नदिया के रानाघाट में प्रधानमंत्री की जनसभा होनी है। इस संबंध में भाजपा के प्रदेश महासचिव जगन्नाथ चटर्जी ने शुक्रवार को बताया कि आगामी 20 दिसंबर को वे यहां आ रहे हैं। ताहेरपुर के मैदान में प्रधानमंत्री की जनसभा होगी। इसके लिए निर्धारित मैदान में पहले से ही तैयारियां शुरू हो गई हैं। साथ ही, कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया जाएगा। बिहार विधानसभा चुनाव की प्रचंड जीत के बाद प्रधानमंत्री ने कहा था कि गंगा बंगाल से भी होकर जाती है। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि बिहार की तरह यहां भी बदलाव देखने को मिलेगा। भाजपा सूत्रों के अनुसार, बंगाल के चुनावी दौर में प्रधानमंत्री मोदी कुल 10 जनसभाएं होनी है।

# छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों की आईईडी विस्फोट से एक महिला घायल

एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के चुचकोंटा गांव में नक्सलियों के लगाए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से शुक्रवार को एक ग्रामीण महिला गंभीर रूप से घायल हो गई । उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 24वर्षीय लच्छी माड़वी जंगल में गाय चराने गई थी। जंगल के रास्ते पर चलते हुए वह नक्सलियों के लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गई। इससे जोरदार विस्फोट हुआ और उसके पैर में गंभीर चोटें आईं । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा बल तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल महिला को प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया गया है। फरसेगढ़ पुलिस के अनुसार नक्सली ग्रामीण क्षेत्रों में आईईडी लगाकर दहशत फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसका खामियाजा अक्सर निर्दोष नागरिकों को भुगतना पड़ता है। क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

# रील संस्कृति पर राज्यसभा में उठे सवाल, सदस्यों ने कई दूसरे जरूरी मुद्दे भी उठाए

एजेंसी




**नई दिल्ली।** राज्य सभा में शून्य काल के दौरान शुक्रवार को राजस्थान से राज्यसभा सदस्य मदन राठौर ने रील कल्चर पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे रिश्ते शर्मसार हो रहे हैं। देवर-भाभी के रिश्ते को हमारे समाज में माता-पुत्र के रिश्ते की तरह देखा जाता है, लेकिन रील्स में इसे असामाजिक तरीके से पेश किया जाता है। रील्स की वजह से समाज बर्बाद हो रहा है। उन्होंने अश्लील रील बनाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए सरकार से इसके खिलाफ कानून बनाने की जरूरत बताई। राज्य सभा में आज शून्य काल में कई दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। राज्यसभा सदस्य पीटी ऊषा ने स्वदेशी डोपिंग-रोधी किट बनाने की मांग करते हुए कहा कि स्वदेशी तकनीक लाने से टेस्ट की कीमत कम और समय की बचत होगी। एंटी डोपिंग टेस्ट में भारत आत्मनिर्भर होगा और कुछ नए स्टार्टअप शुरू होने से रोजगार के अवसर भी बढेंगे। इसके साथ वायु प्रदूषण का भी मुद्दा उठा। शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि देश के सामने मौजूदा चुनौतियों के बारे में सदन में चर्चा ज्यादा जरूरी है। एसआईआर, वायु प्रदूषण, बेरोजगारी का संकट, गोवा आग त्रासदी उतने ही जरूरी मुद्दे थे और उम्मीद है कि हम संसद के काम करने के दिन बढ़ा कर ऐसे मामलों पर चर्चा कर सकते हैं। वहीं, मनोनीत सदस्य सुधा मूर्ति ने 02 बजे के बाद निजी विधेयक के तहत शुक्रवार को छोटे बच्चों की शिक्षा से संबंधित निजी विधेयक रखा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि शिक्षा का अधिकार तीन वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों पर लागू होना चाहिए फिलहाल ये 6 वर्ष से शुरू होता है, आयु तीन साल घटा देनी चाहिए। सुधा मूर्ति ने कहा तीन से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों का पोषण और पढ़ाई मुफ्त होनी चाहिए और इसको मूलभूत अधिकार बनाना चाहिए। उन्होंने कहा तीन से छह साल की आयु में बच्चे का दिमाग विकसित होता है।

## दिग्गज फुटबॉलर मेस्सी के साथ मुख्यमंत्री रेड्डी के मैच के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

# पुलिस ने रेड हिल्स पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा विधायक को हिरासत में लिया

एजेंसी



**हैदराबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेस्सी के साथ तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के फुटबॉल मैच के विरोध में रेड हिल्स स्थित सिंगरेणी मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस पर पुलिस ने भाजपा विधायक दल के नेता ए. महेश्वर रेड्डी को हिरासत में लिया है। भाजपा ने मैच को लेकर जनता के धन के दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। यह मैच शनिवार 13 दिसंबर को उप्पल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दरअसल, मुख्यमंत्री रेड्डी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेस्सी के साथ एक प्रदर्शनी का आयोजन किया है। मेस्सी के साथ इस फुटबॉल मैच में मुख्यमंत्री भी खेलेंगे। इस मैच पर खर्च होने वाली राशि को लेकर भाजपा ने सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। आज सुबह भाजपा विधायक दल के नेता ए. महेश्वर रेड्डी ने रेड हिल्स स्थित सिंगरेणी मुख्यालय के समक्ष पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने भाजपा नेता महेश्वर को हिरासत में ले लिया। इससे इलाके में कुछ देर के लिए तनाव फैल गया। इस मामले में भाजपा नेता ए. महेश्वर रेड्डी ने बयान जारी कर मैच को लेकर मुख्यमंत्री से कई सवाल पूछे। उन्होंने प्रश्न किया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के मनोरंजन के लिए जनता के धन का खर्च की क्या कैबिनेट से मंजूरी ली गई है। उन्होंने पूछा कि मीडिया रिपोर्ट द्वारा पता चला कि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेस्सी यदि एक प्रदर्शनी मैच के लिए 70 करोड़ रुपये लेते हैं, तो बताएं मेस्सी के अपीरियंस की फीस कौन अदा कर रहा है। भाजपा विधायक रेड्डी ने पूछा कि राज्य सरकार का कौन सा विभाग मेस्सी के मैच से लाभांवित होगा। महेश्वर ने कशा कि राज्य सरकार के सूत्रों से पता चला है कि राज्य का पर्यटन विभाग तथा खेल विभाग से खर्च किया जा रहा है। तो क्या इस पूरे खर्च को राज्य सरकार वहन कर रही है।

# संस्कृति मंत्रालय ने आईसीएच के 20वें सत्र के समापन पर सांस्कृतिक विरासत को संकट में समुदायों के लिए जीवन रेखा बताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने शुक्रवार को यहां कहा कि बदलते दौर में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) समुदायों को एकजुट रखती है, परंपराओं को जीवित रखती है और वैश्विक दबावों के बीच उनका सहारा बनती है। सचिव ने यह बात दिल्ली स्थित लाल किला में यूनेस्को की आईसीएच संरक्षण अंतर सरकारी समिति के 20वें सत्र के समापन पर कही। इस प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी भारत ने की, जिसने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इसके संरक्षण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। अग्रवाल ने कहा कि पिछले दिनों की चचाओं और संवादों ने प्रतिनिधियों को न केवल सम्मेलन की कार्यप्रणाली से परिचित कराया बल्कि उन्हें भारत की सांस्कृतिक समृद्धि, समावेशिता और विविध परंपराओं का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर भी प्रदान किया। उन्होंने भारत के दीर्घकालिक सभ्यतागत दृष्टिकोण पर जोर दिया, जिसके तहत संस्कृति को एक सामूहिक विरासत के रूप में देखा जाता है। इस वर्ष के समिति सत्र का एक प्रमुख आकर्षण दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया जाना था। अग्रवाल ने इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि दीपावली, जिसे भारत और विदेशों में व्यापक रूप से मनाया जाता है, प्रकाश, आशा और नवीनीकरण का प्रतीक है। इसका सूची में शामिल होना भारत की जीवंत परंपराओं की वैश्विक मान्यता को और मजबूत करता है। उन्होंने उन सभी सदस्य देशों को बधाई दी जिनके तत्वों को इस सत्र के दौरान शामिल करने के लिए मंजूरी दी गई। सचिव ने सत्र के दौरान हुई चचाओं पर विचार करते हुए।

## 44 के हुए युवराज को जन्मदिन पर मिली बधाइयां

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑलराउडर युवराज सिंह ने शुक्रवार को अपना 44 वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर युवराज को उनके साथी क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने बधाई दी। युवराज टी20 विश्वकप 2007 और एकदिवसीय विश्व कप 2011 की जीत के हीरो रहे हैं। युवराज ने अपने करियर के दौरान छह गेंदों पर छह छक्के का रिकार्ड भी अपने नाम किया है। उनके नाम कई ऐसे रिकार्ड हैं। वह किसी आईसीसी टूनार्मेंट के दौरान मैच में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। युवराज ने टी20 विश्व कप 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंदों पर ही 50 रन बनाकर एक नया रिकार्ड अपने नाम किया था। वह आईपीएल के किसी सत्र में दो बार हैट्रिक लेने वाले एकमात्र गेंदबाज हैं। साल 2009 में युवराज ने किंग्स इलेवन पंजाब की और से खेलते हुए ये उपलब्धि हासिल की थी। तब उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ हैट्रिक लगायी थी। वह एकमात्र ऐसे क्रिकेटर हैं जिन्होंने आईसीसी अंडर-19 विश्व कप और आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप में प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट अवॉर्ड जीता है। साल 2000 के अंडर-19 विश्व कप में युवराज ने 203 रन बनाए और 12 विकेट लिए थे। इसके अलावा 2011 एकदिवसीय विश्व कप में उन्होंने 362 रन बनाने के अलावा 15 विकेट लिए, जिसके कारण उन्हे प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट अवॉर्ड मिला। युवराज एकदिवसीय में पांचवे नंबर पर सबसे अधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस स्थान पर उतरते हुए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम की ओर से 7 शतक लगाए हैं। वह अकेले ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होने किसी टी20 विश्व कप मैच के दौरान एक ओवर में 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाए हैं। युवराज ने साल 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ डरवन के मैदान पर ये उपलब्धि हासिल की थी। उन्हें स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर की सभी 6 गेंदों पर छक्के लगाये थे। युवराज ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में कुल 304 एकदिवसीय में 36.55 की औसत से 8701 रन बनाए हैं। उन्होंने 14 शतक और 52 अर्धशतक लगाये हैं। इससे पता चलता है कि वह कितने बेहतर बल्लेबाज हैं। वहीं 40 टेस्ट मैचों में 1900 रन बनाए, जिसमें 3 शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में युवराज सिंह ने 58 मुकाबलों में 1177 रन बनाये और कई बार टीम को कठिन हालातों से बाहर निकाला। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 251 छक्के लगाए हैं। वहीं गेंदबाजी में भी 148 विकेट लेकर उन्होंने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है।

## अकरम ने आईपीएल का मजाक उड़ाया, पीएसएल की प्रशंसा की

**लंदन।** पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर वसीम अकरम ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मजाक उड़ाया है। अकरम ने कहा कि आईपीलए में जितना समय लगता है उतने में बच्चे बड़े हो जाते है पर लीग खत्म नहीं होती। अकरम ने कहा कि इससे अच्छी तो पाक क्रिकेट लीग (पीएसएल) है जो कुछ ही दिन चलती है। वहीं पीएसएल की प्रशंसा करते हुए अकरम ने कहा, ह्लइस लीग की सबसे अच्छी बात यह है कि यह सिर्फ 34 से 35 दिन चलती है, अगले साल शायद थोड़ा और बढ़ जाए। अकरम ने मजाकिया अंदाज में कहा, विदेशी खिलाड़ी जब पाकिस्तान आते हैं, तो 35-40 दिन रहना पसंद करते हैं क्योंकि ढाई से तीन महीने का समय ज्यादा ही लंबा हो जाता है। उन्होंने कहा, बिग बैश लीग भी पहले ढाई महीने चलती थी पर बाद में उन्हें लगा कि ये सही नहीं है। अब इस लीग को 40 दिन में समाप्त किया जा रहा है। अकरम ने इस दौरान पीएसएल की जमकर प्रशंसा की उन्होंने कहा कि पीएसएल में गेंदबाजी प्रतिभाएं सबसे अधिक मिलती हैं।

## सूर्यकुमार ने हार की जिम्मेदारी ली, अक्षर को पहले भेजे जाने के फैसला का भी बचाव किया

**मुल्लांपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 क्रिकेट मुकाबले में हार पर निराशा जताते हुए इसकी जिम्मेदारी ली है। सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें इस मैच में जिम्मेदारी लेनी थी पर वह उसमें सफल नहीं हो पाये। इस मैच में भारतीय टीम 214 रनों के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायी थी। इस मैच में ऑलराउंडर अक्षर पटेल को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजने के फैसले का भी सूर्या ने बचाव करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय में उसने शुरआत में उतारने पर बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है जिसको देखते हुए उसे इस बार अवसर दिया गया। अक्षर को पहले भेजने के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर के फैसलों पर भी सवाल उठे थे। सूर्यकुमार ने कहा कि अक्षर ने एकदिवसीय और टेस्ट क्रिकेट में अच्छी बल्लेबाजी की है हालांकि वह इस मैच में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये। कप्तान ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए आगामी मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की बात कही। सूर्यकुमार ने कहा, हमने पहले गेंदबाजी करके भी गलती की जबकि हमें बल्लेबाजी करनी चाहिये थी पर कहा कि टीम को इससे सीखने का अवसर मिला।

### आईजीयू एजीएम के बाद अध्यक्ष बृजिंदर सिंह ने कहा -

# नॉर्थ-ईस्ट में गोल्फ का विकास अगली प्राथमिकता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) का बड़ा एजेंडा भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में गोल्फ को बढ़ावा देना और उसका विकास करना है। यह घोषणा आईजीयू के अध्यक्ष बृजिंदर सिंह ने नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन की 65वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के बाद यहां इंडिया हबिटैट सेंटर में की।

एजीएम में 15 जुड़े हुए स्टेट गोल्फ एसोसिएशन असम, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, झारखंड, महाराष्ट्र, मेघालय, मणिपुर, ओडिशा, पंजाब, त्रिपुरा, राजस्थान, मिजोरम, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश ने भागीदारी की। मीटिंग का एजेंडा गवर्निंग काउंसिल की एनुअल रिपोर्ट को अपनाने, पिछली एजीएम के मिनट्स को कन्फर्म करने, फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के ऑडिटेड स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट्स को मंजूरी देने, ऑडिटर की नियुक्ति करने और उनकी सैलरी तय करने के साथ-साथ चेयर की अनुमति से किसी भी अन्य प्रासंगिक विषय पर चर्चा करने पर केंद्रित था।

बृजिंदर सिंह ने कहा, हमारी एजीएम बहुत अच्छी रही। हमारे पास नॉर्थ-ईस्ट से हमारे डेलीगेट्स आए थे, जो पहले गैर-मौजूद थे और लंबे समय से मेनस्ट्रीम गोल्फ का हिस्सा नहीं थे। हम उन्हें साथ पाकर बहुत उत्साहित थे। जहां तक गोल्फ की बात है, यह एक संभावनाओं से भरा स्पोर्ट्स है। हमने उनसे वादा किया है कि हम वहां गोल्फ ले जाएंगे और गोल्फ को डेवलप करेंगे और यह पक्का करेंगे कि वहां के ग्रासरूट लेवल के खिलाड़ियों और बच्चों को उत्कृष्ट श्रेणी की सुविधा मिले। अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और त्रिपुरा राज्यों को सेवन सिस्टर्स कहा जाता है। यहां इस इलाके की खूबसूरत जगहों पर ब्रिटिश जमाने के बहुत सारे कोर्स हैं। उन्होंने कहा, यह भारत के सबसे खूबसूरत हिस्सों में से एक है, लेकिन गोल्फ के मामले में यह सबसे ज्यादा नजरअंदाज किया जाने वाला हिस्सा भी है। हम अपने कोच और सामान वहां ले जाएंगे ताकि यह पक्का हो सके कि आने वाले समय में नॉर्थ-ईस्ट से कम से कम एक चैंपियन जरूर आए। जहां तक आईजीयू की बात है, हम बहुत सारे प्रोग्राम शुरू कर रहे हैं। हम एसजीएएस को भारत के सभी हिस्सों में गोल्फ ले जाने के लिए पूरी फाइनेंशियल मदद दे रहे हैं। हम ब्रिटिश जमाने के कोर्स के बारे में बहुत सुन रहे हैं और हमारी टीम वहां जाएगी और एक नया डायमेंशन भी खोजेगी और उस राज्य के टूरिज्म को बढ़ावा देगी।



### डिविलियर्स को एक दिवसीय में बल्लेबाजी क्रम में बदलाव रहा है पसंद

## गंभीर से कुछ मामलों में सहमत

एजेंसी




**जोहांसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें एकदिवसीय में बल्लेबाजी क्रम में बदलाव पसंद रहा है। डिविलियर्स ने हालांकि माना कि ये बेहद संवेदनशील मामला है। इसका कारण ये है कि खिलाड़ियों की भूमिकाओं के साथ ज्यादा प्रयोग नहीं किये जा सकते। डिविलियर्स के अनुसार वह कुछ हद तक भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के इस विचार से सहमत हैं कि एकदिवसीय में बल्लेबाजी क्रम को कुछ ज्यादा ही महत्व दिया जा रहा है।

पूर्व दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने टीम में लचीलेपन और खिलाड़ियों की मुख्य भूमिका के बीच संतुलन बनाने पर भी बल दिया। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में 2-1 से जीत के बाद गंभीर ने कहा था कि उन्हें लगता है कि एकदिवसीय प्रारूप में बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है। डिविलियर्स ने कहा, ह्लइसमें शीर्ष तीन, चार से छह नंबर के बल्लेबाज शामिल होते हैं। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों की बारी आती है। वहीं दाएं और बाएं हाथ के संयोजन बनाने के लिए खेल के हालातों के अनुसार बदलाव करने होते हैं। इस क्रिकेट ने टी20 सीरीज की शानदार शुरूआत के लिए भी भारतीय टीम की प्रशंसा की है।

साथ ही कहा कि टी20 में भारत का प्रदर्शन पिछले काफी समय से प्रभावशाली रहा है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीता जो उसकी 31 मैचों में 27वीं जीत है।

# विनेश फोगाट ने वापस लिया संन्यास का फैसला, 2028 ओलंपिक की करेंगी तैयारी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने संन्यास से बाहर आने का बड़ा फैसला किया है। 2024 पेरिस ओलंपिक में फाइनल मुकाबले से पहले वजन सीमा से 100 ग्राम अधिक होने के कारण डिसक्वॉलिफाई होने के बाद उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन अब वह दोबारा लौट रही हैं और 2028 लॉस एंजेलिस (एलए) ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। पेरिस ओलंपिक में विनेश का स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले सुबह के वजन परीक्षण में 100 ग्राम अधिक वजन पाया गया था, जिसके चलते उन्हें फाइनल से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने इस फैसले को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट में चुनौती भी दी, लेकिन नतीजा नहीं बदला। इसके ठीक बाद 8 अगस्त 2024 को उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी। करीब एक साल बाद विनेश ने शुक्रवार को फिर से मैट पर लौटने का फैसला लिया।

इंस्टाग्राम पर उन्होंने लिखा, लोग पूछते रहे कि क्या पेरिस मेरी आखिरी लड़ाई थी। लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, दबाव से, उम्मीदों से और अपनी महत्वाकांक्षाओं से थोड़ी दूरी चाहिए थी। कई सालों बाद मैंने खुद को आराम करने दिया। उन्होंने आगे लिखा,मैंने अपनी यात्रा के भार को समझने के लिए वक्त लिया—उतार-चढ़ाव, त्याग, और वो पहलू जो दुनिया ने नहीं देखे। इसी चिंतन में मुझे सच्चाई मिली—मैं अभी भी इस खेल से प्यार करती हूं। मैं अब भी प्रतियोगिता करना चाहती हूं। विनेश ने कहा कि अब वह नए जोश के साथ एलए 2028 की ओर कदम बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा, इस बार मैं अकेली नहीं हूं। मेरा बेटा मेरी टीम का हिस्सा है, मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा, मेरा छोटा चीयरलीडर, जो अब मेरे साथ एलए ओलंपिक की राह पर चलेगा।

### लॉस एंजिल्स में स्वर्ण जीतना है लक्ष्य : रवि

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता पहलवान रवि कुमार दहिया ने कहा है कि उनका लक्ष्य लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतता है और इसके लिए वह तैयारी भी कर रहे हैं। टोक्यों ओलंपिक के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक विजेता रवि इसके बाद साल 2024 में पेरिस ओलंपिक में वह जगह नहीं बना पाये और इसी कारण अब वह अपना भार वर्ग बदलकर लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं। रवि 57 किग्रा की जगह अब 65 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा ले सकते हैं। उनसे देश को अगले ओलंपिक में स्वर्ण पदक की उम्मीद है। इस खिलाड़ी का कहना है कि वह रजत तक ही सीमित नहीं रह सकते हैं। उनका लक्ष्य स्वर्ण जीतना है। रवि को पहचान 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में मिली। तब 57 किलोग्राम भार वर्ग में उन्होंने रजत पदक जीता था।

# आईओसी ने रूसी युवा टीमों और खिलाड़ियों की वापसी का दिया सुझाव, भागीदारी की अनुमति की सिफारिश

एजेंसी



**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने गुरुवार को रूस और बेलारूस को वैश्विक खेलों में पुनः शामिल करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों को सलाह दी कि वे इन देशों की युवा टीमों और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय झंडे और राष्ट्रगान के साथ प्रतिस्पर्धा की अनुमति दें। आईओसी ने अपने बयान में कहा, खिलाड़ियों को दुनिया भर में खेल तक पहुंच और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होकर प्रतिस्पर्धा करने का मूल अधिकार है। यह संदेश रूस और इजराइल दोनों में स्वागत योग्य माना जा रहा है, जहां हाल के समय में खिलाड़ियों को भेदभाव का सामना करना पड़ा है।


यह अपडेटेड रणनीति ओलंपिक समिट में तय की गई, जिसकी अध्यक्षता आईओसी प्रमुख किर्स्टी कोवेंट्री ने की। आईओसी ने स्पष्ट किया कि इन सिफारिशों को लागू करने में समय लग सकता है और प्रत्येक खेल संगठन अपने स्तर पर यह तय करेगा कि ह्ययुवा इवेंटह्ल की परिभाषा क्या होगी। आईओसी ने यह भी दोहराया कि रूस को अभी भी किसी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी नहीं दी जानी चाहिए, हालांकि खिलाड़ियों की भागीदारी पर नरमी बढ़ाई जा रही है। यह सिफारिश विशेष रूप से डकार 2026 यूथ ओलंपिक गेम्स पर भी लागू होने की बात कही गई है। वर्तमान में रूस की ओलंपिक समिति निलंबित है और वह अपने राष्ट्रीय प्रतीकों के साथ भाग नहीं ले सकती।

फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद से रूस की टीमें फुटबॉल, एथलेटिक्स सहित कई खेलों से बाहर हैं। कुछ रूसी और बेलारूसी खिलाड़ी सर्दियों के खेलों में न्यूट्रल स्टेटस के साथ वापसी शुरू कर चुके हैं। पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक में भी कुछ रूसी और बेलारूसी खिलाड़ी बिना झंडे-गान के न्यूट्रल के रूप में खेले थे, जबकि टीम इवेंट में इन देशों पर प्रतिबंध जारी रहा। 2023 में जब यूरोपीय फुटबॉल संघ (यूएफा) ने रूसी अंडर-17 टीमों की वापसी की कोशिश की थी, तब 12 से अधिक सदस्य देशों के बहिष्कार के कारण उसे नीति वापस लेनी पड़ी थी।

# डफी के पांच विकेट से वेस्टइंडीज धराशायी

### न्यूजीलैंड ने दर्ज की डब्ल्यूटीसी चक्र की अपनी पहली जीत

एजेंसी



**वेलिंगटन।** वेलिंगटन टेस्ट के तीसरे दिन न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराकर 2025-27 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। तेज गेंदबाज जैकब डफी ने दूसरी पारी में घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट चटकाए, जिसके चलते वेस्टइंडीज मात्र 128 रन पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड को मिले 56 रनों के लक्ष्य को टीम ने चाय से पहले ही हासिल कर सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। वेस्टइंडीज इस चक्र में सात में से छह मैच हार चुकी है और अब भी जीत से दूर है। तीसरे दिन शुक्रवार की सुबह ब्रैंडन किंग (22) के रन-आउट से शुरू हुए विकेट पतन ने जल्द ही वेस्टइंडीज टीम को बैकफुट पर ला दिया। शाई होप उसी ओवर में आसान कैच दे बैठे, जबकि कप्तान रोस्टन चेज भी डफी की उछाल लेती गेंद का शिकार बने।

कवेम हॉज (35) और जस्टिन ग्रीव्स (25) ने थोड़ी कोशिश जरूर की, लेकिन 31वें ओवर में हॉज का पुल शॉट सबस्टिट्यूट विल यंग ने बेहतरीन कैच में बदल दिया। 88/6 के बाद जीत की उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी थी। डफी और रे ने मिलकर बाकी काम निपटा दिया। डफी ने 5-38 के आंकड़े के साथ पारी खत्म की। आसान रहा लक्ष्य का पीछा लक्ष्य का पीछा करते हुए टॉम लैथम जल्दी आउट हुए। लेकिन डेवोन कॉनवे (28*) और केन विलियमसन (16*) ने टीम को 10 ओवर में ही जीत दिला दी। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 278/9 पर पारी घोषित की थी। वेस्टइंडीज पहली पारी में 205 रन ही बना सकी थी।

# अंडर-19 एशिया कप में वैभव सूर्यवंशी का तूफानी शतक



### भारत ने यूएई के खिलाफ बनाए 433 रन

एजेंसी

**दुबई।** पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2025 की शुरूआत भारतीय टीम के तूफानी प्रदर्शन के साथ हुई, जहां मात्र 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 95 गेंदों पर 171 रन ठोक दिए। उनके इस विस्फोटक शतक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को आईसीसी एकेडमी ग्राउंड में खेले गए ग्रुप-ए मुकाबले में यूएई के खिलाफ 50 ओवर में 6 विकेट पर 433 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

यूएई के कप्तान यायिन राई ने भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। हालांकि, भारत की शुरूआत खराब रही और कप्तान आयुष म्हात्रे सिर्फ 4 रन बनाकर तीसरे ओवर में आउट हो गए। इसके बाद सूर्यवंशी को एरॉन जॉर्ज का साथ मिला और दोनों ने मिलकर यूएई गेंदबाजों की जमकर खबर ली। शुरूआती संभलकर खेलने के बाद सूर्यवंशी ने गियर बदला और आक्रामक मोड में जाते हुए मात्र 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने पारी के दौरान 9 चौके और 14 छक्के जड़ते हुए यूएई के गेंदबाजों पर कहर बरपाया। सूर्यवंशी ने अंडर-19 एशिया कप में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। यह रिकॉर्ड इससे पहले अफगानिस्तान के दरविश रसूली (10 छक्के, 2017) के नाम था। सूर्यवंशी ने 56 गेंदों में शतक, 84 गेंदों में 150 रन पूरे किए और अंत में 95 गेंदों में 171 रन बनाकर रन आउट हुए। यह पारी युवा वनडे क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। पहला रिकॉर्ड 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ अंबाती रायुडू (177) के नाम है। भारत की पारी में एरॉन जॉर्ज (69), विहान मल्होत्रा (69), वेदांत त्रिवेदी (38), अभियज्ञान कुंडु (32) और कनिष्क चौहान (28) ने भी अहम योगदान दिया।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 : नितीश रेड्डी ने मध्य प्रदेश के खिलाफ ली हैट्रिक



**पुणे।** आंध्र के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मैच में मध्य प्रदेश के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक ली। नितीश ने एमपी की पारी के तीसरे ओवर की अंतिम तीन गेंदों पर हर्ष गवली, हरप्रीत भाटिया और रजत पाटीदार के विकेट चटकाए। उन्होंने सबसे पहले गवली को बोल्ड किया, फिर भाटिया को कैच आउट कराया और तीसरी गेंद पर पाटीदार का स्टंप उखाड़ कर उन्हें चलता किया। उनकी इस घातक गेंदबाजी से मध्य प्रदेश की टीम 113 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 14 रन पर 3 विकेट खो दिए। हालांकि इसके बाद ऋषभ चौहान (47) और राहुल बाथम (35) ने मध्यप्रदेश को 4 विकेट से जीत दिला दी। भले ही यह मैच आंध्र हार गया, लेकिन नितीश ने अपनी टीम को अंत तक मैच में बनाए रखा।

# ऑटो इंडस्ट्री में सिल्वर की मांग सालाना 3.4 फीसदी बढ़ने की है संभावना : रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑटो इंडस्ट्री में रिपोर्ट के मुताबिक सिल्वर की मांग 2025 से 2031 तक सालाना 3.4 फीसदी बढ़ेगी। इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) में सिल्वर का इस्तेमाल पेट्रोल-डीजल इंजन वाली गाड़ियों से 2-3 गुना अधिक होता है। ईवी में अधिक इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स लगे होने से सिल्वर की खपत बढ़ेगी। इसके अलावा ऑटोनॉमस ड्राइविंग के आने से सेंसर और ईसीयू की संख्या बढ़ेगी, जिससे डिमांड और बढ़ सकती है। हालांकि कुछ ईसीयू को डोमेन कंट्रोल यूनिट में मर्ज करने की कोशिश सिल्वर डिमांड को सीमित कर सकती है। सिल्वर की मांग केवल ऑटो तक सीमित नहीं है। इसकी उच्च इलेक्ट्रिकल कंडक्टिविटी के कारण सोलर पैनल, डेटा सेंटर और ईवी चार्जिंग स्टेशनों में इसका इस्तेमाल बढ़ रहा है। सोलर पैनल में यह एनर्जी कन्वर्जन बढ़ाता है, डेटा सेंटर में प्रोसेसिंग तेज करता है और ईवी चार्जिंग में फास्ट चार्जिंग में मदद करता है।




## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरार्फा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। आज की तेजी के कारण देश के सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,30,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,19,860 रुपये से लेकर 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज 2,01,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,30,910 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,19,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,30,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,19,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,30,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।


## खुल गया 10,602.65 करोड़ रुपये के साइज वाला आईपीओ




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल के सबसे बड़े आईपीओ में से एक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट आईपीओ आज खुल गया है। कंपनी के आईपीओ पर निवेशकों को 16 दिसंबर तक दांव लगाने का मौका रहेगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड सहित अन्य सभी डीटेल्स का ऐलान पहले ही कर दिया है। बता दें, ग्रे मार्केट में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट शानदार प्रदर्शन कर रहा है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी आईपीओ का प्राइस 2061 रुपये से 2165 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने 6 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से रिटेल निवेशकों को कम से कम 12990 रुपये का दांव लगाना होगा। एनआईआई को 16 लॉट और बीएनआईआई को 77 लॉट पर एक साथ दांव लगाना होगा। यह आईपीओ 12 दिसंबर से 17 दिसंबर तक खुला रहेगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी आईपीओ का जीएमपी अब भी 100 रुपये से अधिक है। आईपीओवॉच की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ 120 रुपये के प्रीमियम पर आज ट्रेड कर रहा है। जोकि 5.54 प्रतिशत के लिस्टिंग गेन को दर्शाता है। इससे पहले कंपनी के आईपीओ का जीएमपी 85 रुपये प्रति शेयर रहा था। बता दें, 6 दिसंबर को यह आईपीओ ग्रे मार्केट में 340 रुपये के प्रीमियम पर था। यह अबतक का सबसे अधिक जीएमपी रहा है। इस कंपनी के आईपीओ का साइज 10,602.65 करोड़ रुपये का है। यह आईपीओ के जरिए कंपनी 4.90 करोड़ शेयर जारी करेगी। यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फार सेल पर आधारित है। क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रहेगा। वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए कंपनी ने कम से कम 35 प्रतिशत हिस्सा और एनआईआई के लिए कम से कम 15 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित किया है।

## रुपये में तेज गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर की



दहाड़ के आगे रुपया थर-थर कांप रहा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 90.5175 तक कमजोर हुआ। इससे पहले विनिमय दर 11 दिसंबर को अपने पिछले ऑल टाइम लो लेवल 90.46 से फिसल गई थी। विशेषज्ञों के अनुसार, रुपये का कमजोर होना अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। इससे आने वाले दिनों में पेट्रोल, डीजल से लेकर कई वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। बता दें भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के मार्च, 2026 तक टलने की खबरों के बाद रुपये में आज भी तेज गिरावट आई और भारतीय रुपया शुक्रवार को रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के अगले साल मार्च तक संपन्न होने की संभावना जताए जाने से निवेशकों के बीच जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ी।

## अमेरिकी प्रतिबंध के दबाव से घटा रूसी तेल निर्यात

# मॉस्को का राजस्व घटकर 11 अरब डॉलर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी प्रतिबंधों से जुड़े जोखिमों के कारण नवंबर में रूसी तेल निर्यात में भारी गिरावट देखने को मिली। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने बताया कि प्रतिबंधों की चिंताओं की वजह से खरीदारों पर दबाव पड़ा। एजेंसी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि नवंबर में रूसी तेल निर्यात में 420 किलो बैरल प्रति दिन (केबी/डी) की गिरावट आई। कम शिपमेंट और कमजोर कीमतों के संयोजन ने मॉस्को के तेल राजस्व को घटाकर 11 अरब डॉलर कर दिया, जो एक साल पहले की तुलना में 3.6 अरब डॉलर कम है।

आईईए ने कहा कि रूस का कुल तेल निर्यात नवंबर में लगभग 400 किलो बैरल प्रति दिन घटकर 6.9 माइक्रोमीटर प्रति दिन हो गया, क्योंकि खरीदारों ने अधिक कड़े प्रतिबंधों से जुड़े प्रभावों और जोखिमों का आकलन किया। निर्यात में गिरावट के कारण यूराल कच्चे तेल की कीमतों में भी भारी गिरावट आई, जो 8.2 डॉलर/बैरल (बैरल का अर्थ लगभग 159 लीटर) गिरकर 43.52 डॉलर/बैरल हो गई। इससे निर्यात राजस्व फरवरी 2022 में यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। बता दें कि अमेरिका ने कई देशों को चेतावनी दी है कि अगर वे रूसी तेल खरीदना जारी रखते हैं तो उन्हें अतिरिक्त शुल्क और दंडात्मक व्यापार उपायों का सामना करना पड़ सकता है। रूस से तेल की निरंतर खरीद का हवाला देते हुए, अमेरिका ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। यह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पहले घोषित 25 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त है। आईईए के अनुसार, नवंबर में वैश्विक तेल आपूर्ति में 610 किलो बैरल प्रति दिन की



गिरावट आई, जिससे सितंबर के रिकॉर्ड 109 मिलियन बैरल प्रति दिन (एमबीसी) से संचयी गिरावट बढ़कर 1.5 मिलियन बैरल प्रति दिन हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिबंधों से प्रभावित रूस और वेनेजुएला में आपूर्ति में व्यवधान के कारण हुई कुल गिरावट में ओपेक + देशों का योगदान तीन-चौथाई से अधिक रहा। इस समूह ने पिछले दो महीनों में आपूर्ति में आई गिरावट में 80 प्रतिशत का योगदान दिया, जो कुवैत और कजाकिस्तान में हुई बड़ी अनियोजित रुकावटों के साथ-साथ रूस और वेनेजुएला में जारी संकुचन को दर्शाता है। इसके विपरीत, हाल के महीनों में ईरान का तेल उत्पादन लगभग 1.9 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रति दिन पर स्थिर बना हुआ है। ओपेक + से इतर उत्पादकों में, अमेरिका, ब्राजील और जैव ईंधन समग्र आपूर्ति में गिरावट के मुख्य कारण रहे।

# वर्किंग कैपिटल पर बड़ी राहत, आरबीआई ने कैश क्रेडिट खातों पर लगी पाबंदियां हटाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उद्योग और कारोबार जगत को राहत देते हुए कैश क्रेडिट सुविधाओं पर लगी पाबंदियां हटा दी हैं। बैंकिंग व्यवस्था में बड़े कर्जदारों के लेन-देन पर नियंत्रण बढ़ाने के लिए अक्टूबर में जारी मसौदा दिशानिर्देशों में कई प्रतिबंध प्रस्तावित किए गए थे। लेकिन स्टेकहोल्डर फीडबैक के बाद आरबीआई ने इन्हें वापस लेने का निर्णय किया है। इससे कामकाज के लिए आवश्यक वर्किंग कैपिटल की उपलब्धता पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

आरबीआई ने स्पष्ट किया कि कैश क्रेडिट खाते संचालन के लिहाज से करंट अकाउंट और ओवरड्राफ्ट अकाउंट से अलग होते हैं। मसौदा निर्देशों में 10 करोड़ रुपये से अधिक कर्ज वाले खाताधारकों के लिए लेन-देन करने वाले बैंकों की संख्या सीमित करने का प्रस्ताव था। लेकिन उद्योग संगठनों, बैंकों और अन्य हितधारकों ने कहा कि इससे वर्किंग कैपिटल की उपलब्धता पर असर पड़ेगा। इसी वजह से आरबीआई ने कैश क्रेडिट खातों पर प्रस्तावित पाबंदियां हटाने का निर्णय लिया।




लेन-देन करने वाले बैंक चुनने की अनुमति होगी। साथ ही, यह भी प्रस्तावित था कि किसी भी बैंक को करंट अकाउंट या ओवरड्राफ्ट सुविधा तभी दी जाए जब उसका उधारकर्ता पर कम से कम 10 प्रतिशत फंड-आधारित या कुल एक्सपोजर हो। मसौदा तैयार करने का उद्देश्य बड़े खातों के लेन-देन की निगरानी मजबूत करना था। आरबीआई ने बताया कि मसौदे पर प्राप्त फीडबैक में कई स्टेकहोल्डर्स ने चिंता जताई कि कैश क्रेडिट खातों पर प्रतिबंध से कारोबारियों को वर्किंग कैपिटल जुटाने में दिक्कत हो सकती है। उद्योग जगत का कहना था कि ट्रेडिंग, एमएसएमई और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कैश क्रेडिट अकाउंट वित्तीय प्रवाह बनाए रखने का मुख्य आधार हैं।

# भारत पर टैरिफ नहीं, अपनी तरक्की पर ताला लगा रहा है मेक्सिको, चुकानी पड़ेगी बड़ी कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के पड़ोसी देश मेक्सिको ने भी भारत समेत एशिया के कई देशों पर 50 फीसदी तक का टैरिफ लगा दिया है। अब यह सवाल कई लोगों के मन में है कि एक विकासशील देश, जो खुद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ (आयात शुल्क) का शिकार है, वही टैरिफ दूसरे विकासशील देश पर क्यों लगा रहा है? मेक्सिको की सीनेट ने उन देशों से आने वाले कई तरह के सामानों पर टैरिफ बढ़ाने की मंजूरी दे दी है, जिनके साथ मेक्सिको का कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (मुक्त व्यापार समझौता) नहीं है। इनमें भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे देश शामिल हैं। यह नया टैरिफ स्ट्रक्चर 1 जनवरी 2026 से लागू होगा। इसके तहत कुछ सामानों पर टैरिफ 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा, जबकि ज्यादातर सामानों पर यह बढ़ोतरी करीब 35




प्रतिशत तक सीमित रहेगी।

**क्यों लगाया टैरिफ :** मेक्सिको की सरकार का कहना है कि इस कदम के पीछे अपने उद्योगों को बचाना और आर्थिक नीति को मजबूत करना है। राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबौम की सरकार का तर्क है कि घरेलू मैन्युफैक्चरिंग और नौकरियों को बचाने के लिए यह टैरिफ जरूरी है। उनका मानना है कि खासकर ऑटो, टेक्सटाइल, स्टील, प्लास्टिक, फुटवियर और अन्य उपभोक्ता व मध्यवर्ती सामानों के क्षेत्र में विदेशी सामानों से बहुत ज्यादा प्रतिस्पर्धा है।

सरकारी अधिकारी यह भी कहते हैं कि इस टैरिफ से व्यापार में असंतुलन को ठीक किया जाएगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। इससे मेक्सिकन उत्पादकों को एशियाई देशों से आने वाले सामानों के मुकाबले एक बेहतर मौका मिलेगा। वहीं आर्थिक रूप से देखें तो मेक्सिको अपनी आमदनी भी बढ़ाना चाहता है।

## यूचुअल फंड और डीमैट खातों के लिए नामांकन प्रक्रिया की तिथि टली; 26 निवेशकों ने लगाए 4815 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने प्रतिभूति बाजार के लिए नामांकन ढांचे के तीसरे चरण के कार्यान्वयन को स्थगित कर दिया है। यह पहले 15 दिसंबर से प्रभावी होने वाला था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा, नई तिथि की घोषणा बाद में होगी। यह स्थगन डिपॉजिटरी और अन्य हितधारकों की ओर से सामना की जा रही परिचालन संबंधी चुनौतियों के जवाब में किया गया है। सेबी ने रीट और इनविट की परिभाषा में भी बदलाव किया है। एक योग्य संस्थागत खरीदार मानी जाने वाली संस्था रणनीतिक निवेशक के रूप में आवेदन कर सकती है। इसमें सरकारी वित्तीय संस्थानों, पेंशन एवं भविष्य निधि, वैकल्पिक निवेश निधि, राज्य औद्योगिक विकास निगम, पारिवारिक ट्रस्ट और 500 करोड़ से अधिक की कुल संपत्ति वाले पंजीकृत मध्यस्थों सहित अन्य संस्थानों का समूह शामिल है। दिग्गज निवेशकों का म्यूचुअल फंड पसंदीदा निवेश का साधन बन चुका है। इसका उदाहरण यह है कि 10,000 करोड़ रुपये के आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड का आईपीओ खुलने से पहले ही 4,815 करोड़ का निवेश किया गया है। शुक्रवार से खुलने वाले इश्यू में झुनझुनवाला परिवार, मधुसूदन केला सहित 26 निवेशकों ने दांव लगाया है।

## ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से मजबूती का रुख नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करके बंद हुए थे। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा, जिसके करण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,901 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नैस्डेक ने 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,591.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 48,823.71 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,703.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में तीन माह की गिरावट के बाद 21 फीसदी बढ़ा निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार तीन महीनों की गिरावट के बाद इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध निवेश नवंबर, 2025 में मासिक आधार पर 21 फीसदी बढ़कर 29,911 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह वृद्धि बताती है कि तमाम चुनौतियों के बावजूद निवेशकों का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई, 2025 में इक्विटी म्यूचुअल फंड में रिकॉर्ड 42,702 करोड़ रुपये के निवेश के बाद से इसमें लगातार गिरावट देखने को मिल रही थी।

अगस्त में निवेशकों ने इक्विटी म्यूचुअल फंड में 33,430 करोड़ रुपये का निवेश किया था। सितंबर में यह निवेश और घटकर 30,421 करोड़ एवं अक्तूबर में 24,690 करोड़ रुपये रह गया। आंकड़ों के मुताबिक, निवेश में वृद्धि से म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) नवंबर में मासिक आधार पर 1.16 फीसदी बढ़कर 80.80 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गईं। अक्तूबर में म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियां 79.87 लाख करोड़ रुपये रही थीं। एम्फी के मुताबिक, खुदरा निवेशकों की भागीदारी में गिरावट से सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये निवेश नवंबर में मामूली घटकर 29,445 करोड़ रुपये रह गया। अक्तूबर में निवेशकों ने एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में रिकॉर्ड 29,631 करोड़ रुपये का निवेश किया था।



## ले सी कै प में निवेश बढ़ा, डेट फंड में घटा

लाभांश प्रतिफल और इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) फंड के अलावा अधिकतर सब-कैटेगरी में सकारात्मक रुझान दिखा। फ्लेक्सी कैप फंड में सबसे अधिक 8,135 करोड़ का निवेश आया। हालांकि, यह अक्तूबर के 8,929 करोड़ से 9 फीसदी कम है। डेट म्यूचुअल फंड से 25,692 करोड़ रुपये की निकासी हुई, जबकि अक्तूबर में 1.6 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश हुआ था। गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में भी भारी गिरावट देखी गई। यह अक्तूबर के 7,743 करोड़ के शुद्ध निवेश से घटकर 3,742 करोड़ रह गया।

## एसआईपी के जरिए छोटी बचत से बड़े सपने पूरे करें

**नई दिल्ली।** आज के दौर में म्यूचुअल फंड में सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) ने निवेशकों के लिए रास्ता आसान बना दिया है। एसआईपी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि आप केवल 5,000 रुपए जैसी छोटी राशि से भी निवेश शुरू कर सकते हैं और लंबी अवधि में अच्छा-खासा फंड तैयार कर सकते हैं। जो लोग निवेश की शुरूआत करते हैं, उनका पहला लक्ष्य अक्सर लखपति बनना होता है। पारंपरिक निवेश के तरीकों की तुलना में एसआईपी में रिटर्न ज्यादा होने के कारण यह लक्ष्य जल्दी हासिल किया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर, अगर आप हर महीने 5,000 निवेश करते हैं और अनुमानित सालाना रिटर्न 12 फीसदी रहता है, तो 18 महीनों में आपका कुल फंड लगभग 1 लाख रुपए तक पहुंच सकता है। हालांकि म्यूचुअल फंड का वास्तविक रिटर्न बाजार की चाल पर निर्भर करता है। इक्विटी फंड में रिटर्न अधिक होता है, लेकिन जोखिम भी ज्यादा होता है। कम जोखिम वाले फंड में रिटर्न थोड़ी कम होती है, इसलिए लक्ष्य समय के हिसाब से मासिक निवेश बढ़ाना पड़ सकता है। एसआईपी का असली फायदा तब दिखता है जब निवेशक धैर्य रखते हैं और लंबी अवधि तक निवेश जारी रखते हैं। नियमित मासिक निवेश और सही फंड चयन से छोटी बचत भी बड़ा फंड बना सकती है।

## बहू आउर घर



– रामदेव बड़ाईक, रांची।

नाक में नथिया, काने बाली
पिंधत रहे।

डेगे- डेग बहू,
सबके परखत रहे,
केउ फुसु-टुरु करतैं होल,
ऊ सुनत रहे।

बिहान जल्दी, बहू उठत
रहे,
चाह-पानी ले, ऊ पुछत रहे,
सास- ससुर जेठ कर,
खेयाल राखत रहे।

सहन, समुझ आउर धीर तो
उकर में एतई रहे..,
कि बयां करेक लेहों, सब्द
कम परत रहे।

भगवान कर दुवा,
घर कर, तकदीर बेस रहे,
नावां बहू, नावां घर आय
रहे,
बहू बेस रहे से घर, मंदिर
तइर लागत रहे।

नावां-नावां बहू जब,
नावां घर आय रहे,
गोड़ छुवेक ले हों, ऊ
लजात रहे।

औपचारिकता बस ऊ,
मुड़े अंचरा लेवत रहे,
बड़-छोट सबके, ऊ
नमस्कार करत रहे।

साया - साड़ी, बहू पिंधत
रहे,
नामकर सिंदूर, ऊ टिकत
रहे,

# योगाभ्यास पांइत में तीन दिनक राइजस्तरीय टीओटी कर सुभारंभ

## बेहतर काम करेक वाला सउब सीएचओ के सम्मानित करल गेलक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** बिभिन्न अवस्था ले योगाभ्यास पांइत में तीन दिनक राइजस्तरीय टीओटी कर सुभारंभ सुकरवार के होलक। ई परसिछन 12 से लेइ के 14 दिसंबर, 2025 तक आयुष निदेशालय कर योग्य केन्द्र में चलाल जात हे। तीन दिनक आवसक योग परसिछ्न दू पाली में आयोजित करल जाए हे। इकर में हरेक जिला से एक-एक योग परसिछक आउर एक-एक समुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी भाग लेवत हयं।

आयुष निदेशालय कर योग परसिछकमन कर द्वारा देवल जात हे। स्वास्थ्य मोर ससक्त परिवार कार्जक्रम में बेहतर काम करेक वाला सउब सीएचओ के सम्मानित भी करल गेलक। सीपीएचसी कोषांग कर एसटीओ सह नोडल पदाधिकारी डॉ कमलेश, आईईसी सह एनसीडी कोषांग कर नोडल पदाधिकारी डॉ लाल माझी आउर उप निदेशक (यूनानी, आयुष निदेशालय) डॉ नुजहत सुलताना योग कर महत कर बारे में बतालयं।

पदाधिकारीमन स्वास्थ्य जीवन सइली आउर योग कर जानकारी सउब के देवेक ले प्रेरित करलयं, ताकि ऊमन स्वास्थ्य जीवन यापन कइर सकयं।






# जिला स्तरीय कौसल प्रतिजोगिता सह परदरसनी आयोजित

## छात्रमन बिभिन्न बेवसायिक ट्रेड में देखालयं कौसल



**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना  नगर भवन में व्यावसायिक सिछा आउर परसिछन अंतर्गत जिला स्तरीय कौसल प्रतिजोगिता सह कौसल परदरसनी कर आयोजन करलक। ई कार्जक्रम कर औपचारिक सुरुआत डीईओ कविता खलखो, डीएसई नूर आलम खां आउर गोतियामन करलयं। ई परदरसनी सह प्रतिजोगिता में जिला कर कछा 9 से 12 तक कर बिद्यार्थीमन  आपनझआपन बिद्यालय में संचालित बिभिन्न व्यावसायिक ट्रेड से संबंधित आकरसक मॉडल प्रस्तुत करलयं। इकर में आईटी आउर आईटीएस, ऑटोमोटिव, हेल्थ केयर, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, ब्यूटी एंड वेलनेस, एग्रीकल्चर, इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी, अपेयरल्स, रिटेल संगे अनेक ट्रेड सामिल रहे। मुध गोतिया झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची से आवल राज्य कार्जक्रम पदाधिकारी ममता एलिजाबेथ लकड़ा  कहलयं कि आवेक वाला भविस में रोजगार ले व्यावसायिक सिछा कर बगरा महत्व आहे। इस्कूली छात्र छात्रामन ले ई किसिम कर प्रतिजोगिता में भाग लेवेक आउर रोजगारपरक सिछा से जुड़ेक बगरा जरुरी आहे। नूर आलम खां सोवागत करलयं। एपीओ रोज मिंज बिसय परवेस कराते बेवसायिक सिछा कर महत्व बतालयं। परदरसनी कर पुरस्कार ले ज्यूरी मेंबर में छेतर सिछा पदाधिकारी प्रियाश्री भगत, गुमला पॉलिटेक्निक से दास इमानुएल, कालीशंकर आउर शुभम झा, स्वास्थ्य बिभाग से नील कुसुम लकड़ा, डायट से रंजना सिंह आउर सुंदरम भारद्वाज सामिल रहयं। कार्जकरम कर संचालन ओम प्रकाश दास आउर एपीओ शुभकामना प्रसाद करलयं। बीपीओ लालचंद्र शेखर, नीरज कुमार, अभिजीत, दिलदार सिंह, लेखापाल सुजीत झा, राजदीप गुप्ता, शशि कपूर, रीमा रानी गुप्ता, चांदनी कुमारी आउर संतोष कुमार भी पहुंचल रहयं।



# काशी तमिल संगमम् : काशी विश्वनाथ मंदिर में करल गेलक दरसन पूजन

## अन्नछेतर में ग्रहन करलयं श्री विश्वेश्वर कर प्रसाद



**समरिधि आउर खुसहाली ले आसिरर्वाद मांगलयं**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**लखनऊ।** काशी तमिल काशी तमिल संगमम् कर छठवां समूह कर सदस्यमन काशी विश्वनाथ धाम कर भब्य कॉरिडोर कर बिस्तृत भ्रमन करलयं। भ्रमन कर बेरा सउब धाम कर ऐतिहासिक स्वरूप, स्थापत्य कला, नवनिर्मित सुबिधा आउर निरंतर बढ़त सरधा-धारा कर बिसय में जानकारी प्राप्त करलयं। भ्रमन पूरा होवेक कर बाद सउब गोतियामन ले मंदिर द्वारा संचालित अन्नछेतर में दूपहर कर भोजन कर बेवस्था करल गेलक। तमिलनाडु कर पेसेवर आउर कारीगर से युक्त प्रतिनिधिमंडल कर पांचवां बैच हनुमान घाट पहुंचलक । ऊमन प्रार्थना करलयं। समरिधि खुसहाली ले आसिरर्वाद मांगलयं। प्रतिनिधिमंडल मां गंगा में स्नान करेक कर बाद घाट में इस्थित प्राचीन मंदिरमन में दरसन करेक कर संगे-संगे उनकर ऐतिहासिक आउर स्थापत्य महत कर बारे में जानकारी प्राप्त करलयं।

कृसि आउर संबद्ध छेतर से आवल प्रतिनिधिमंडल हनुमानगढ़ी इस्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर आउर पवित्र सरयू नदी कर तट कर दरसन करलयं। ई अनुभव प्रतिनिधिमंडल उपरे अमिट छाप छोड़लक। भगवान श्री राम कर प्रतिमा कर दरसन करते प्रतिनिधिमंडल अत्यंत भावुक होए गेलयं। ऊ ई छन के आध्यात्मिक रूप से सार्थक बतालयं। हनुमानगढ़ी में प्रतिनिधिमंडल भक्तिमय बाताबरन में भगवान श्री हनुमान कर मंदिर में पूजा-अर्चना करलयं। ई जात्रा उनके आंतरिक सक्ति कर अनुभव करालक। ऊमन बतालयं कि हनुमानजी कर उपस्थिति ऊमन में नवा सिरा से आत्मबिश्वास जगालयं। तमिलनाडु से काशी तमिल काशी तमिल संगमम् 4.0 में सामिल होवेक ले छठा दल काशी पहुंइच जाए हे। ई दल में महिला सामिल हयं। जखन ई  दल बिसेस ट्रेन से बनारस रेलवे टीसन में उतरलक, तो उनकर पारंपरिक तरीका से भब्य सोवागत करल गेलक।















# सीसीएल कर जन आरोग्य केंद्र लगालक निःसुल्क एनीमिया जांच सिबिर

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सीसीएल कर जन आरोग्य केंद्र  चुटिया कर कमलू तालाब परिसर में निःसुल्क एनीमिया स्वास्थ्य जांच सिबिर कर आयोजन सुकरवार के करलक। इ सिबिर में बिसेसज्ञ चिकित्सकमन कर टीम 181 झन कर स्वास्थ्य जांच करल गेलक। इकर में 35 लोग एनीमिया से ग्रसित पाल गेलय। सउब मरीजमन के बिसेसज्ञ डॉक्टरमन द्वारा आवसयक परामर्श आउर उपचार संबंधी जानकारी प्रदान करल गेलक। सिबिर में हीमोग्लोबिन, ब्लड सुगर आउर हाइपरटेंसन कर निःसुल्क जांच करल गेलक। संगे उपस्थित सउब लाभार्थिमन के निःसुल्क दवाइ भी उपलब्ध कराल गेलक। ई स्वास्थ्य सिबिर के सफल बनायेक में डॉ. प्रीति तिग्गा (सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज) संगे डॉ. अनिता होरो, डॉ. दीपाली, डॉ. आशिमा, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. मेघा, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, पारा मेडिकल टीम कर सउब सहयोगिमन कल योगदान रहे।





## हक आपन लेहु जतनाय रे



– डॉ.लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक, तपकरा।

झारखंडक आदिवासी
हामे हेकी मूलवासी
मिली रे जुली रे
हक आपन लेहु जतनाय
रे... ।।ध्रु०।।

पहिले फिरंगी लुटे
बेबस गंवार खटे
मिली रे जुली रे
आईज लुटंय भकुवा बनाय
रे
मिली रे जुली रे
हक आपन लेहु जतनाय
रे... ।।1।।

कला संस्कृति भाषा
बेकार लागथे दासा
मिली रे जुली रे
बन झारे आखरा बनाय रे
मिली रे जुली रे
हक आपन लेहु जतनाय
रे... ।।2।।

आब तो जुटान करब
नारायण कतई सहब
मिली रे जुली रे
आउ सभे एकता लगाय रे
मिली रे जुली रे
हक आपन लेहु जतनाय
रे... ।।3।।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए शयाम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोरी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड  रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक :** नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर :** शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड :** कुमार राजेश। **फोन नंबर :** 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी :** jharkhandwanitaudyog@gmail.com